रांची
गुरुवार
25.08.2022
भाद्रपद कृष्ण पक्ष 13
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-202 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
अगर हम हमारी ताकत का किसी की भलाई में इस्तेमाल नहीं कर सकते तो वो ताकत हमारे लिये एक दिन कठिनाई का पहाड़ भी ला सकती है।

# प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर ईडी का छापा
# दो एके-47 और 60 कारतूस बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सत्ता के गलियारे में चर्चित रहे प्रेम प्रकाश, राजनीतिक परिवारों के सीए रहे जे जयपुरियार समेत अन्य

- झारखंड, बिहार, तमिलनाडु, दिल्ली व एनसीआर में छापे
- सुबह छह बजे ईडी की टीम ने एक साथ दी दबिश

लोगों के ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, मनरेगा व अवैध खनन मामले में मनी लाउंड्रिंग की कार्रवाई की आगे की कड़ी में ईडी ने रांची में आधा दर्जन से अधिक ठिकानों, सासाराम में प्रेम प्रकाश के रिश्तेदारों के दो ठिकानों,



तमिलनाडु में मिड डे मील की सामग्रियों की सप्लाई से जुड़ी एक कंपनी व दिल्ली एनसीआर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान रांची के हरमू स्थित प्रेम प्रकाश के किराये के मकान शैलोदय से दो एके-47, मैगजीन समेत 60 गोलियां मिली हैं। रांची पुलिस ने दावा किया है कि प्रेम प्रकाश के यहां से मिले दोनों एके-47 रांची पुलिस के हैं। हालांकि, पुलिस ने इस दावे को खारिज किया है कि प्रेम प्रकाश को सरकारी बॉडीगार्ड उपलब्ध कराये गये हैं। वहीं, खबर लिखे जाने तक संबंधित ठिकानों पर ईडी की छापेमारी जारी थी।

**एक साथ कहां-कहां दबिश :** ईडी के अधिकारियों के मुताबिक, एजेंसी ने प्रेम प्रकाश के हरमू स्थित आवास, अरगोड़ा बसुंधरा अपार्टमेंट स्थित फ्लैट, अरगोड़ा स्थित एमके झा के दालान स्थित आवास, अशोकनगर में सीए जे जयपुरियार के सुमित्रा कुटीर स्थित आवास, लालपुर में सिन्हा अपार्टमेंट स्थित सीएम फर्म यस एंड कंपनी के कार्यालय, ओल्ड एजी कॉलोनी में होली एंजल स्कूल के कार्यालय, बिहार के सासाराम में प्रेम प्रकाश के मामा रतन श्रीवास्तव के बैंक कॉलोनी और गौरक्षणी इलाके में आवास में एक साथ छापेमारी की गयी। छापेमारी के क्रम में ईडी की टीम ने जब शैलोदय स्थित आवास में अलमारी का ताला तोड़ा तो रेक में दो एके 47 मिले। ईडी शेष पृष्ठ 11 पर

**जांच के लिए पहुंचे ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर व रांची पुलिस**

एके-47 की बरामदगी के बाद ईडी के ज्वाइंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं, रांची पुलिस के सार्जेंट मेजर अभिनव पाठक व अरगोड़ा थानेदार विनोद कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। जांच के बाद बाहर निकलने पर अरगोड़ा थानेदार ने कबूल किया कि हथियार रांची पुलिस के जवानों के हैं।

कैबिनेट ○ राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 38 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# झारखंड में 50 हजार सहायक शिक्षकों की होगी नियुक्ति

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को रांची स्थित झारखंड मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की हुई बैठक में 38 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक समाप्त होने के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि 50 हजार सहायक शिक्षकों के पद सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 20825 पद एवं मध्य विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 29175 पद की स्वीकृति दी गयी। एक अन्य प्रस्ताव में रांची विश्वविद्यालयके अन्तर्गत नवस्थापित डिग्री महाविद्यालयों में प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पदों के सृजन तथा महाविद्यालयों में संकाय की स्वीकृति दी गयी। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के अंतर्गत नवस्थापित




डिग्री महाविद्यालयों में प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पदों के सृजन तथा महाविद्यालयों में संकाय की स्वीकृति दी गयी।

**रांची एयरपोर्ट से चंदाघासी तक सड़क निर्माण के लिए 211.98 करोड़ :** रांची अन्तर्गत बिरसा मुंडा एयरपोर्ट (हुंडरू)-हेथु-चन्दाघासी-रिंग रोड (कोचबांग) पथ (कुल लंबाई-6.950 कि.मी.) के निर्माण कार्य (पुल निर्माण एवं भू-अर्जन सहित) के लिए 211.98 करोड़ रुपये का प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी। वहीं, पथ निर्माण के प्रस्ताव में गोमिया एवं डुमरी बिहार स्टेशन के बीच पेटरवार-गोमिया-नरकी-बिशुनगढ़ पथ के चौनेज 26.150 किमी. में स्थान पर पथ उपरी पुल (आरओबी) के निर्माण कार्य के लिए रु. 83.31 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति एवं रेलवे द्वारा पथ उपरी पुल (आरओबी) के निर्माण कार्य के लिए आवश्यक राशि की अग्रिम निकासी कर राशि (भू-अर्जन की राशि को छोड़कर) रेलवे को शेष पृष्ठ 11 पर

# हथियार बरामदगी : दबाव में पुलिस, कई तरह के संदेह

## मामले की एनआईए जांच की मांग को लेकर गरमायी राजनीति

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सत्ता के गलियारों में चर्चित नाम प्रेम प्रकाश के यहां से दो एके-47 व कारतूस बरामदगी के बाद राजनीति गरमा गयी है। रांची पुलिस के दो जवानों के हथियार बरामदगी के बाद यह अंदेशा जताया जा रहा है कि प्रेम प्रकाश को सीधे तौर पर बॉडीगार्ड तो नहीं मिले थे, लेकिन जवानों का कमान दूसरी जगह काटकर उन्हें प्रेम प्रकाश के साथ तैनात किया गया था। हालांकि, रांची पुलिस इस दावे को फिलहाल खारिज कर रही है। पूरे मामले में रांची पुलिस के अफसरों की भूमिका संदेहास्पद भी प्रतीत हो रही है। जानकारी के मुताबिक, प्रत्येक



मंगलवार बॉडीगार्ड या किसी बाहरी जगह पर तैनात पुलिसकर्मियों की समीक्षा पुलिस लाइन में होती है। पुलिस के सार्जेंट मेजर की यह जिम्मेदारी होती है कि वह पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की पूरी जानकारी रखें। हथियार बरामदगी के बाद पूरे मामले में एनआईए जांच की मांग विपक्ष के द्वारा की जा रही है।

### रांची पुलिस से बाबूलाल मरांडी ने पूछे तीन सवाल

**पूर्व** मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रांची पुलिस के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी किये जाने के बाद पुलिस से तीन सवाल पूछे हैं। उन्होंने सवाल उठाया है कि पुलिस यह बताये कि ये बॉडीगार्ड किसके नाम, कब और कहां के लिए निर्गत था? जिस स्थान पर पदस्थापित था वहां से पैदल आ रहा था या गाड़ी से? हथियार के साथ सिपाही मुख्य सड़क से घर शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री से झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ के शिष्टमंडल ने की मुलाकात

# समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता : हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में बुधवार को झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ के एक शिष्टमंडल ने मुलाकात की। संघ ने आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के मांगों के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा नियमावली बनाये जाने के आश्वासन को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। भेंटवार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ के प्रतिनिधिमंडल से



कहा कि हमारी सरकार सभी वर्ग, समुदाय तथा सरकारी कर्मियों को उनका हक-अधिकार देने का काम कर रही है। राज्य सरकार ने विगत दिनों पारा शिक्षकों की मांग, पुलिसकर्मियों के क्षतिपूर्ति अवकाश की मांग, ओल्ड पेंशन सहित कई मांगों पर संवेदनशीलता दिखाते हुए समस्याओं का समाधान करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के हरेक जनता के चेहरे पर मुस्कान हो, इसी सोच के साथ हमारी सरकार निरंतर आगे बढ़ रही शेष पृष्ठ 11 पर

मीडिया संस्थानों को चेतावनी

## गलत सूचना प्रसारित करने पर कानूनी कार्रवाई करेगी सरकार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में प्रवर्त्तन निदेशालय की ओर से रांची समेत विभिन्न ठिकानों पर की जा रही छापेमारी के बाद मीडिया संस्थानों को चेतावनी दी गयी है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य में चल रही ईडी की छापेमारी के संदर्भ में कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम आरोपी के साथ जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री कार्यालय इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज करता है।

यह भी कहा गया है कि कुछ मीडिया द्वारा प्रसारित किया जा रहा समाचार स्पष्ट रूप से इंगित करता है जिसमें जान-बूझकर मुख्यमंत्री झारखंड को किसी व्यक्ति से जोड़ने का प्रयास हो रहा है। यह किसी भी राज्य सरकार के मुख्यमंत्री के सार्वजनिक पद की गरिमा का पूर्ण उल्लंघन है। झारखंड सरकार ने भारत सरकार की एजेंसियों द्वारा की गयी सभी जांचों और कार्रवाईयों में अब तक हरसंभव सहयोग प्रदान किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय सार्वजनिक महत्व के रोजमर्रा के मामलों पर रिपोर्ट करने के लिए प्रेस की स्वतंत्रता का पूरी तरह से समर्थन करता है।

एशिया के सबसे बड़े अमृता अस्पताल का पीएम ने किया उद्घाटन, बोले -

# गरीबों को मिलेगा सुलभ इलाज

- धार्मिक और सामाजिक संस्थानों की भागीदारी लोगों की भलाई के लिए पीपीपी मॉडल : मोदी



**फरीदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के धार्मिक और सामाजिक संस्थानों की शिक्षा-चिकित्सा से जुड़ी जिम्मेदारियों के निर्वहन में साझेदारी को पुराने समय का (पीपीपी) यानी सार्वजनिक निजी साझेदारी मॉडल करार देते हुए कहा है कि यह लोगों के कल्याण के लिए सरकारों तथा इन संस्थानों का परस्पर प्रयास है। श्री मोदी ने बुधवार को मां अमृतानंदमयी संस्थान के छह हजार करोड़ रुपये की लागत से बने एशिया के सबसे बड़े अमृता अस्पताल का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अस्पताल लोगों की भलाई के लिए देश के धार्मिक और सामाजिक संस्थानों की शिक्षा-चिकित्सा से जुड़ी जिम्मेदारियों के निर्वहन में भागीदारी का उदाहरण है। यह पुराने समय के (पीपीपी) यानी सार्वजनिक निजी भागीदारी का मॉडल है जिसे वह परस्पर प्रयास की तरह देखते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र, राज्यों और विभिन्न संस्थानों की भागीदारी से देश में प्रभावशाली पीपीपी मॉडल तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस मंच से आवाहन करता हूं, अमृता हॉस्पिटल का ये प्रकल्प देश की दूसरी सभी संस्थाओं के लिए एक आदर्श बनेगा, आदर्श बनकर उभरेगा। हमारे कई दूसरे धार्मिक संस्थान इस तरह के इंस्टीट्यूट्स चला भी रहे हैं, कई संकल्पों पर काम कर रहे हैं। हमारे प्राइवेट सेक्टर पीपीपी मॉडल के साथ साथ आध्यात्मिक प्राइवेट पार्टनरशिप को भी आगे बढ़ा सकते हैं, ऐसी संस्थाओं को संसाधन उपलब्ध करवाकर उनकी मदद कर सकते हैं। पीएम ने कहा कि अम्मा प्रेम, करूणा, सेवा और त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। वह शेष पृष्ठ 11 पर

मुद्दा ○ राजनीतिक दलों के मुफ्त में उपहार देने का मामाला, सुप्रीम कोर्ट बोला -

# केंद्र सरकार सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाती?

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त में उपहार देने की परंपरा जैसे गंभीर मुद्दे पर बहस होनी चाहिए। न्यायालय ने पूछा कि केंद्र इस पर सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाता। कहा कि जब तक राजनीतिक दलों के बीच सर्वसम्मत निर्णय नहीं हो जाता कि मुफ्तखोरी अर्थव्यवस्था को नष्ट करती है, तब तक कुछ नहीं हो सकता, क्योंकि राजनीतिक दल ही इस तरह के वादे करते हैं और चुनाव लड़ते हैं, न कि व्यक्ति। भारत सरकार इस पर सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाती? अदालत ने कहा, इस पर एक बहस होनी चाहिए। मुद्दा गंभीर है, इसमें कोई संदेह नहीं है। सवाल यह है कि सभी राजनीतिक दल क्यों नहीं मिलते हैं और सरकार एक बैठक बुला सकती है। शेष पृष्ठ 11 पर

**सॉलिसिटर जनरल बोले- कई दलों की जीत की संभावना नहीं, फिर भी कर रहे वादे**



केंद्र सरकार के वकील सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ऐसे राजनीतिक दल हैं, जो राज्य या केंद्र में सत्ता में नहीं आ सकते हैं और ऐसे वादे कर रहे हैं। मुख्य बात यह है कि क्या मतदाता के पास ऐसा माहौल होगा जहां वह एक निर्णय ले सकेगा। यह किसी पार्टी के शासन करने या हारने का सवाल नहीं है। क्या आप चांद को चुनने का वादा कर सकते हैं? पीठ ने पूछा कि भारत सरकार इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुला सकती है, इस पर मेहता ने कहा कि राजनीतिक दल पहले से ही शीर्ष अदालत के समक्ष दावा कर रहे हैं कि यह उनका अधिकार है। सॉलिसिटर जनरल ने तर्क दिया, कुछ राजनीतिक दल सोचते हैं कि मुफ्त उपहार देना उनका मौलिक अधिकार है और केवल मुफ्त की पेशकश करके सत्ता में आये हैं। पीठ ने कहा कि सबसे बड़ी समस्या यह है कि समिति का नेतृत्व कौन करेगा। सीजेआई ने कहा, आखिरकार केवल राजनीतिक दल ही वादे करेंगे और चुनाव लड़ेंगे, कोई व्यक्ति नहीं। मान लीजिए, अगर मैं चुनाव लड़ता हूं, तो मुझे दस वोट भी नहीं मिलेंगे। ऐसा है हमारा लोकतंत्र।



## न्यूज गैलरी

### श्री कृष्ण भगवान जी का छट्ठी महोत्सव धुमधाम से मनाई गई

रांची। बुधवार को हरमू हाऊसिंग कॉलोनी साकेत बिहार डेला टोली स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्री कृष्ण भगवान जी का छट्ठी महोत्सव धूमधाम से मनाई गई। भजन कीर्तन साथ ही महाभंडारे का भी आयोजन हुआ। इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्रीमती अनपूर्णा देवी, महावीर मंडल के जय सिंह यादव, हटिया विधायक नवीन जायसवाल,छात्र क्लब ग्रुप के अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा आदि आदि अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक इंद्रजीत यादव थे जबकि अध्यक्षता बनारस यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन शिव कुमार सिंह ने किया। इस महोत्सव को सफल बनाने में मुख्यरूप से बनारस यादव, विजेंद्र यादव,मनबोध शर्मा, अशोक यादव,चंदन कुमार यादव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन ने 2022-23 के लिए ओलंपियाड परीक्षा की तारीखों की घोषणा की

रांची । स्कूली छात्रों के लिए ओलंपियाड परीक्षा के सबसे बड़े आयोजक साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन ( एसओएफ ) ने घोषणा की है कि ओलंपियाड परीक्षाएं इस साल 15 सितंबर 2022 से ऑफलाइन आयोजित की जाएंगी । छात्र अपने स्कूलों के माध्यम से एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं रांची के अनुमानित 51,000 छात्र हर साल एसओएफ ओलंपियाड में उपस्थित होते हैं। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन इस वर्ष 7 विषयों में ओलंपियाड परीक्षा आयोजित करेगा जिसमें एसओएफ इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड, एसओएफ इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड, एसओएफ नेशनल साइंस ओलंपियाड, एसओएफ इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड, एसओएफ नेशनल साइबर ओलंपियाड, एसओएफ इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड और एसओएफ इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड शामिल हैं । इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड, भारत सरकार से सबंधित इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रटेरिज ऑफ इंडिया के सहयोग कराया जायेगा। इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रटेरिज ऑफ इंडिया भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में कार्य करता है। नेशनल साइंस ओलिंपियाड के लिए एसओएफ ने ₹माईक्लासरूम₹ के साथ सहयोग किया है, यह छात्रों को जेईई, एनईईटी, सीयूईटी और कैट के लिए तैयार करता है ।साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के संस्थापक और निदेशक श्री महाबीर सिंह ने कहा की इस वर्ष की परीक्षाएं ऑफलाइन आयोजित की जाएगी, एसओएफ ओलंपियाड परीक्षा दुनिया में स्कूली छात्रों के लिए सबसे बड़ी ओलंपियाड परीक्षा है। 2021-22 के दौरान, 68 देशों के 68,000 से अधिक स्कूलों ने एसओएफ परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया और लाखों छात्र उनमें शामिल हुए। विजेता छात्रों को पदक और छात्रवृत्ति से सम्मानित किया जाता है।

**साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन ( एसओफ) के बारे में**

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन, दुनिया में ओलंपियाड परीक्षाओं का सबसे बड़ा आयोजक है, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर और स्कूल स्तर पर भी प्रतिभा और प्रदर्शन को पहचानना, प्रेरित करना और पुरस्कृत करना है। यह छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने और उन्हें अपने स्कूल स्तर से परे प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार करने का प्रयास करता है। प्रत्येक छात्र को स्कूल, शहर, राज्य और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रैंक प्रदान किया जाता है, ताकि छात्र प्रतिस्पर्धा के लिए उसकी तैयारियों और तत्परता के स्तर को जान सके।

### आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका के मानदेय में बढ़ोत्तरी

**रांची।** झारखंड सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए राज्य में कार्यरत आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं के चेहरों पर मुस्कान ला दी है. सरकार ने यहां कार्यरत सेविका और सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोतरी की है ।बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इसकी मंजूरी दी गई. इसकी जानकारी मंत्री जगरनाथ महतो ने ट्वीट कर के दी है. मंत्री जगरनाथ महतो ने अपने ट्वीट में कहा है कि हमारे झारखंड राज्य की बहनें जो सेविका और सहायिका के रूप में कार्यरत हैं. उनकी लंबित मांगों को ध्यान में रखते हुए आज उनके मानदेय में वृद्धि को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है. अब सेविकाओं को 9500 एवं सहायिकाओं को 4750 मानदेय के रूप में दिया जाएगा.

## तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के 'क्रियान्वयन निर्देशिका' का विमोचन

# लोगों में नशा मुक्ति की इच्छाशक्ति को जागरूक करना जरूरी : जगरनाथ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा है कि हमें लोगों में नशा छोड़ने की इच्छाशक्ति को लेकर जागरूक करना जरूरी है। कानून की सख्ती के साथ लोगों को जागरूक करने से अप्रत्याशित परिणाम निकल कर सामने आयेगे। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से झारखंड के लोगों को बचाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसी कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली हमारी सरकार ने राजस्व के नुकसान की परवाह किये बगैर लोगों के स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखा है और तम्बाकू को राज्य में प्रतिबंधित किया है। एमडीआई भवन सभागार, धुर्वा में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो एवं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने संयुक्त रूप से तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान हेतु क्रियान्वयन निर्देशिका का विमोचन किया। यह क्रियान्वयन निर्देशिका स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार एवं सोशियो




इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीडस) के द्वारा तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान (टीओएफईआई) की गतिविधियों का अनुपालन सुनिशिचत कराने हेतु बनायी गयी है।

बच्चों के साथ शिक्षकों को भी तम्बाकू के दुष्परिणामों से करना होगा अवगत : शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि बच्चों के साथ शिक्षकों को भी तम्बाकू के दुष्परिणामों से अवगत करना होगा। उन्होंने कहा कि नशा करने से इम्युनिटी पावर घटती है, फलस्वरुप हम जल्द ही बीमार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज से ही स्वस्थ झारखंड की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि वे किसी भी तरह का नशा नहीं करते हैं। जिसके कारण उनकी इम्युनिटी पावर मजबूत हैं और इसी वजह से वे आज मौत के मुंह से निकल कर जीवित खड़े हैं। इसलिये उन्होंने लोगों को नशा छोड़ने और अपनी इम्युनिटी बढ़ाने की सलाह दी।

### झारखंड के लोगों का स्वास्थ्य सर्वोपरि : स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से झारखंड के लोगों को बचाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। फूड सेफ्टी एक्ट के तहत सरकार ने 11 नामजद तम्बाकू पदार्थों को राज्य में प्रतिबंधित किया हैं। तम्बाकू उन्मूलन अभियान को सख्ती के साथ लागू किया है। डब्लूएचओ ने भी झारखंड में तम्बाकू उन्मूलन अभियान के कार्य को प्रोत्साहित किया है। हमें सम्मानित किया है और पुरस्कृत भी किया है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू उन्मूलन अभियान से पहले झारखंड में 50 प्रतिशत लोग तम्बाकू का सेवन करते थे, परंतु सभी के अथक प्रयास के बाद अब यह घट कर 38.9 प्रतिशत पर आ गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल के बच्चों को तम्बाकू सेवन से मुक्ति हेतु कई प्रयास किये जा रहे हैं, जिसमें स्कूल परिसर के 100 गज के दायरे में किसी तरह के तम्बाकू की खरीद बिक्री पर पूरी तरह रोक है।

## ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के बूटी मोड़ के समीप ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। हादसा बीते मंगलवार की देर रात उस समय हुआ, जब युवक अस्पताल जा रहा था। इस घटना में युवक का शरीर दो टुकड़ों में बट गया। आधा शरीर घटना स्थल से 50 मीटर दूर जा कर गिरा। मृतक का नाम सागर लोहरा है और मेसरा ओपी क्षेत्र के लोहरा टोली का रहने वाला था। रांची की एक निजी कंपनी में वह कार्य करता था। वह घर का इकलौता था। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर और खेलगांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस ने मौके पर से युवक को कुचलने वाली ट्रक को जब्त कर लिया है। हालांकि चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मामले में परिजनों के बयान पर खेलगांव थाना में ट्रक संख्या एनएल01क्यू-7689 और उसके चालक पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस चालक की तलाश में जुट गई है।

अस्पताल में भर्ती बहन को खाना देने जा रहा था सागर : परिजनों के अनुसार सागर की बड़ी बहन मनी देवी बड़गाईं स्थित सेवन डे अस्पताल में भर्ती है। प्रतिदिन सागर उसे खाना देने के लिए घर से अस्पताल जाता था और रात में अस्पताल में ही रूकता था। बीते मंगलवार की रात 11 बजे सागर बाइक (जेएच01सी2206) से मेसरा से बूटी मोड़ की ओर जा रहा था। बूटी मोड़ के समीप एचपी पेट्रोल पंप के पास सागर ने एक गाड़ी को ओवरटेक किया। वहीं बूटी मोड़ की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने सीधे बाइक में टक्कर मार दी। ट्रक का चक्का में सागर और उसकी बाइक फंस गया। ट्रक सागर और उसकी बाइक को 50 मीटर तक घसीटते रही। जिससे सागर का शरीर दो टुकड़ो में बंट गया। आधा शरीर घटना स्थल पर और आधा ट्रक से घीसटाने से 50 मीटर दूर गिरा।

## जब ईडी ने दी राहत, तब शुरू हुआ पीपी पर ताबड़तोड़ एक्शन

# 25 मई को पहली बार ईडी ने प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर दी थी दबिश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मनरेगा घोटाले में राज्य सरकार की निलंबित खान सचिव पूजा सिंघल व उनके सीए सुमन कुमार सिंह की गिरफ्तारी के बाद उनके ठिकानों से मिले 19.76 करोड़ के स्रोत की पड़ताल ने अवैध खनन के जरिए 100 करोड़ की उगाही का राज खोला था। ईडी ने इस मामले में नाम आने के बाद 25 मई को पहली दफे प्रेम प्रकाश उर्फ पीपी के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद तकरीबन दो हफ्तों तक ईडी ने पीपी से लगातार पूछताछ की थी। पूछताछ के बाद ईडी ने प्रेम को तब गिरफ्तार नहीं किया था, ऐसे में जब लगने लगा कि उसे जांच में राहत मिल गई है, ईडी ने ताबड़तोड़ एक्शन शुरू किया।

### हो सकती है गिरफ्तारी

ईडी सूत्रों की मानें तो मनी लाउंड्रिंग से जुड़े मामले में कभी भी प्रेम प्रकाश की गिरफ्तारी हो सकती है। तीन महीनों से अधिक चली जांच के दौरान कई अहम जानकारियां ईडी को मिली हैं। एजेंसी ने पहले भी खुलासा किया था कि बड़ी राजनीतिक हस्तियों, ब्यूरोक्रेट्स के पैसों की बरामदगी हुई थी। वहीं 100 करोड़ से अधिक के अवैध खनन में भी प्रभावशाली लोगों की भूमिका की जानकारी ईडी ने दी थी।

### मनी ट्रेल, इंवेस्टमेंट के पहलूओं पर जांच

ईडी अधिकारियों के मुताबिक, बीते कई सालों में अवैध खनन, सरकारी टेंडरों को मैनेज करने से हुई अवैध कमायी के इंवेस्टमेंट और मनी ट्रेल की जांच की जा रही है। प्रेम प्रकाश के कुछ ब्यूरोक्रेट्स के साथ भी नजदीकी रिश्ते रहे हैं। जिनके बल पर वह सरकारी ठेके लेता रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में कुछ ब्यूरोक्रेट्स पर भी ईडी का शिकंजा कस सकता है।

## कोयला लदी मालगाड़ी के एक वैगन में लगी आग, मुरी में बुझाई गई

**सिल्ली।** रेलवे ट्रैक पर दौड़ रही कोयला लदी मालगाड़ी के एक वैगन में अचानक आग लग गई। इसी सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी सक्रिय हो गए और मुरी स्टेशन पर मालगाड़ी को रुकवाया गया। विभाग के उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रेलवे कर्मचारी आग लगे वैगन के ऊपर पानी डालते रहे। इससे बड़ा नुकसान होने से बच गया है। रेलवे गार्ड अरुण कुमार ने बताया कि कोयला लदी ट्रेन बरकाकाना से जमशेदपुर मनीकुई जा रही थी। बरलंगा स्टेशन के समीप वैगन से धुआं उठता देखा गया था। स्टेशन मास्टर एमएस खान ने बताया कि अगर समय रहते आग को नहीं बुझा लिया जाता, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# पवित्रम गो सेवा परिवार का 25 अगस्त को स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रत्येक माह की भांति इस माह 25 अगस्त दिन बृहस्पतिवार शुभ मुहूर्त को पवित्रम गो सेवा परिवार द्वारा पवित्रम सेवा धाम कोयला नगर धनबाद, पवित्रम स्वदेशी प्रचार केंद्र लिलुआ हावड़ा एवं अन्य स्थानों पर बच्चों को स्वर्ण प्राशन औषधि प्रातः 8:00 से 9:00 तक पिलाई जाएगी। पवित्रम गो सेवा परिवार के झारखंड प्रांतीय संयोजक अजय भरतिया एवं प्रांतीय मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा है कि पुष्य नक्षत्र में सुवर्ण प्राशन एक अत्यंत शुभ प्रक्रिया है जो कि शिशु के शारीरिक विकास के लिए अति आवश्यक है क्योंकि सुवर्णप्राशन के द्वारा ही शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जाता है। पुष्य नक्षत्र वैदिक ज्योतिष में सर्वाधिक शुभ नक्षत्र है और यही वजह है कि इस नक्षत्र को नक्षत्रों का




राजा भी कहा जाता है। पुष्य नक्षत्र के स्वामी शनि देव होते हैं लेकिन देव गुरु बृहस्पति को इसका अधिष्ठाता देवता माना जाता है। जब चंद्रमा अपनी दैनिक गति से अपनी कर्क राशि में प्रवेश करते हैं तो कर्क राशि में 3 अंश 40 कला से 16 अंश 40 कला तक पुष्य नक्षत्र का विस्तार होता है। इस नक्षत्र को पोषण करने वाला माना जाता है और इस नक्षत्र में औषधि ग्रहण करना ईश्वर के वरदान सदृश्य है। सुवर्णप्राशन हिंदू धर्म का एक प्रमुख संस्कार है जो कि आज के समय में और भी अधिक महत्वपूर्ण है। पुष्य नक्षत्र कैलेंडर के द्वारा सुवर्णप्राशन की सही तिथि को जाना जा सकता है। सुवर्णप्राशन में शिशुओं को शुद्ध स्वर्ण भस्म से युक्त मधु एवम विभिन्न मेधा वर्धक ओज वर्धक आयुष्य प्रदायक औषधियों से वैदिक रीति से निर्मित स्वर्ण प्राशन नामक औषद्धि भारत मे चटाई जाती थी लेकिन पिछले 300 सालों में यह ज्ञान लुप्त हो गया था । जिसे पुनः कुछ महान वैद्यो ने जीवंत किया है।

# डिग्री छपाई वाली मशीन ना बने विश्वविद्यालय, परीक्षा से पूर्व पूर्ण शिक्षा देना आवश्यक : अभिषेक शुक्ला

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के सदस्यों ने पीजी सेमेस्टर 2 के परीक्षा की तिथि को बढ़ाने को लेकर पीजी विभाग के छात्र-छात्राओं के साथ रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव किया। घेराव करने वाले छात्र-छात्राओं ने इस दौरान नारेबाजी भी की और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। मौके पर आजसू रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा की रांची विश्वविद्यालय पीजी कई विभाग के बहुत सारे विषयों के पाठ्यक्रम अबतक पूरी तरह से कंप्लीट नहीं हुए हैं एवं कुछ विभागों में मिड सेम 2 की परीक्षा भी अबतक आयोजित नहीं हुई है। ऐसे में विश्वविद्यालय द्वारा अभी सेमेस्टर 2 परीक्षा कराना कदापि उचित नहीं है, अभी विश्वविद्यालय के सभी विभागों के छात्र-छात्राओं के बीच परीक्षा को लेकर



असमंजस की स्थिति बनी हुई है और वह अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन और पीजी डिपार्टमेंट के शिक्षकों के तालमेल का अभाव दिख रहा है तभी विश्वविद्यालय प्रशासन ने बिना पाठ्यक्रम पूर्ण हुए छात्र छात्राओं को परीक्षा में झोंकने का तुगलकी फरमान जारी किया है। श्री अभिषेक शुक्ला ने विश्वविद्यालय प्रशासन की मंशा पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि डिग्री छपाई वाली मशीन ना बने विश्वविद्यालय, परीक्षा से पूर्व पूर्ण शिक्षा देना आवश्यक है तभी छात्र छात्राओं का संपूर्ण शैक्षणिक विकास संभव है। आजसू के राहुल तिवारी ने कहा कि पाठ्यक्रम पूर्ण किए बिना परीक्षा लेना छात्र छात्राओं को अशिक्षा के अंधकार में धकेलने जैसा काम है ।विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग का रवाया हमेशा से विद्यार्थियों को लेकर नकारात्मक एवम विवादित रहा है जल्द ही विभाग को सुधारा नहीं गया था तो आजसू छात्रहित आंदोलन करने को बाध्य होगी। छात्र हित में परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ाया जाए ताकि बचे हुए सिलेबस को कंप्लीट किया जा सके और छात्र छात्राओं को सिलेबस रिवीजन करने का उचित समय मिले जिससे वह पीजी सेमेस्टर 2 की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। वही कुलपति ने कहा की जल्द ही इसपर विचार कर करके तिथि को आगे बढ़ा दिया जाएगा।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एकलव्य विद्यालय समिति की बैठक आयोजित

# एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के पर्यवेक्षण के लिए सभी उत्तरदायित्वों के निर्वहन का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय एकलव्य विद्यालय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के सदस्य सचिव, सदस्य एवं नामित सदस्य उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्तरीय एकलव्य विद्यालय समिति श्री राहुल कुमार सिन्हा ने जिला अंतर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के पर्यवेक्षण हेतु सभी उत्तरदायित्वों के निर्वहन के निदेश दिये। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं सरकार के सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के अधिसूचना के आलोक में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के पर्यवेक्षण हेतु राँची जिला अन्तर्गत जिला स्तरीय एकलव्य विद्यालय समिति का गठन किया गया है, जो निम्न रूपेण हैः उपायुक्त, रांची-अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, रांची-सदस्य, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, रांची-सदस्य, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रांची-सदस्य, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची-सदस्य, सिविल सर्जन, रांची- सदस्य, यमुना गिरि, सेवानिवृत झारखण्ड शिक्षा सेवा-नामित सदस्य, विभाकर मिश्र शामिल हैं। **सेवानिवृत प्रधानाध्यापक-नामित सदस्य,** विद्यालयों के शैक्षणिक प्रदर्शन बुनियादि ढांचे के विकास-सह-शैक्षणिक गतिविधियों, मेस आदि जैसे सभी पहलुओं तथा सुविधाओं का पर्यवेक्षण करना, बेहतर क्रियान्वयन एवं विकास के लिए स्थानीय सहायता और सहयोग सुनिश्चित करने में विद्यालयों की सहायता करना, छात्र/छात्राओं को उनकी संस्कृति तथा उनके व्यक्तित्व विकास एवं पेशेवर विकास के विभिन्न तरीकों के बारे में जानने के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में सहायता करना, विद्यालयों की गतिविधियों को सुदृढ़ करने के लिए आमजनों से अतिरिक्त वित्तीय सहायता तथा समर्थन जुटाना, अनुभवों एवं सुविधाओं को साझा करने हेतु विशेष रूप से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हेतु विद्यालयों को केन्द्र बिन्दु बनाने के लिए गतिविधियों का आयोजन करवाना, विद्यालयों से विभिन्न संरचनात्मक एवं ढाँचागत विकास की गतिविधियों की प्रगति की निगरानी करना, विद्यालयों के कामकाज के शैक्षणिक अथवा अन्य पहलुओं में आवश्यक सुधार या बदलाव हेतु झारखण्ड आश्रम एण्ड एकलव्य विद्यालय एडूकेशन सोसायटी को सुझाव देना, झारखण्ड आश्रम एण्ड एकलव्य विद्यालय एडूकेशन सोसायटी द्वारा समय पर सौंपी जाने वाली अन्य जिम्मेवारियों का निर्वहन करने को दी गयी।

> बैठक में समिति के सदस्य सचिव, सदस्य एवं नामित सदस्य उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला स्तरीय एकलव्य विद्यालय समिति श्री राहुल कुमार सिन्हा ने जिला अंतर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के पर्यवेक्षण हेतु सभी उत्तरदायित्वों के निर्वहन के निदेश दिये।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता
कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,राँची
(जिला निर्वाचन शाखा)

अपील

एतद् द्वारा राँची जिला के मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में मतदाता सूची में आधार संख्या जोड़ने हेतु Linking and authentication का कार्य दिनांक 01.08.2022 से प्रारंभ चुका है। राँची जिला के सभी मतदाताओं से अपील है कि वे अपने संबंधित मतदान केन्द्र के बी0एल0ओ0 से संपर्क स्थापित कर प्रपत्र – 6B के तहत अपना आधार कार्ड संख्या को मतदाता सूची में Linking and authentication के लिये आधार कार्ड उपलब्ध करायेंगे अथवा स्वंय **Google Play Store** में जाकर NVSP.in या VHA (Voter Helpline App) download कर प्रपत्र – 6B में अपना आधार Linking का कार्य कर सकते है। उक्त से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी जिला निर्वाचन शाखा, राँची की टॉल फ्री नंबर – 1950 से प्राप्त की जा सकती है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–
उपायुक्त, राँची

PR 276308 Ranchi(22-23).D

कार्यालयः मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची

मत्स्य कृषकों हेतु आम सूचना 2022–23

"पहले आओ पहले पाओ"

वित्तीय वर्ष 2022–23 में विभागीय राज्यादेश सं0 16 रा0 (वि0) दिनांक 01.08.2022 के द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना अंतर्गत प्रायोगिक तौर पर निजी क्षेत्र के तालाबों में देशी मांगूर पालन एवं प्रत्यक्षण हेतु मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची को निम्न प्रकार से भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त है जिसके लिए दिनांक **10.09.2022** तक आवेदन आंमत्रित किये जाते हैं :–

| स्वीकृत कार्य | भौतिक लक्ष्य (एकड़ में) लघु शीर्ष 101 | भौतिक लक्ष्य (एकड़ में) लघु शीर्ष 796 | इकाई लागत (रू0 में) प्रति एकड़ | अनुदान की राशि प्रति इकाई (रू0 में) | लाभुक का अंशदान प्रति इकाई (रू0 में) | अनुदान एवं लाभुक के अंशदान का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| निजी क्षेत्र के तालाबों में देशी मांगूर पालन कार्य (25 से 50 डिसमिल के सदाबहार तालाब इसके लिए सर्वथा उपयुक्त है) | 8.00 | 8.00 | 1,60,000 | अनु0ज0जा0 / अ0 जा0 एवं महिला लाभुको को अधिकतम 1,28,000 / – रू0 प्रति एकड़ | अनु0ज0जा0 / अनु0जा0 एवं महिला लाभुकों का अंशदान 32000 / – रू0 प्रति एकड़ | स्वीकृत कार्य में अनु0ज0जा0 / अनु0जा0 / महिला लाभुक को प्रति इकाई 80 प्रतिशत अनुदान एवं लाभुक का 20 प्रतिशत अंशदान निहित होगा तथा सामान्य वर्ग के लाभुक को प्रति एकड़ 70 प्रतिशत अनुदान एवं लाभुक का 30 प्रतिशत अंशदान निहित होगा। |

**नोट** :– उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक लाभुक अपना आवेदन संबंधित जिले के जिला मत्स्य कार्यालय में निर्धारित अंतिम तिथि तक 16.09.2022 तक प्रत्येक कार्य दिवस में निम्न कागजातो के साथ संलग्न कर जमा करेंगे।

* स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा प्रमाणित निजी तालाब धारक होने का प्रमाण प्त्र
* लाभुक के साथ तालाब का फोटोग्राफ
* अनु0जा0 / अनु0ज0जा0 के आवेदक का जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति
* मत्स्य पालन प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र यदि हो तो
* आधार कार्ड की छायाप्रति
* बैंक पासबुक की छायाप्रति जिसमें लाभुक का नाम, खाता संख्या एवं IFSC Code स्पष्ट रूप से अंकित हो
* देशी मांगूर पालन के लिए आवेदन में उनके घर से तालाब की दूरी का जिक्र होना आवश्यक है। जिनका तालाब घर के नजदीक होगा उन्हें चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।
* लाभुक का चयन राज्यादेश के आलोक में संबंधित जिला के जिला स्तरीय सुरक्षित जमा निर्धारण समिति के द्वारा किया जाएगा।

ह0 / –
सहायक मत्स्य निदेशक,
अनुसंधान, राँची।

PR 276334 (Fish) 22-23 (D)

## न्यूज गैलरी

### देश को आर्थिक मंदी में लाकर गरीबों का निवाला छीना : सतीश पॉल मुंजीनी



रांची। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस द्वारा देश में बढ़ती महंगाई के विरोध में महंगाई चौपाल एवं नुक्कड़ नाटक कर आम नागरिकों को बढ़ती महंगाई को लेकर जागरूकता अभियान पुरे प्रदेश में कर रही है इस मौके पर खिजरी विधानसभा के टाटी सिलवे एवं अनगड़ा ब्लॉक में चौपाल लगाया गया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजीनी ने केंद्र सरकार के नीतियों एवं महंगाई पर आम नागरिक को छलने की बात कही साथ ही खुदरा खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाकर आम लोगों का निवाला छीनकर एवं युवाओं के रोजगार के नाम पर ठगने की काम कर रही है के वारे में जागरूक किया। केंद्र सरकार को पूंजीपतियों का सहयोगी बताया।

### जमीन मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप गठन अब 20 सितंबर को

रांची। नक्शा विचलन से जुड़े 11 साल पुराने मामले में आरोपियों के खिलाफ अब 20 सितंबर को आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई होगी। बुधवार को मामले में आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित थी। लेकिन अदालत से समय की मांग की गई। सीबीआई कोर्ट ने इसे स्वीकार करते हुए 20 सितंबर की तारीख निर्धारित की। बता दें कि मामले में रानी चिल्ड्रेन अस्पताल के संचालक डॉ. राजेश कुमार, जगन्नाथ लाइफ केयर अस्पताल के निदेशक डॉ.सुधीर कुमार के साथ सुरेंद्र नाथ मंडिलवार, राम कुमार सिंह, उमेश प्रसाद सिंह, अनुपम तिर्की, बिनोद कुमार सिंह के खिलाफ सीबीआई ने 25 मार्च 2011 को केस दर्ज किया था। मामले में पिछले सप्ताह पांच आरोपियों की आरोप मुक्त याचिका खारिज कर दी गई थी।

### लाइट हाउस के आधे लाभुकों ने जमा नहीं की पहली किस्त

रांची। धुर्वा के आनी में बन रहे पीएम लाइट हाउस योजना के आधे लाभुकों ने अब तक पहली किश्त की अग्रिम राशि जमा नहीं की है। ऐसे में अब उनके पास सिर्फ चार दिन का समय शेष है। इस बीच अगर उन्होंने 20 हजार रुपये जमा नहीं किए तो उनके आवास का आवंटन रद्द कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि इसे लेकर निगम ने आम सूचना भी जारी थी। इसके बावजूद लाभुकों की संख्या में कोई खास इजाफा नहीं हुआ है। बता दें कि धुर्वा में लाइट हाउस योजना के तहत 1008 आवासों का आवंटन किया गया है। इन लाभुकों को 28 अगस्त तक पहली किश्त की अग्रिम राशि जमा करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन अब तक निगम के खाते में आधे लाभुकों ने ही राशि जमा की है। निगम के मुताबिक एक हजार आठ में से लगभग छह सौ लाभुकों ने बुधवार देर शाम तक पैसे जमा किए थे।

### आधार के जरिए सरकार अत्यधिक योजनाओं को करेगी शामिल : विकास आयुक्त

रांची। आधार के उपयोग को सरल बनाने को लेकर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के रांची क्षेत्रीय कार्यालय में एकदिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला हुई। आयोजन राज्यों द्वारा आधार के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास के रूप में किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आधार के तहत और अधिक योजनाओं को शामिल किया जाएगा। राज्य सरकार इस पर काम कर रही है। योजना एवं विकास विभाग के सचिव राहुल कुमार शर्मा ने बताया कि वर्तमान में आधार ने सरकारी अधिकारियों को विभिन्न सब्सिडी, लाभ और सेवाओं के वितरण के लिए सीधे लाभुकों तक पहुंचने में मदद की है। खाद्य प्रसंस्करण विभाग की सचिव हिमानी पांडेय ने बताया कि आधार ने जीवन को आसान बनाया है और इससे सरकारी योजनाओं की निगरानी भी संभव हो रही है। संबोधन में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव कृपानंद झा ने कहा कि आधार की मदद से हम डुप्लीकेट को खत्म करने में सक्षम हैं।

## उपायुक्त ने टेक्निकल व सिविल वर्क से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में योजनाओं की ली जानकारी

# सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर ससमय कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला में टेक्निकल एवं सिविल वर्क से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उपविकास आयुक्त विशाल सागर, निदेशक एनईपी, जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एनईआरपी -1 एवं 2, जिला अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा सिंचाई, सड़क, बिजली, पेयजल



एवं स्वच्छता, भवन प्रमंडल, जिला परिषद, स्पेशल डिविजन आदि विभागों द्वारा जिला में चल रही योजनाओं की कार्य प्रगति की विस्तृत रुप से समीक्षा की गयी एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सड़क निर्माण विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में 15 से अधिक सड़कों पर नया निर्माण प्रारंभ किया जा रहा है। तीन प्रमुख सड़कें सिरम टोली से मेकॉन गोलचक्कर तक एलिवेटेड रोड, अरगोड़ा से कटहल मोड़ तक रोड के चौड़ीकरण आदि महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए की जानेवाली आवश्यक प्रक्रिया जैसे भूमि अधिग्रहण, विभिन्न विभागों से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट प्राप्त करना, फॉरेस्ट क्लीयरेंस की जानकारी उपायुक्त द्वारा ली गयी। परियोजनाओं के ससमय पूर्ण किये जाने को लेकर उपायुक्त द्वारा सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य पूरा करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा जिन स्कीम में स्वीकृति मिल चुकी है वहां जल्द से जल्द सभी विभागों को टेंडर निकालने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जहां टेंडर हो गया है वहां टेंडर फाइनल करायें और अगर फाइनल हो गया है तो जल्द से जल्द एग्रीमेंट कराकर कार्य प्रारंभ करायें उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिन स्कीम में कार्य पूरा हो गया है उन्हें यथाशीघ्र एमआईएस में क्लोज करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि फाइनल पेमेंट पेंडिंग या फर्निशिंग वर्क पेंडिंग जो भी कारण हो उनका निष्पादन जल्द से जल्द करते हुए स्कीम को क्लोज करें।

### धुर्वा में डीएसओ ने किया पीडीएस दुकानों का निरीक्षण, 13 में मात्र दो ही दुकानें खुली मिलीं

रांची। रांची डीएसओ अलबर्ट बिलूंग ने बुधवार को धुर्वा स्थित 13 पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मात्र दो पीडीएस दुकानें ही खुली पायी गयीं। शेष 11 दुकानें बंद मिलीं। जिसे गंभीरता से लेते हुए डीएसओ श्री बिलूंग ने कहा कि पीडीएस दुकान के मालिकों को नोटिस जारी किया जायेगा। साथ ही प्राथमिकी भी दर्ज करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि पीडीएस दुकानों का निरीक्षण लगातार जारी रहेगा। प्रतिदिन 10 पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किया जायेगा। डीएसओ खुद भी पीडीएस दुकाओं का निरीक्षण करेंगे। श्री बिलूंग ने बताया कि कार्यालय को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि पीडीएस दुकानें नियत समय पर नहीं खुल रही हैं। जिससे लाभुकों को समय पर अनाज नहीं मिल पा रहा है।

## अभिभावक-शिक्षक प्रबन्धन गोष्ठी का भव्य आयोजन

# झारखंड सरकार के निदेशालोक में राज्य के विद्यालयों में 24 और 25 अगस्त को पीटीएम का होगा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी के आदर्श राजकीयकृत मध्य विद्यालय, पंडरा में भव्य तरीके से स्कूली बाल संसदीय मंत्रिमंडल द्वारा पुष्पवर्षा के साथ सभ्य सुसंस्कृत तरीके से चरणवन्दन के साथ गोष्ठी में भाग लेने के लिए विद्यालय में उपस्थित 577 अभिभावकों का भव्य स्वागत किया गया तथा विद्यालय के शिक्षकों के आठ सदस्यीय दो दलों द्वारा एजेंडावार विस्तृत परिचर्चा करते हुए बच्चों, विद्यालय एवं समाज के सर्वांगीण विकास में सामूहिक प्रयास करने का निर्णय लिया गया। लगभग 1500 बच्चों के अभिभावकों की पीटीएम में प्रतिभागिता इस आयोजन की सफलता को प्रतिपादित करता है। विद्यालय के बाल संसद एवं ईको क्लब सभागार में कुल 10 शिफ्ट में गोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्राचार्य अशोक प्रसाद सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और अर्पणा सिंह अध्यक्षा सहित सभी



प्रबन्धन समिति सदस्यों ने उत्क्रमित मॉडल स्कूल के रूप में विद्यालय की पहचान बनाने में अभिभावकों की भूमिका की सराहना करते हुए उन्हें शतप्रतिशत नामांकन, बच्चों की अधिकाधिक नियमित उपस्थिति, परीक्षाओं में प्रतिभागिता, धूम्रपान निषेध क्षेत्र और नशामुक्ति अभियान के साथ साथ कोरोना वैक्सिनेशन सहित सामाजिक और शैक्षिक सरोकारों से सम्बंधित दर्जनों विषय वस्तुओं पर सहगामी होकर स्वैच्छिक अपेक्षित सहयोग के लिये आगे आने का आवाहन किया और अंत में उपस्थिति, स्वच्छता और नशामुक्ति के लिये सामूहिक शपथ तथा संकल्प के साथ गोष्ठी समाप्त की जाती रही।

### शशिकर सामंता को मिला झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष का प्रभार

रांची। राज्य सरकार ने अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक शशिकर सामंता को झारखंड प्रदूषण पर्षद के अध्यक्ष का प्रभार दे दिया है। इस संबंध में विभाग के अवर सचिव सुनील कुमार ने अधिसूचना जारी कर दी है। बता दें कि इससे पहले प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के चेयरमैन एके रस्तोगी थे। जो 30 जून को रिटायर हो गये थे। एक जुलाई से यह पद खाली था। वहीं, पीसीसीएफ का पद भी अब तक रिक्त है। बताया जाता है कि पीसीसीएफ के चयन के लिये गठित पैनल ने पीसीसीएफ का नाम तय कर भेज दिया है। फिलहाल संचिका सीएम के पास है। सूची में दो नाम शामिल हैं पहला नाम फॉरेस्ट सर्विस के सबसे वरीय पदाधिकारी सर्वेश सिंघल का है वहीं दूसरा नाम हाल में ही प्रमोशन पाने वाले संजय श्रीवास्तव का है।

# झारखंड सरकार अपने स्तर से जातीय जनगणना कराने की सीधी पहल करे: सुदेश महतो

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जातीय जनगणना के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग सरकार से की है। कहा है कि झारखंड में जातीय जनगणना वक्त और सभी तबके के समेकित विकास तथा हिस्सेदारी के लिए मौजूदा जरूरत है। जातीय जनगणना कराने में सरकार अगर दिलचस्पी दिखाए, तो पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों को उनका हक एवं अधिकार सुनिश्चित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन की सरकार पिछड़े, दलितों, आदिवासियों के हितों को लेकर अक्सर प्रतिबद्धता जाहिर करती रही है और चुनाव से पहले सत्तारूढ़ दलों ने नौकरी,



रोजगार एवं आरक्षण को लेकर कई वादे भी किए हैं। जातीय आंकड़े आरक्षण की सीमाएं तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। साथ ही इससे प्रत्येक व्यक्ति का सामाजिक, आर्थिक स्थिति का आंकलन भी हो पाता है तथा वास्तविक जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ भी मिल पाता है। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जातीय जनगणना कराने की मांग आजसू पार्टी करते आई है। इसे लेकर विधानसभा में भी पार्टी को ओर से प्रश्न किए गए तथा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भी जातीय जनगणना कराने का आग्रह किया गया था। बिहार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने सर्वदलीय बैठक कर सभी जाति और धर्म के लोगों की गिनती कराने की सहमति बनाई है। इसपर होने वाला खर्च भी वहां की राज्य सरकार करेगी। झारखंड में जातीय जनगणना यहां की जरूरत है और इसे नकारा नहीं जा सकता। यह उचित वक्त है कि राज्य सरकार अपने स्तर से जातीय जनगणना कराने की सीधी पहल करे। झारखंड में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बढ़ाने की बहुप्रतीक्षित मांग पर ईमानदार एवं निर्णायक पहल हो।

# झारखंड के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं सिर्फ उन्हें निखारने की जरूरत है : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

रांची। चंदनकियारी के युवा खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया है कि यदि सुविधा और सही मार्गदर्शन मिले तो ये खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य और देश का नाम ऊंचा कर सकते हैं। चंदनकियारी के तीरंदाज गोल्डी मिश्रा और अनु सिंह का गुजरात में होने वाले नेशनल गेम में चयन यह साबित करता है कि अब चंदनकियारी का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जाना जाएगा। उक्त बातें चंदनकियारी विधायक सह पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहीं। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चंदनकियारी के लिए यह गर्व का विषय है कि पहली बार तीरंदाजी के क्षेत्र में गोल्डी मिश्रा और अनु सिंह ने महिला और पुरुष दोनों ही वर्ग के लिए नेशनल गेम्स में चयन हुआ है। जिसमें गोल्डी मिश्रा ने पहला स्थान प्राप्त कर क्वालीफाई किया वहीं अनु



सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर गुजरात में होने वाले नेशनल गेम्स में क्वालीफाई किया है। उन्होंने बताया कि चंदनकियारी की धरती से बेहतरीन खिलाड़ी निकले इसके लिए पिछली सरकार ने पहले तीरंदाजी डे बोर्डिंग को शुरू किया और उसके बाद फुटबॉल और एथलेटिक के साथ तीरंदाजी डे बोर्डिंग को बोर्डिंग में बदल कर प्रशिक्षण शुरू करवाया। वहीं खिलाड़ियों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए चंदनकियारी में ही एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का झारखंड का पहला ब्लू सिंथेटिक वाला स्टेडियम का निर्माण करवाया, जो कुछ दिनों में बन कर पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार के खेल मंत्री, खेल सचिव और खेल निदेशक से आग्रह किया कि खिलाड़ियों को वर्तमान में हो रही परेशानियों को देखते हुए सभी खेलों की खेल सामग्री को जल्द से जल्द उपलब्ध करवाया जाए, ताकि खिलाड़ी अपना बेहतरीन प्रदर्शन आने वाले प्रतिस्पर्धा में कर सकें।

## 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भुखमरी व खाद्य सुरक्षा पर चिंता प्रकट की

# झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे डॉ. लंबोदर महतो ने भी रखे विचार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कनाडा के हैलीफैक्स में चल रहे 65वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में दुनिया भर में बढ़ती गरीबी, भुखमरी, खाद्य असुरक्षा एवं वैश्विक जलवायु परिवर्तन पर चिंता जाहिर की गई है। साथ ही सतत विकास लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया गया है। इस सम्मेलन में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने भी अपने विचारों को रखा। इसके पूर्व सम्मेलन का उद्घाटन कनाडा के गवर्नर जनरल मेरी साइमन ने किया। इस क्रम में उन्होंने सम्मेलन के उद्देश्यों और इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कहा कि यह सम्मेलन संसदीय व्यवस्था के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। सम्मेलन में राष्ट्रमंडल संसदीय



संघ के अध्यक्ष एंथोनी रोटा, संघ के महासचिव स्टीफन ट्विग, चीफ ऑफ प्रोटोकॉल ऑफ द पार्लियामेंट आफ कनाडा नैंसी एंकतील व कैथ बैन ने भी अपने विचार रखे। सम्मेलन में भाग ले रहे लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। सम्मेलन में जहां देश के विभिन्न राज्यों के विधानसभाध्यक्ष व सांसद भाग ले रहे हैं, वहीं दुनिया भर के संसदीय व्यवस्था से जुड़े जनप्रतिनिधि भी भाग ले रहे हैं। 20 अगस्त से चल रहे इस सम्मेलन का समापन 26 अगस्त को होगा। सम्मेलन में एक्सक्लूसिव, एक्सेसिबल, अकाउंटेबल एंड स्ट्रांग पार्लियामेंट, द कॉर्नर स्टोन ऑफ डेमोक्रेसी एंड एसेंशियल फॉर डेवलपमेंट विषय पर अलग-अलग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. लंबोदर महतो ने सम्मेलन में भाग लेते हुए अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि हमें यहां कुछ सीखने का अवसर प्राप्त हो रहा है और अपने अनुभव को झारखंड आकर विधानसभा अध्यक्ष के साथ साझा करूंगा। बता दें कि इस सम्मेलन में विधानसभाध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो व विधायक निरल पूर्ति को भी शामिल होना था, लेकिन किसी कारण से वहां नहीं जा सके।

## ग्रामीण विकास, वन एवं जल वायु विभाग व नागर समाज संगठन के प्रतिनिधियों ने कार्यशाला में लिया भाग

# झारखण्ड कुछ राज्यों में से एक है, जहां इस यन्त्र को बढ़ावा दिया जा रहा है: अलेक्स एलिस

नवीन मेल संवाददाता

रांची। ग्रामीण विकास, वन एवं जल वायु विभाग, एवं नागर समाज संगठन के प्रतिनिधियों ने बुधवार को एक तकनीकी कार्यशाला में भाग लेकर झारखण्ड जलवायु सूचना प्रणाली एवं योजना निर्माण यन्त्र (जेएचएआर-सीआरआईएसपी) के झारखण्ड में क्रियान्वयन के लिए चर्चा में भाग लिया। यह कार्यशाला विगत मंगलवार को मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन एवं ब्रिटेन के राजदूत श्री अलेक्स एलिस के द्वारा लोकार्पण के फलस्वरूप किया गया। इस यन्त्र को इंटरनेशनल इंस्टीच्यूट फॉर इभोरमेंट एंड डवलपमेंट एवं विभिन्न तकनीकी संस्थानों के साझा प्रयास से विकसित किया गया है जिसमे सूखे कि स्थिति में



■ अपने विशेष संबोधन में श्री एन एन सिन्हा ने झारखण्ड में जेएचएआर-सीआरआईएसपी यन्त्र के महत्व को बताया।

पूर्व सूचना प्रणाली भी शामिल हैं। यह यन्त्र ग्रामीण समुदाय को भूगर्भ जलीय स्थिति में बदलाव, जल बहाव, वर्षा पैटर्न इत्यादि में बदलाव एवं भविष्य में होने वाली जलवायु की स्थिति को दर्शाता हैं, जिससे जल सरंक्षण हेतु दीर्घ कालिक योजना निर्माण में सहायता मिलती हैं। झारखण्ड कुछ विशेष राज्यों में से एक है, जहां इस यन्त्र को बढ़ावा दिया जा रहा हैं। इसके क्रियान्वयन से ग्रामीण समुदाय को जलवायु परिवर्तन से जूझने एवं तैयार रहने में मदद मिलेगी। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा, सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार, डॉ राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव एवं श्री मनीष रंजन, सचिव ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड ने भाग लिया। अपने विशेष संबोधन में श्री एन एन सिन्हा ने झारखण्ड में जेएचएआर-सीआरआईएसपी यन्त्र के महत्व को बताया। कहा, इससे सतत विकास हो सकेगा। श्री राजीव अरुण एक्का ने कहा कि इस यन्त्र से योजना निर्माण में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे मनरेगा कार्यक्रम को और बल मिलेगा। श्री मनीष रंजन ने कहा कि इस यन्त्र के माध्यम से योजना निर्माण से लेकर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं परिणाम में बदलाव देखा जा सकेगा। आईआईईडी यूकेकी मुख्य शोधकर्ता ने जेएचएआर-सीआरआईएसपी की विशेषताओं पर बल देते हुए कहा कि इससे सूखे कि स्थिति से बेहतर तरीके से निपटा जा सकेगा। श्री अबू बक्कर सिद्दीकी, सचिव, कृषि विभाग झारखण्ड सरकार ने जेएचएआर-सीआरआईएसपी यन्त्र को कृषि विभाग के लिए भी उपयोगी बताया।

### जेबीवीएनएल के बिजली दर वृद्धि प्रस्ताव पर आयोग को जन सुनवाई में लगेगा समय

रांची। नयी बिजली दरें निर्धारण की प्रक्रिया राज्य विद्युत नियामक आयोग ने शुरू कर दी है। झारखंड बिजली वितरण निगम के प्रस्ताव पर आयोग को जन सुनवाई करने मे समय लगेगा। संभावना है कि सितंबर माह मे आयोग की ओर से जेबीवीएनएल की जनसुनवाई की तारीख घोषित कर दी जायेगी। नियामक आयोग की ओर से इसकी तैयारी की जा रही है। नये सदस्यों के पदभार ग्रहण के बाद आयोग ने जेबीवीएनएल के प्रस्ताव का अध्ययन कर लिया है। वहीं, इन दिनों जमशेदपुर में बिजली दरों के निर्धारण के लिये जनसुनवाई की जा रही है। जिसमें टाटा पावर, टाटा स्टील और जुस्को के लिये जनसुनवाई की जा रही है। नियामक आयोग के सचिव राजेंद्र नायक की मानें तो जमशेदपुर में टैरिफ निर्धारण पर जनसुनवाई हो रही है। जेबीवीएनएल के प्रस्ताव पर जनसुनवाई पर अभी समय है।

## डीएवी कपिलदेव में अंग्रेजी भाषा सम्मेलन का आयोजन, कहा-

# साहित्य का महत्व दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है, इस तरह के आयोजन से सृजनात्मक अभिव्यक्ति को विकसित करते हैं : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता

रांची। डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल कडरू में बुधवार को अंग्रेजी भाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में शहर के प्रसिद्ध विद्वानों ने भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने कहा कि साहित्य का महत्व दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है और इस तरह के आयोजन झारखंड में सृजनात्मक अभिव्यक्ति को विकसित करते हैं। सम्मेलन के मुख्य अतिथि रांची यूनिवर्सिटी के अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष गौरी शंकर झा ने कहा कि अंग्रेजी भाषा सीखने के लिए लोगों को साधारण सरल वाक्यों से शुरूआत करनी





चाहिए। लेखन क्षमता बढ़ाने के लिए सबसे पहले डायरी लिखने से शुरूआत की जा सकती है। उन्होंने पढ़ने की आदत विकसित करने को कहा। गोस्सनर कॉलेज की मीना सिन्हा ने कहा कि बच्चों को पढ़ने की आदत विकसित करनी चाहिए।अंग्रेजी बोलने के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन में प्रोफेसर गौरी शंकर झा (एचओडी, रांची यूनिवर्सिटी इंग्लिश डिपार्टमेंट), भवेश झा राम लखन सिंह यादव, अवकाश प्राप्त प्राध्यापक (अंग्रेजी विभाग), मीना सिन्हा, एसोसिएट प्रोफेसर, मास कम्युनिकेशन, (गोस्सनर कॉलेज) विद्यालय के अंग्रेजी शिक्षक पशुपतिनाथ झा, गौतम कुमार पाठक, त्रिपुरारी कुमार मिश्रा के अलावा विद्यालय के 11वीं और 12वीं के बच्चे मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### खनन विभाग ने गरजा नदी से बालू उठाव करते दो ट्रैक्टर किये जब्त



**सिमडेगा।** जिले में एनजीटी कानून लागू है जहां पर बारिश के बीच नदियों से बालों का उठाव पूरी तरह से वर्जित है इसके बावजूद बालू माफियाओं के द्वारा चोरी-छिपे नदियों से बालू उठाव करने का काम कर रहे हैं। बुधवार को खनन विभाग के द्वारा गरजा स्थित शंख नदी घाट से अवैध रूप से बालू का उठाव करते हुए दो ट्रैक्टरों को जप्त करते हुए थाना को सुपुर्द किया है। जानकारी देते हुए खनन निरीक्षक गणेश चंद्र परिडा ने बताया कि लगातार बार-बार लोगों को चेतावनी देने के बावजूद अवैध रूप से बालू की उठाव कर रहे हैं जिसकी सूचना पर दो ट्रैक्टरों को जप्त करते हुए खनन अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार ने कहा है कि लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाई जा रही है ताकि कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से खनन कार्य ना कर सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि अवैध रूप से खनन कार्य करने वाले लोगों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कोलेबिरा बीईईओ एवं शिक्षकों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित



**कोलेबिरा।** प्रखंड के बीआरसी भवन में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का एवं शिक्षकों का विदाई समारोह का हुआ आयोजनकार्यक्रम का आयोजन प्रखंड स्थित बीआरसी भवन में किया गया जिसमें शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनि तिर्की मुख्य रूप से उपस्थित थे। आयोजन समिति के द्वारा पदाधिकारियों को स्वागत गीत पुष्प वर्षा एवं ढोल मांदर के साथ स्कूली बच्चों ने नृत्य करते हुए मंच तक लाया। जिसके बाद पदाधिकारियों को मंच पर शिक्षकों के द्वारा माल्यार्पण पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। स्थानांतरित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में स्कूल की बच्चियों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया एवं शिक्षिकाओं के द्वारा संगीत प्रस्तुत किया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा हो या पुलिस सेवा हो या कोई भी अन्य सेवाओं या फिर ज्ञान क प्रकाश सबको तक पहुंचाने का सिर्फ एक ही माध्यम में वह शिक्षक और शिक्षा। मौके पर शिक्षक नकुल, नंद, अजय, रेनू, भारती, सुजीत प्रसाद, लाल धन नायक, मुकुट गुड़िया, आशा, अरुण सिंह, मनोज भगत, शीतल समद वंशीधर, केदार पाढ़ी, किरण सुधा के अलावा प्रखंड के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर पोकोलो ढोड़हा पुल के डिवाइडर में बुधवार की अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे हिंदपीढ़ी रांची निवासी 18 वर्षीय मो कैफ पिता स्व मो कमाल व गुदड़ी चौक रांची निवासी 16 वर्षीय अमन अहमद पिता एनामुल हक अपने स्कूटी से असंतुलित होकर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा प्रियंका की देख रेख में इलाज किया गया।घायल कैफ ने बताया कि गुमला से अपने घर से रांची जा रहे थे इसी दौरान स्कूटी डिवाइडर में असंतुलित हो गया और सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

### बेड़ो में सड़क हादसा में तीन युवक घायल

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के ईंटा तालाब के समीप बुधवार की शाम लगभग छह बजे बाइक सवार को ऑटो ने पीछे से धक्का मारने से बाइक पर सवार पुरना डीह ईंटा चिन्द्री बेड़ो गांव निवासी 17 वर्षीय अजय मुंडा पिता रोपना मुंडा टिकरा टोली घाघरा बेड़ो निवासी 25 वर्षीय अजित मिंज व 21वर्षीय पारस खेस सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे स्वजनों व ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा प्रियंका की देख रेख में इलाज किया गया। इधर घायल के पारस ने बताया कि वे पुरना पानी बाजार से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान ईंटा तालाब के समीप एक ऑटो ने पीछे से धक्का मार दी। जिससे यह हादसा हुआ।

### क्लब एनपीसी रांची चैप्टर का गठन



**रांची।** ( गैर-लाभकारी संगठन एनपीसी इंडिया ने क्लब एनपीसी रांची चैप्टर का गठन किया। बुधवार को स्थानीय होटल में आयोजित कार्यक्रम में क्लब एनपीसी इंडिया के अध्यक्ष योगेश जगतरामका और एनपीसी इंडिया के परवेज की उपस्थिति में एनपीसी रांची चैप्टर को लॉन्च किया गया। एनपीसी रांची के संयोजक अकुंर अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल और नवनीत प्रताप सिंह बनाये गये हैं। इस अवसर पर श्री जगतरामका ने बताया कि क्लब एनपीसी भारत में एकमात्र गैर-लाभकारी संगठन है, जिसमें निर्माण उद्योग के सभी स्तंभ शामिल हैं। इनमें आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजाइनर, इंजीनियर, बिल्डर्स से लेकर पीएमसी, ठेकेदारों तक शामिल है। हमारा मुख्य लक्ष्य असंगठित निर्माण उद्योग को संगठित करना और इसे और अधिक उपयोगी बनाना है। देशभर में अभी तक 3500.पेशेवरों को अभी तक जोड चुके हैं। हैं। पिछले डेढ़ साल में मंच और हमने पेशेवरों के लिए अब तक 100 से अधिक कार्यशालाओं का आयोजन किया है और डिजाइन पेशेवरों और छात्रों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है। श्री जगतरामका ने बताया कि फोरम का उद्देश्य उद्योग की बेहतरी के लिए आर्किटेक्ट, डिजाइनर, इंजीनियर, पीएमसी कंसल्टेंट्स, बिल्डर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स, मैन्युफैक्चरर्स और सप्लायर्स सहित निर्माण उद्योग के विभिन्न स्तंभों के बीच भागीदारी और संवाद को बढ़ावा देना है। मौके पर पूर्वी भारत की क्लब फाउंडर सदस्य स्मिता सिंह, प्रियंका सर्राफ, ट्विंकल मुरारका, वंदना जालान, शुभम संतोष, कौशल अग्रवाल, मुस्कान पोद्दार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## शिक्षा विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में बोले उपायुक्त

# छात्रवृत्ति आच्छादन के लिए ठोस योजना बनायें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त द्वारा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सबसे पहले सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से बारहवीं तक के छात्रों का जाति प्रमाण पत्र बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे खतियान, वंशावली और आधार कार्ड कलेक्ट करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर 2022 तक सभी अनुसूचित जाति- जनजाति के छात्रों का जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों का प्रमाण पत्र बन सके इसके लिए नीचे के कक्षाओं के छात्रों का दस्तावेज शिक्षक कलेक्ट करें। 08 सितंबर 2022 तक कास्ट सर्टिफिकेट के लिए प्राप्त आवेदनों को उपायुक्त द्वारा प्रज्ञा केंद्र में अपलोड कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि टाइमलाइन पर फोकस करते हुए सभी छात्रों को प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें।

**660 प्रज्ञा केंद्र में होगा जाति प्रमाण पत्र बनाने का कामः** बैठक में उपायुक्त द्वारा बताया गया कि जिला में सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले एसटी एससी छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए 660 प्रज्ञा केंद्रों में आवेदन दिया जा सकेगा। अभी जिला में 220 प्रज्ञा केन्द्र संचालित हैं जल्द ही और 440 प्रज्ञा केंद्र कार्यरत होंगे, इस तरह एक पंचायत के लिए दो प्रज्ञा केंद्र में आवेदन दिया जा सकेगा।

**नहीं देना होगा कोई शुल्कः** सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से 12वीं तक के विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने को लेकर किसी तरह का शुल्क प्रज्ञा केंद्र में नहीं देना होगा। प्रत्येक इंट्री पर राज्य सरकार द्वारा 35 रुपये प्रज्ञा केंद्र को भुगतान किया जाएगा। अगर किसी प्रज्ञा केंद्र में पैसे मांगने की शिकायत आती है तो फौरन बताएं।

### उपायुक्त ने पदाधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

उपायुक्त ने कहा कि छात्रों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने सभी छात्रों का खाता खुलवा कर छात्रवृत्ति दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति का शत प्रतिशत अच्छादन होना चाहिए। स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों का खाता खुलवा कर उन्हें छात्रवृत्ति दिलाएं। उपायुक्त ने इसके लिए ठोस योजना बनाने का निर्देश दिया। प्रतिदिन शिक्षकों की उपस्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं बनाने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई करें। उपायुक्त ने जीआरपी और सीआरपी को प्रत्येक माह अनिवार्य रूप से स्कूलों का भ्रमण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी बीआरपी, सीआरपी अधिकतम स्कूलों का भ्रमण कर प्रतिवेदन समर्पित करें। टेक्स्ट बुक वितरण की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी स्कूलों से विद्या वाहिनी पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। रसोइयों का मानदेय भुगतान, कुकिंग कास्ट, चावल आपूर्ति आदि की समीक्षा करते हुए भी उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# बेड़ो में बीडीओ ने की बैठक, किसानों का ई-केवाईसी करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री किसान निधि से सम्मानित किसानों का ई केवाईसी एवं सूखा राहत योजना से संबंधित फसल राहत योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। यहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों कृषक मित्रों एवं अन्य लोगों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से सम्मानित सभी कृषक को का 31 अगस्त के पूर्व ई केवाईसी कराना सुनिश्चित करेंगे साथ ही फसल राहत योजना में किसानों का निबंधन भी कराना सुनिश्चित करेंगे। अभी तक प्रखंड में मात्र 26% किसानों का ही ई केवाईसी हुआ है। बाकी बचे किसानों का ई केवाईसी हर हाल में 31 अगस्त तक पूर्ण किया जाना है। इसके लिए पंचायत वार कैंप का आयोजन किया गया है। कैंप का प्रारंभ 25 अगस्त से होगा जिसमें जनप्रतिनिधि कृषक मित्र, कृषि विभाग से जुड़े सभी पदाधिकारी कर्मी कृषकों को प्रज्ञा केंद्र तक भेजें।ई केवाईसी करने के लिए आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर की आवश्यकता होगी बैठक में प्रमुख विनीता कच्छप, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंदर साहू सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अवनि कुमार झा प्रखंड तकनीकी प्रबंधक जनक सिंह सभी मुखिया पंचायत समिति सदस्य कृषक मित्र उपस्थित थे।

# झारखंड डीजल ऑटो चालक संघ का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में बुधवार को झारखंड राज्य डीजल ऑटो चालक संघ के जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन हुआ जहां पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष आकाश सिंह उपस्थित रहे मौके पर अतिथि के रूप में 20 सूत्री के जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, शिशिर टोप्पो उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत आए हुए अतिथियों को बैच पहना कर किया गया उसके बाद संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आकाश सिंह ने कहा कि आटो चालकों की विभिन्न समस्याओं को सुनने के लिए संघ का गठन किया गया है जो कि झारखंड सरकार से निबंधित संस्था है और इसके माध्यम से ऑटो चालकों की विभिन्न समस्याओं को दूर करने का काम किया जाएगा। आए दिन देखा जाता है कि ऑटो वालों के साथ शोषण होता है उस शोषण के खिलाफ एकजुट करते हुए उनके हक अधिकारों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने झारखंड राज्य डीजल ऑटो चालक संघ सिमडेगा के नाम से एक कोष का गठन करने की बात कही जिसमें प्रत्येक महीना सहयोग राशि जमा की जाएगी ताकि विषम परिस्थिति में किसी भी ऑटो चालक को आवश्यकता होगी तो उक्त परिस्थिति में उस पर मदद दी जाएगी। वही आकाश सिंह ने सरकार द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए नियमानुसार कागजात दुरुस्त रखने एवं रूट के हिसाब से ऑटो परिचालन करने की बात कही। साथ ही ऑटो चालकों को उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी सवारी के साथ मधुर संबंध रखें ताकि किसी को भी दिक्कत ना हो। मौके पर संघ के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष सहित सभी उपस्थित रहे।

## पीडीएस डीलर को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

# राशन वितरण में अनियमितता का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो।** प्रखंड के चोरेया गांव में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार संजय दास को ग्रामीणों ने उसके दुकान में ही ताला लगाकर लगभग 1 घंटे के लिए बंधक बनाए रखा। घटना बुधवार सुबह लगभग 11:00 बजे की है। साथ ही एक दूसरे दुकानदार आदर्श महिला स्वयं सहायता समूह के सामने भी ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए महिला समूह के अध्यक्ष और सचिव भी वहां से फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार इन लोगों ने जून और जुलाई माह के राशन का वितरण नहीं किया था। बुधवार की सुबह जब राशन दुकानदार संजय दास राशन का वितरण



करने पहुंचा तो वह ग्रामीणों को दो माह के राशन देने के बजाय एक माह का राशन देने लगा। इससे नाराज ग्रामीणों ने उसके दुकान में ही ताला लगाकर बंद कर दिया। मौके पर पहुंचे पंचायत के मुखिया रेखा सांगा और पंचायत समिति सदस्य सुषमा देवी ने बताया कि लंबे समय से ग्रामीण इनकी शिकायत कर रहे थे। इनका दुकान हमेशा बंद ही रहता है। दूरदराज से कई लाभुक राशन लेने पहुंचते है तो, दुकान बंद देखकर वापस चले जाते थे।डीलर के बंधक बनाए जाने के लगभग 1 घंटे के बाद जब वह एक साथ 2 माह का राशन देने के लिए तैयार हुआ ।तब ग्रामीण शांत हुए घटना की जानकारी मिलने पर प्रखंड प्रमुख होलीका देवी गांव पहुंची और उन्होंने मामले को जांच के बाद सही पाया।उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि ऐसे डीलरों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं दूसरी ओर घटना की जानकारी मिलने पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग ने कहा मामले की जांच कराई जाएगी। यदि मामला सही पाया जाता है डीलरों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

### हिंडालको में जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न

**सिल्ली।** मुरी हिंडालको में जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हो गया । पिछले 10 दिनों से चल रहे हैं इस महोत्सव में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुरी हिंडालको सोसाइटी में भजन फेरी का आयोजन मंत्रमुग्ध करने वाला था और इसमें धार्मिक सौहार्द की एक बहुत बढ़िया झलक नजर आई जिसमें सभी धर्मों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और भजन का आनंद उठाया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। बच्चे श्रीकृष्ण तथा ग्वाले और सुदामा के रूप में तैयार होकर आए। झांकियों में श्री कृष्ण अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए प्रस्तुत किए गए। बाल रूप में माखन खाते हुए दिखाए गए। तथा बच्चों ने गोपियों के संग रास लीला करते हुए अद्भुत छवि प्रस्तुत की।

# सिमडेगा में सड़क पर प्रदर्शन कर यातायात नियमों के विषय में स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव के आदेशानुशार सिमडेगा जिला अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विधालय बराबरपानी, राजकीयकृत मध्य विधालय पुरनाडीह एवं राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय लोढ़ाटोली में सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र -छात्राओं को सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान काफी संख्या में विद्यालय के छात्र तथा शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाए, साइनेज, ट्रैफिक लाइट, हैंड साइन, इमरजेंसी सेवा, तथा




अन्य संबंधित तथ्यों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक के द्वारा जानकारी दी गई कि प्रति वर्ष देश में तथा राज्य में हजारों की संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है। इन सब को देखते हुए हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण हेतु सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें । यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सड़क दुर्घटनाएं किसी व्यक्ति विशेष कि नहीं होती सड़क दुर्घटना किसी के साथ भी हो सकती है जिसके कारण परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंचती है , अतः इन सब को देखते हुए पड़ने पर अपने परिवार जनों की सहायता प्राप्त करें जिससे सड़क दुर्घटना में भी कमी लाई जा सकती हैं । इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि,आईटी सहायक नितेश कुमार एवं विधालय के शिक्षक उपस्थित थे।

# रातू में प्राकृतिक आपदा से मृत परिजनों के बीच 14 लाख रुपये का हुआ वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू** । प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतो में प्राकृतिक आपदा ( वज्रपात ) एवं राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना से मृत पांच परिवार के आश्रीत के बीच 14 लाख रुपये की मुआवजा राशि का वितरण किया गया । रातू प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक नवीन जायसवाल ने वज्रपात से पीड़ित परिवार के लाभुक झखराटांड़ के दुबराज मुंडा , बानापिड़ी के लुदा उरांव, गुडू के रीमा देवी को चार-चार लाख तथा सड़क दुर्घटना से पीड़ित कमड़े निवासी पुनम उरांव व परहेपाट निवासी जगरनाथ उरांव को एक-एक लाख मुआवजा राशि स्वीकृति का प्रमाणपत्र सौंपा । श्री जायसवाल ने कहा कि सभी लाभुक के खाता में मुआवजा राशि



आरटीजीएस कर दिया गया है। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुआवजा राशि के लिए आवेदन देने को कहा। मौके पर प्रमुख संगीता देवी, सीओ प्रदीप कुमार, बीडीओ हरिशंकर बारिक, मुखिया ज्योति देवी , सोनी भगत, अनिल तिर्की, नीलम तिर्की, पंचायत समिति सदस्य सुरेन्द्र कच्छप, सीआई अशोक बड़ाइक, शिव कुमार, बादल गोप, राजस्व उप निरीक्षक के अलावा दर्जनो लोग मौजूद थे।

### कोयला से लदी मालगाड़ी की एक डब्बे में आग लगी

**मुरी।** बरकाकाना से चलकर कोयला लदा हुआ मालगाड़ी मुरी स्टेशन के यार्ड नंबर दो पर गाड़ी खड़ी हुई तत्पश्चात मालगाड़ी के एक बोगी में अचानक आग लग गई आग लगते ही अफरा तफरी का माहौल बन गया। उस लाइन पर काम कर रहे हैं रेलकर्मी ने देखा और अपने अधिकारी को सूचना दिया सूचना मिलते ही अधिकारी अपने कर्मचारियों के साथ दल बल के साथ पहुंचे और मालगाड़ी के डब्बे के ऊपर चढ़कर पाइप के द्वारा पानी से फुहारा चलाया गया जिससे आग पर काबू पाया गया। इस संबंध में स्टेशन प्रबंधक एम एस खान से पूछने पर उन्होंने बताया कि अचानक कोयला से लदे हुए मल गाड़ी के एक डब्बे में आग लग गई जिससे कर्मचारियों के द्वारा आग बुझाया गया।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा जिला समिति की बैठक, बोले वक्ता

# चिन्हितीकरण आयोग के कार्यकलापों पर पनप रहा असंतोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्रीय समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजू महतो, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, जिला संयोजक प्रोफेसर विनोद भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील करते हुए कहा कि वे आंदोलनकारी के पुत्र होने का हक अदा करें। बिना किसी दबाव के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी झारखंड आंदोलनकारियों को समान रूप से मान-सम्मान, पहचान, नियोजन, पेंशन आदि के मामले को अविलंब निष्पादित करें। वरीय उपाध्यक्ष श्री कुजूर ने झारखंड सरकार चिन्हितीकरण आयोग के



कार्यकलापों पर असंतोष जाहिर किया। उन्होंने आयोग से मांग किया है कि गृह मंत्रालय को भेजी गयी चिन्हित आंदोलनकारियों की सूची उपलब्ध कराई जाए। ताकि मंत्रालय जाकर उसे प्रोसेस करा सकें। तय सीमा के अंदर सरकार एवं आयोग आंदोलनकारियों के हितों पर कार्य नहीं करती है, तो राज्यव्यापी तीखा आंदोलन किया जाएगा। प्रोफेसर विनोद भगत ने कहा कि झारखंड राज्य बने 20 वर्ष से अधिक हो गए, लेकिन आंदोलनकारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। मौके पर जिला सचिव विशेषण भगत, अमर किन्डो, प्रवक्ता अनिल कुमार भगत, दीपक वर्मा, रूस्तम खान, जगदीश उरांव, कृष्णा ठाकुर, सीता उरांव, तरामनी मिंज, सालेन लकड़ा, बालोमनी बाखला आदि शामिल थे। बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता अनिल कुमार भगत ने की। मौके पर तारा खलखो, दिनेश साहू, सोमनाथ उरांव, चैतु मुंडा, मो. मनीरूद्दीन अंसारी, इसरार अहमद, अफरोज शाह, आदि सहित बड़ी संख्या में आंदोलनकारी मौजूद थे।

### कैरो में प्रमुख उपप्रमुख कार्यालय का उद्घाटन

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय मुख्यालय स्थित प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को हुआ। प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, उप प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख ने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ हमे जिम्मेवारी सौंपी है उसपर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। जनहित के कार्य मे कोताही बर्दास्त नही की जाएगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य अंगनु उरांव, सुखमनी देवी, सुनीता लकड़ा, सिमा उरांव, मीना उरांव, जितेंद्र उरांव, प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी सुनील चन्द्र कुंवर, बीपीओ मृणाल प्रकाश, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी, मुखीया श्रवण मुंडा, सुमन उरांव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मो सजाद, संजीव शुक्ला, रियाज अंसारी, जमील खतरा, प्रवीण साहू, शाहिद अंसारी, बजरंग साहू, ललेश पांडेय आदि उपस्थित थे।

# बेड़ो में आंगनबाड़ी सेविकाओं का एकदिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को बच्चों के ग्रोथ मानिटरिंग एवं काउंसलिंग (बच्चों में वृद्धि निगरानी एवं पोषण परामर्श) के संबंध में आंगनबाड़ी सेविकाओं का तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सीडीपीओ नयाब जेबा एकजुट संस्था के कल्याणी, कालीचरण, कुलदीप मनोज प्रशिक्षण में मुख्य रूप से शामिल रहे और सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान गर्भवती माताओं के लिए परामर्श जिसमें गर्भवती महिला,धात्री महिला का वजन वृद्धि रक्तचाप, टीकाकरण, खुले में पेशाब जांच, गर्भावस्था के दौरान कम से कम 4 बार प्रसव पूर्व जांच के लिए जाना, साल से छोटे बच्चों के लिए परामर्श जिसमें 6 माह तक केवल स्तनपान, 3 से 6 माह तक के बच्चों एवं किशोरियों के लिए परामर्श आदि के संबंध में सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। वही सीडीपीओ नयाब जेबा ने बताया कि प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं का प्रशिक्षण चल रहा है।

## न्यूज गैलरी

### कर्बला जुआ अड्डा पर अपराधियों का धावा, 80 हजार लूटे

**इचाक।** प्रखंड के मनाई कर्बला के पास वर्षों से संचालित जुआ अड्डा पर दर्जन भर अपराधियों की एक टुकड़ी ने मंगलवार की दोपहर दिनदहाड़े धावा बोला। इस दौरान जुआरियों की बिसात में लगाया गया, करीब 80 हजार नकद उनके हाथ लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अपराधियों की संख्या 12 से 14 के बीच थी। इसमें से आधे नकाबपोश थे, जबकि कुछ का चेहरा खुला था। इसमें अधिकांश काले और नए चेहरे के थे। इस कारण ग्रामीण उनकी पहचान नहीं कर सके। लोगों ने बताया कि अपराधियों ने महज एक घंटे में इस घटना क्रम को अंजाम देकर चलते बने। जाते जाते अपराधियों ने जुआरियों को पीने के लिए एक हजार रुपये देते गए। अपराधियों के इस कार्रवाई से सयाल कला, खुर्द, मनाई, हसेल, बढ़निया, लोटवा, रतनपुर, बरका खुर्द, कलाद्वार, अंबाटांड, फुफंदी, मांडपा आदि गांवों में दहशत कायम है।

### बरकट्ठा में सड़क हादसे में दो घायल

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों में हुए सड़क हादसे में दो लोग घायल हो गए। घायलों में रोहित सिंह (17) पिता कार्तिक सिंह ग्राम धोबारी, बरकट्ठा और संतु यादव (28) पिता प्रयाग यादव ग्राम तिलैया शामिल हैं। दोनों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कर बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया।

### बीएमएस के प्रतिनिधियों का जीएम के प्रति नाराजगी

**चरही।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के सीसीएल हजारीबाग एरिया के प्रतिनिधियों ने अपनी नाराजगी क्षेत्रीय महाप्रबंधक चरही के प्रति जाहिर की है। कार्यालय के समक्ष अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि बीएमएस के कार्यकर्ताओं के साथ आवश्यक समय निर्धारित की गई थी। इसके लिए सभी एरिया से संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता समय पर पहुंचकर बैठक का इंतजार करते रहे। लेकिन अंतिम समय तक खुद न महाप्रबंधक पहुंचे और ना ही कोई उनके पदाधिकारी ही कोई सूचना आकर दी। इस पर नाराज होते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि जीएम की रवैए से काफी आहत हुआ हूं। जीएम ने भारत के सबसे बड़े श्रमिक संगठन को अपेक्षित किए हैं। मौके पर अमेश करमाली, रामबली चौहान,रितेश सिंह, जेपी, जयहिंद्र चौहान, माया कुमारी, रणविजय सिंह, केके सिंह, नीरज सिंह, भागीरथ मंडल, पप्पू दुबे, राजू साव, पंकज कुमार सिंह,सुरेश पवन, भागीरथ मंडल,सुजीत झा आरके चौबे समेत कई संगठन से जुड़े प्रतिनिधि थे।

### अभाविप ने ला कालेज में चलाया सदस्यता अभियान

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने यूनिवर्सिटी ला कालेज में सदस्यता अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने अभाविप के कार्य पद्धति को समझते हुए सदस्यता ग्रहण किया। अभियान में उपस्थित अभाविप के प्रदेश सह मंत्री नवलेश सिंह ने छात्र-छात्राओं को परिषद के स्वर्णिम इतिहास तथा कार्यक्षेत्र से अवगत कराया। छात्र हित और राष्ट्र हित से जुड़े प्रश्नों को संगठन ने स्थापना काल से ही प्रमुखता से उठाया है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के छात्रसंघ के अध्यक्ष रितेश यादव ने सभी विद्यार्थियों को पूर्व में परिषद द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय में उत्पन्न समस्याओं के निवारण को करवाने में आगे रहा है। इकाई अध्यक्ष रुद्र राज ने सभी छात्र छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में सदस्यता ग्रहण करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश सह मंत्री नवलेश सिंह, छात्रसंघ अध्यक्ष रितेश यादव, प्रदेश जनजातीय कार्य सह प्रमुख मिलन मुंडा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाबूलाल मेहता, साकेत सिंह, आदर्श श्रीवास्तव, इकाई मंत्री नीतीश सिंह, उपाध्यक्ष मनीष कुमार,उपाध्यक्ष कुंदन पांडेय, बुलबुल दीक्षित, एनएसएस सह प्रमुख इशा प्रिया, सहित कई उपस्थित थे।

### खेत में काम करने के दौरान करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

**कोडरमा।** मंगलवार की देर शाम तिलैया थाना अंतर्गत गुमो में अपने खेत में काम करने के दौरान अचानक करंट लग जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान मनोज कुमार वर्मा (उम्र 42 वर्ष, पिता स्वर्गीय कन्हैया महतो, ग्राम गुमो तिलैया) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार खेत में मोटर का तार बिछा हुआ था। अचानक करंट लगने के बाद आनन-फानन में अस्पताल लाया गया। जहां उसे डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना पुलिस को देने के बाद कोडरमा पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर बुधवार को पोस्टमार्टम करके परिजनों को सौंप दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## उपायुक्त और एसपी ने किया पतरातू डैम का दौरा, दिये कई निर्देश

# वैसे क्षेत्र जहां ज्यादा पर्यटक आते हैं वहां नियमित रूप से गश्ती कर आवश्यक कार्रवाई करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ बुधवार को पतरातू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने सबसे पूर्व बढ़ते जलस्तर के कारण मंगलवार रात 8:00 बजे पतरातू डैम के दो गेट खोले जाने के उपरांत सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू एवं अंचल अधिकारी पतरातू को चौकस रहने एवं हर गतिविधि पर पैनी नजर रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों व पर्यटकों को नदियों व अन्य जल स्त्रोतों के आसपास ना जाने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। पतरातू डैम के उपरांत उपायुक्त ने शनिवार को नलकारी नदी



के समीप हुई दुर्घटना के मद्देनजर स्थल निरीक्षण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू एवं अंचल अधिकारी पतरातू को पूरे क्षेत्र का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार फेंसिंग लगाने व साइन इन बोर्ड के माध्यम से पर्यटकों को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों तक किसी भी हाल में नहीं जाने के प्रति जानकारी देने का निर्देश दिया। उन्होंने वैसे क्षेत्र जहां ज्यादा संख्या में पर्यटक आते हैं वहां नियमित रूप से गश्ती कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने पतरातु लेक रिसॉर्ट के समीप विभिन्न होटलों व रिसोर्ट संचालकों को भी पर्यटकों को इसके प्रति जागरूक करने एवं उनके द्वारा इससे संबंधित किसी प्रकार की अवमानना करने पर त्वरित इसकी जानकारी प्रशासन को देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू, प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू, अंचल अधिकारी पतरातू, पीटीपीएस के पदाधिकारियों, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों व कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## होमगार्ड अभ्यर्थियों के साथ उपायुक्त से मिली अंबा प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** होमगार्ड अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया यथा शीघ्र पूर्ण कराने को लेकर विधायक अंबा प्रसाद ने होमगार्ड अभ्यर्थियों के संग उपायुक्त हजारीबाग से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान हजारीबाग समाहरणालय परिसर में विधायक अंबा प्रसाद के संग नवनियुक्त होमगार्ड संघ हजारीबाग के अध्यक्ष रंकज सिंह,सचिव जीतू कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान उपायुक्त हजारीबाग ने आश्वस्त किया कि 1 सप्ताह से 10 दिनों के भीतर इस दिशा में सार्थक पहल की जाएगी तथा बैठक कर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी जिसका कार्य अंतिम चरण में है। ज्ञात हो कि जिला समादेष्टा कार्यालय हजारीबाग की ओर से होमगार्ड बहाली के लिए विज्ञापन संख्या 1/19 के तहत हजारीबाग जिले में गृह रक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई थी एवं काफी समय बीत जाने के बाद भी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं होने के चलते होमगार्ड अभ्यर्थियों ने लगभग 118 दिन धरना प्रदर्शन भी किया था। होमगार्ड अभ्यर्थियों के मामले को बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा शुरू से ही पूर्ण कराने को लेकर कड़ा प्रयत्न किया गया है। उनके द्वारा झारखंड विधानसभा में प्रश्न भी किया गया बार-बार माननीय मुख्यमंत्री, मंत्री एवं संबंधित अधिकारियों पदाधिकारियों से लगातार इस मामले में संपर्क बनाई हुई है। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि होमगार्ड अभ्यर्थियों के साथ न्याय हो, उसके लिए शुरू से ही हर मोर्चे पर होमगार्ड अभ्यर्थियों के मामले को लेकर लगी हुई हूं। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान माननीय मुख्यमंत्री से मुलाकात करने की प्रक्रिया पूर्ण कराने को लेकर मुलाकात की थी जिस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपा एवं नियुक्ति प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने हेतु आश्वस्त किया था और होमगार्ड अभ्यर्थियों के द्वारा किए गए कठिन परिश्रम एवं आंदोलन के बदौलत एवं लगातार अधिकारियों से संपर्क बनाए रखने पर सुखद परिणाम देखने को मिल रही है तथा इस दिशा में जल्द अंतिम सकारात्मक निर्णय की उम्मीद है।

## घरों को किया तहस-नहस, हजारीबाग में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**टाटीझरिया।** हजारीबाग जिले के टाटीझरिया प्रखंड और इचाक प्रखंड क्षेत्र में लगभग 24 जंगली हाथियों के झुंड ने कोहराम मचा रखा है। हाथियों के इस दल ने बीते 25 दिनों में मुरूमातु, होलंग, बेरहो, खंभवा, बांडीह, मंडपा, गोधिया, अमनारी, बेडमक्का, नारायणपुर, खैरा, भराजो, झरपो, लोधी आदि गांवों में किसानों के खेत, धान, मक्का, टमाटर, खीरा, करेला आदि फसलों को रौंदते हुए दर्जनों घरों को तहस-नहस कर दिया है। आक्रामक हाथियों के दस्ते ने जीविकोपार्जन की सामग्री, धान-चावल आदि सामानों को घरों में घुस-घुसकर निगल गए। हाथियों का उत्पात ऐसा है कि घरों में रखे खाद्य सामग्री को पूरी तरह हाथी चट कर गए और बिखेर दिया। हाथियों ने लोधी में मवेशी को कुचल कर मार दिया। हाथियों के उत्पात को देखते हुए प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। क्षेत्र से हाथियों को भगाने में असफल वन विभाग की उदासीनता का खामियाजा यहां के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। इससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में गत 30 जुलाई से हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। हाथियों को क्षेत्र से भगाने में नाकाम वन विभाग की उदासीनता का खामियाजा यहां के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। हाथियों से हो रहे नुकसान से ग्रामीण चिंतित और परेशान हैं। हाथियों के झुंड ने झरपो और लुंडरू में द्वारिका भुइयां का घर और दरवाजा तोड़कर एक क्विंटल चावल, 50 किग्रा गेहूं चट कर गए। घर के पास लगे चापानल को क्षतिग्रस्त कर दिया। यमुना भुंइया उर्फ नान्हू के घर और दरवाजा तोड़कर एक क्विंटल चावल, 50 किग्रा गेंहू चट कर गए। घर में रखा हुआ चौकी और सामानों को बर्बाद कर दिया है। हाथियों ने कई किसानों की फसल को भी रौंद दिया है।

## शहर में पेयजल को लेकर हाहाकार, किया सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** शहर में विगत कुछ दिनों से छड़वा डैम से की जाने वाली पेयजल आपूर्ति अनियमित हो गई है। इसे लेकर लोगों को पेयजल की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि पेयजल की किल्लत के कारण शहर के लोगों को उपयोग के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है। वहीं अनियमित जलापूर्ति के साथ ही गंदे जल की आपूर्ति लोगों के लिए कोढ में खाज के समान प्रतीत हो रहा है। शहर में पेयजलापूर्ति को लेकर लोगों ने बताया कि विगत कई दिनों से गंदा जल की आपूर्ति की जा रही है। वहीं आपूर्ति भी नियमित नहीं होने से लोगों को पानी



खरीदना पड़ रहा है। जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। इसे लेकर बुधवार को लोगों ने खिरगांव में सड़क जाम विरोध जताया। लोगों ने नगर निगम प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि विगत दो महीनों से शहर के कई वार्डों में पानी की सप्लाई ढंग से नहीं की जा रही है। शहर में सप्ताह में कभी किसी दिन दस मिनट, कभी तीस मिनट कभी आपूर्ति होती ही नहीं है। इस कारण लोगों को पानी खरीद कर उपयोग करना पड़ रहा है, फलतः उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पडता है। वहीं लोगों का आरोप है कि नगर निगम लोगों से शुद्ध व स्वच्छ पेयजलापूर्ति को लेकर वाटर यूजर टैक्स वसूलता है। लेकिन गंदे जल की आपूर्ति पर कोई संज्ञान लेने वाला नहीं है। गौरतलब है कि इस वर्ष सामान्य से अधिक बारिश होने के कारण अब छड़वा डैम में करीब 24 फीट पानी है, जो नियमित पेयजलापूर्ति के लिए काफी है। शहर के जिन क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है उनमें खिरगांव, कोर्रा, बड़ी बाजार, झिंझरिया पुल सहित कई क्षेत्र शामिल हैं।

## वन विभाग ने पांच के खिलाफ दर्ज कराया मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** गौतम बुद्ध वन्य प्राणी आश्रयणी के बड़े इलाके का इस्तेमाल अफीम की खेती के लिए की जाती है। मंगलवार को वन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में जब्त किये गये जेसीबी को जबरदस्ती तस्कर ले भागे। इसके बाद विभाग द्वारा कार्रवाई आरंभ कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए वनपाल मोहम्मद अयूब ने बताया कि जेसीबी से वन भूमि क्षेत्र के इस्तेमाल को लेकर कई लोगों के खिलाफ वनवाद दायर किया गया है। वहीं थाना में आवेदन देकर इस कार्य के लिए कोलेश्वर गंझु, दर्शन



गंझु, रामसेवक गंझु तीनों ग्राम ढोढिया, जेसीबी के अज्ञात चालक और राजेश दांगी इटखोरी के खिलाफ थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना में दिये गए आवेदन के अनुसार वनपाल ने लिखा है कि गौतम बुद्ध वन्य प्राणी आश्रयणी के ढोढिया जंगल में सूचना के आधार पर वन भूमि के इस्तेमाल को लेकर करवाई के लिए टीम बनाकर पहुंचे जहां पीले रंग की एक जेसीबी मशीन को स्थल पर दबोच लिया।

इसके बाद तस्करों ने जेसीबी को वन कर्मियों से वापस छीन लिया। अभियुक्तों द्वारा जब्त जेसीबी मशीन को जबरदस्ती छीनने एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा जानबूझकर आश्रयणी क्षेत्र में जेसीबी मशीन से वन भूमि को साफ कर अतिक्रमण करने का आरोप लगाया गया है। बताते चलें कि प्रखंड के वन भूमि के सैकड़ों एकड़ का इस्तेमाल अफीम बनाने की खेती में की जा रही है।

## नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया व उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने डस्टबिन का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 29 अंतर्गत कोठार में बुधवार को नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया एवं उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो द्वारा संयुक्त रूप से लोगों के बीच हरा एवं नीला डस्टबिन वितरण किया गया। मौके पर युगेश बेदिया ने लोगों से अपील किया कि कचरे को डस्टबिन में रखें और उसे व्यवस्थित ढंग से निगम के कचरा उठाव करने वाली गाड़ी में ही डालें। वहीं, मनोज कुमार महतो ने कहा कि स्वच्छता की शुरूआत अपने घर से होती है। कहा लोगों को जागरूक होकर पहले अपने घर की सफाई फिर बाहर की सफाई करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क पर कचरा न फेंके। ऐसा करने से हमारा शहर तो गन्दा होगा ही साथ ही वतावरण भी प्रदूषित होगा। जिससे बीमारियां फैलेंगी। नगर परिषद उपाध्यक्ष ने कहा कि कचरा फैलाकर जो लोग शहर को गंदा करेंगे उनके विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करते हुए उनसे जुर्माना वसूला जाएगा। मौके पर वार्ड पार्षद जयंती देवी, सुमित श्रीवास्तव, महेश महतो, सुजीत राम आदि उपस्थित थे।

## नाबालिग का यौन शोषण के आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

### 25 हजार रुपये जुर्माना भी, जुर्माना नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के मरकच्चो थाना कांड संख्या 99/2020 व पोक्सो 28/2020 में शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग लड़की का यौन शोषण करने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने आरोपी मोहम्मद रियाज, पिता मोहम्मद रिजवान मूर्कमनाय मरकच्चो निवासी को पोक्सो 4/6 के तहत दोषी पाते हुए बुधवार को 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई,



साथ ही 25 हजार जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं दिए जाने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**क्या है मामला :** घटना की सूचक पीड़ित नाबालिग की मां शहीदी खातून ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि उसके पड़ोस का एक शादीशुदा युवक मोहम्मद रियाज ने उसकी नाबालिग पुत्री को शादी का प्रलोभन देकर पिछले 2 साल से यौन शोषण कर रहा था। जिसकी जानकारी उसकी पुत्री ने उसे दिया। पूछे जाने पर मोहम्मद रियाज एवं उसके घर वालों ने उसके साथ भी गाली गलौज एवं धमकी दिया और कहा जहां जाना है जाओ। पीड़ित नाबालिग की मां के आवेदन पर पुलिस ने मरकच्चो थाना में मामला दर्ज किया था। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीके मंडल ने अदालत से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुरेश प्रसाद ने बचाव करते हुए कम से कम सजा देने की मांग अदालत से की। बताते चलें कि तरुण कुमार की अदालत ने उपरोक्त आरोपी को 16 अगस्त को दोषी करार दिया था। अदालत ने दलीलें सुनने एवं अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक, विधायक अमित यादव का 5 दिनों से चल रहा धरना समाप्त

# बिजली की 24 घंटे आपूर्ति की मांग को लेकर डीवीसी केटीपीपी को रोकी गयी थी पानी की आपूर्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** बिजली नहीं तो पानी नहीं और स्थानीय लोगों को रोजगार के मुद्दे पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के नेतृत्व में चल रहा धरना मंगलवार की रात 5वें दिन समाप्त हो गया। रात लगभग 8 बजे उपायुक्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में कई मुद्दों पर सहमति बनी जिसके बाद तिलैया डैम में चल रहा धरना समाप्त हो गया। धरना और केटीपीएस को पानी की आपूर्ति बंद कर दिए जाने के कारण डीवीसी का बिजली उत्पादन लगातार घटता जा रहा था। 1000 मेगावाट का उत्पादन कर रहे केटीपीएस का उत्पादन धरना प्रदर्शन के पांचवें दिन 500 मेगावाट हो गया जो आगे और भी कम होने के कगार पर था। कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन ने पहल कर धरना समाप्त कराने के लिए समाहरणालय सभागार में बैठक की जिमसें डीवीसी के मुख्य अभियंता एनके चौधरी, डीजीएम एडमिन डीसी पांडेय,



एचआर नरेश कुमार शाह, कोडरमा विद्युत विभाग के ईई व बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के समर्थकों के बीच हुई बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त आदित्य रंजन ने किया। बैठक में दोनों पक्षों ने अपनी बातों को रखा। बैठक में धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि हमारे क्षेत्र को 24 घण्टे बिजली मिले, यहाँ का कोयला, यहाँ पानी सब कुछ फिर भी बिजली नहीं मिल रहा है। आम जनता को बिजली चाहिए, कैसे देते हैं, इससे हमें मतलब नहीं, हम पैसा देते हैं तो बिजली चाहिए. गांव के लोग टेक्निकल बात नहीं समझते हैं। अगर प्लांट कोडरमा में है तो कोडरमा को बिजली चाहिए। डीवीसी में जो बहाली हो रही है नियम के अनुसार स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत नौकरी देना हैं वो हम लेके रहेंगे। डीवीसी के अधिकारी जैसे ही कोडरमा का फाइल देखते हैं वैसे ही फाइल फेक दिया जाता है। प्लांट लोकल लोग ही बनाये हैं, यहां के लोग प्रतिभावान हैं। उन्होंने डीवीसी को सख्त लहजे में कहा कि स्थानीयता के आधार पर नौकरी के मुद्दे पर टस से मस हम नहीं होंगे। अमित कुमार यादव ने यह भी कहा कि कोडरमा सांसद सह केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के पहल पर आगामी 28 अगस्त को डीवीसी के चेयरमैन आने वाले हैं जिमसें सभी समर्थकों के साथ सभी मुद्दों पर पुनः बात होगी। बैठक में श्यामदेव यादव, युवा नेता विशाल भदानी, संजीव समीर, दीपक कुमार, कृष्णा यादव, रामलखन यादव व अन्य लोग मौजूद थे। वहीं डीवीसी के मुख्य अभियंता एनके चौधरी ने कहा कि 60 प्रतिशत बिजली झारखंड को देने का अग्रीमेंट है, इसलिए कुल उत्पादन का 60 प्रतिशत यानी 600 मेगावाट बिजली देने को हम बाध्य हैं। अभी 700 मेगावाट का उत्पादन हो रहा है जिसका 60 प्रतिशत 420 मेगावाट है, जो हम दे रहे हैं। विधायक जी से आग्रह है इस प्लांट को फूल लोड में चलने दिया जाए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 50 हजार मीट्रिक टन कोयला हमारे पास है। 14 हजार मीट्रिक टन हर रोज कोयला हर दिन चाहिये। कोयले की कमी के कारण बिजली उत्पादन में कमी आती है, इसलिए शेडिंग किया जाता है। वहीं स्थानीय लोगों के रोजगार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि अनस्किल्ड लोगों की बहाली में शत प्रतिशत लोकल लोग ही हैं। स्किल्ड में अगर वर्कर अनुभवी हैं तो उनको भी हम रोजगार देंगे। अनस्किल्ड में बाहर के लोग को नियम के अनुसार हम नहीं रख सकते जो भी हैं वे लोकल ही हैं। इसी बीच उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि इस क्षेत्र में बिजली ना के बराबर काटिए, लोड शेडिंग रिपेयर मेंटेनेंस के लिए ही काटें। साथ ही उन्होंने कहा कि केटीपीएस में स्थानीयता के नियम के साथ ही नौकरी में प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी कहा कि डीवीसी द्वारा संचालित हाई स्कूल में संविदा पर जल्द ही शिक्षकों की बहाली करे और पुराने बकाए का भुगतान करें, यह डीवीसी की नैतिक जिम्मेदारी है।

## महिला और बच्ची ने जहर खाया रिम्स रेफर

**कोडरमा।** अलग-अलग मामलों में जहर खाकर महिला और एक बच्ची ने आत्महत्या की कोशिश की। बुधवार की सुबह 11 बजे इंदरवा चितरपुर में एक बच्ची ने जहर कर आत्महत्या की कोशिश की, जिसकी पहचान सुनील बिरहोर की 11 वषीर्या पुत्री के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घर में झगड़ा के कारण जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। ग्रामीणों की मदद से उसे इलाज के लिए लाया गया। वहीं दूसरा मामला में तिलैया थाना अंतर्गत तिलैया अडी बांग्ला मे एक महिला ने घरेलू विवाद को लेकर सल्फास खाकर आत्महत्या की कोशिश की। उसकी पहचान रेनू देवी (उम्र 35 वर्ष, पति श्याम जीत यादव, ग्राम तिलैया) के रूप में हुई है। तबीयत बिगड़ने लगे इसके बाद आनन-फानन में अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## पचफेड़ी चौक सलैया से महावर मोड़ तक मुख्य पथ जर्जर, मरम्मत की गुहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के पचफेड़ी चौक से महाबर मोड़ जी टी रोड को जोड़ने वाली मुख्य पथ जर्जर हो चुका है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। विदित हो कि यह मार्ग परसाबाद स्टेशन सहित विभिन्न सड़कों को जोड़ती है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन दो पहिया व चार पहिया वाहन के चालक जख्मी और दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं लेकिन यह सब देखने वाला कोई नहीं ।वहीं प्रतिदिन सैकड़ो छोटे-बड़े वाहनों का आना जाना लगा रहता है। जनप्रतिनिधि विकास का ढिंढोरा पीट रहे परंतु हकीकत कुछ और ही नजर आ रहा है ।सलैया बजरंग दल के सदस्यों और ग्रामीणों द्वारा बुधवार को आक्रोश रैली निकाली गई। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि और झारखंड सरकार से अविलंब इस पथ की मरम्मती, पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण करने का आग्रह किया गया। जर्जर हो चुके रोड की मरम्मती की मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी बरकट्ठा, प्रतिलिपि मुख्यमंत्री झारखंड, कोडरमा सांसद, विधायक बरकट्ठा विधानसभा, उपायुक्त हजारीबाग को दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल महतो, संजय कुमार, बिनोद कुमार, संजय प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, मनोज कुमार, अर्जुन प्रसाद, बुलाकी प्रसाद, उमेश कुमार, दिलीप प्रसाद, नरेश प्रसाद, बिनोद प्रसाद, लिलधारी प्रसाद, डब्लू, हीरालाल प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

## कैरो में प्रमुख की अगुवाई में पंचायत समिति की बैठक



**कैरो/लोहरदगा।** बुधवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद पहली बार पंचायत समिति की बैठक हुई। मौके पर पंचायत समिति सदस्यों, प्रखंड अंचल पदाधिकारियों, कर्मियों, व अन्य विभागों के पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया व विभिन्न विभागों का बिन्दुवार समीक्षा की गई। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उराँव ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए अगले बैठक में संबधीत सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने की बात कही। मौके पर उप प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उरांव, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सुनील चन्द्र कुंवर, बीपीओ मृणाल प्रकाश, दिनेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य सुखमनी देवी, सुनीता लकड़ा, अंगनु उरांव, जितेंद्र उरांव, सिमा उरांव, मीना उरांव आदि उपस्थित थे।

## लोहरदगा में मिला एक कोरोना पॉजिटिव मरीज, सक्रिय मरीजों की संख्या 37 हुई

**लोहरदगा।** सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध ने बताया कि लोहरदगा जिले में शनिवार को 01 कोरोना पॉजिटिव मरीज की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही लोहरदगा में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है। उन्होंने जिला वासियों से कोविड गाइड लाइन का पालन करने की अपील किया है। दो गज की दूरी का पालन करना है, मास्क पहनना है, सेनेटाइजर लगाना है, साबुन से हाथ धोना है और हम सब को मिलकर कोरोना को भगाना है।

## बानो चौक के समीप एमवीआई ने चलाया वाहन जांच अभियान

**बानो।** प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय, बानो के समीप एमवीआई गोपीनाथ डे के नेतृत्व में परिवहन विभाग के द्वारा दोपहिया एवं बड़े वाहनों के विरुद्ध सघन रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी वाहनों के कागजातों की सघनता से जांच की गई। जिन वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उनसे जुर्माना वसूला गया। साथ में दो वाहनों को जब्त कर बानो थाना को सुपुर्द किया गया। जानकारी देते हुए मोटरयान निरीक्षक गोपीनाथ डे ने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता एवं अधूरे कागजात के साथ वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई की गई। साथ में सभी वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि सभी अपने कागजातों को जल्द से जल्द दुरुस्त करा लें। वहीं सभी दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट अवश्य पहनने की हिदायत दी गई। उन्होंने बताया कि वाहन जांच अभियान लगातार जारी रहेगी।

## सिमडेगा जमीयत उलेमा हिंद के तत्वावधान में होगा 28 को सद्भावना मंच कार्यक्रम

**सिमडेगा।** जमीअत उलेमा हिंद जिला इकाई की बैठक मंगलवार की शाम जमजम काम्पलेक्स में हुई। सदर मौलाना मिन्हाज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 28 सितंबर को शाम 6 बजे से जमजम काम्पलेक्स में सदभावना मंच कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि आपसी सौहार्द को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सभी धर्मसंप्रदाय के लोगों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा कि वक्ता के रूप में सभी धर्म के धर्मगुरूओं को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफलता के लिए सदस्यों के बीच जिम्मेवारी दी गई। जमीअत के जिला सचिव मौलाना आसिफुल्लाह ने कार्यक्रम के रूप रेखा के बारे बताया। बैठक में कहा गया कि जमीअत के ओर से सबों को निमंत्रण पत्र भेजा जाएगा। बैठक में सेंट्रल अंजुमन के सदर मो ग्यास, हाजी जावेद, डा. आलम, हाफिज शौकत, लुकमान हैदर, मौलाना सेराज, जफर खान, मो इबरार, अली ईमाम, नौशाद परवेज, सज्जाद अली सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## आजसू प्रखंड अध्यक्ष के प्रयास से जोजरो में लगा 100 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के जिंगी पंचायत अंतर्गत जोजरो नावाटोली गांव में विगत कई महीनों से ट्रांसफार्मर जल गया था। आजसू अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मुमताज अंसारी और पंचायत के मुखिया दिलीप उरांव को क्षेत्र भ्रमण के क्रम में गांव वालों ने ट्रांसफार्मर जलने और बिजली नहीं रहने से हो रही परेशानी से अवगत कराया था। जिसके बाद दोनों ने प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान से संपर्क किया। सूचना पर कलीम खान ने तत्काल विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की थी। जिसके बाद गांव में 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उदघाटन पंचायत के दिलीप उरांव और मुमताज अंसारी ने फीता काटकर किया। ट्रांसफार्मर लग जाने से गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीण उपभोक्ताओं ने इसके लिए आजसू नेताओं का आभार जताते हुए बिजली विभाग की सराहना की है। मौके पर कंचन राम, पीताबर साहू, प्रयाग साहू, जमुआ उरांव, फिरोज अंसारी, शौकत अली, मंगरू प्रधान, मनोज टोप्पो, कुर्बान अंसारी, मुबारक अंसारी, फिरोज अंसारी सहित कई पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## आदिवासी छात्रा को उच्च पढ़ाई के लिए विधायक ने दिया नकद 25 हजार

**लोहरदगा।** आदिवासी शिक्षक मित्र मंडली, लोहरदगा ने विधायक चमरा लिंडा का आभार व्यक्त किया है। मंत्री ने जिले के मेधावी आदिवासी छात्रा निशा मिंज जो कि शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल से माध्यमिक परीक्षा 2022 में 95.5 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण हुई थी। गरीबी हालत के कारण आगे की पढ़ाई में असमर्थता की बात आदिवासी, शिक्षक मित्र मंडली लोहरदगा के पास रखी। मंडली के सदस्यों के आग्रह पर जिला परिषद सदस्य, सेन्हा राधा तिर्की ने बिशुनपुर के विधायक चमरा लिंडा से सहायता के लिए अपील की। एक आदिवासी बच्ची की प्रतिभा को देखते हुए विधायक ने नामांकन हेतू 25,000/- (पच्चीस हजार रुपये) नगद एवं निःशुल्क रहने की व्यवस्था रांची में कर दिये। इस कार्य के लिए आदिवासी शिक्षक मित्र मंडली के सभी सम्मानित सदस्यों ने विधायक को और जिला परिषद सदस्य सेन्हा को आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वाले सदस्यों में-रामचंद्र उरांव, संतोष भगत, सरोज उरांव, बसंती कुमारी, सतीश चन्द्र उरांव, ताजबीर भगत, सहावीर भगत,चौहस उरांव, जलेश्वर भगत, राजेन्द्र उरांव, संदीप तलान, अरविंद कुजूर, सुनेश्वर उरांव, सुका भगत, अशोक भगत, विनोद उरांव समेत अन्य शामिल है।

### उपायुक्त ने केरसई प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, कहा-

# समयबद्ध तरीके से प्रखंड में कार्यों को करें पूर्ण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा ने बुधवार को प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय केरसई का निरीक्षण किया। उन्होने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के कार्यालय में संधारित पंजी की जांच की, साथ हीं प्रखंड अन्तर्गत क्रियान्वित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की। उन्होने झारखंड राज्य फसल राहत योजना अन्तर्गत किसानों का पंजीकरण से संबंधित कार्यो की समीक्षा की। सभी किसानों का फसल राहत योजना अन्तर्गत शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया। उन्होने कृषि कार्य, धान रोपनी एवं वषार्पात के आकड़ों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के कृषक वृन्द का ई-केवाईसी शतप्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। कार्य की प्रगति को देख-समयबद्ध तरीके से कार्यों को पूर्ण करने की बात कही। कल्याण विभाग अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में



छात्रवृति का लाभ छात्र-छात्राओं को दिलाने की दिशा में विद्यालयों से डाटा संग्रहण सहित बैंक खाता, इत्यादि की जानकारी ली। कार्य की प्रगति को देख नराजगी व्यक्त की। उन्होने विद्यालयों से छात्र-छात्राओं का ससमय डाटा संग्रहण एवं बैंक खाता से संबंधित कार्यवाही पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि हर वर्ष छात्रवृति का लाभ छात्रों को मिलता है, जिनका बैंक खाता इत्यादि उपलब्ध है, जो नये छात्र-छात्राएं है उनका बैंक खाता खोलने व छात्रवृति दिलाने से संबंधित कार्यों में विलम्ब न हो। निर्धारित कार्यों की रूप-रेखा को पूर्व से तैयार रखें, ताकि आवंटन प्राप्त होते हीं छात्रों को समय पर छात्रवृति से आच्छादित किया जा सके। कार्यालय में संधारित पंजी की जांच के क्रम में कैशबुक का ऑडिट कराने का निर्देश दिया। मदवार राशि की उपलब्धता एवं कार्यों की प्र्गति की समीक्षा की। सेवा पुस्त, पेंशन पंजी, सीएलपंजी, उपस्थिति पंजी, मनरेगा पंजी, 14वें एवं 15वें वित्त का प्रतिवेदन, शिकायत पंजी, दाखिल खारीज पंजी, बन्दोबस्ती पंजी, गैरमजरूआ भूमि पंजी, सहित अन्य कार्यालय में संधारित पंजी की जांच की। उन्होने अंचल अधिकारी को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने से संबंधित कार्यवाही ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। अंचल अन्तर्गत प्राप्त आवेदन एवं शिकायतों का ससमय निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व उपायुक्त सहित संबंधित पदाधिकारियों ने प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय परिसर में वृक्षारोपन किया। मौके पर उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर संगा, अपर समाहर्त्ता अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, जिला नजारत उप समाहर्त्ता राजेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी केरसई जयाशंखी मुर्मू, अंचलाधिकारी केरसई संजय कुमार सिन्हा सहित प्रखंड एवं अंचल के कर्मी उपस्थित थें।

## ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव पहुंचे लोहरदगा

### किस्को प्रखंड स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का किया भ्रमण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कर्मा जिम्पा भुटिया, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार बुधवार को लोहरदगा पहुंचे। संयुक्त सचिव द्वारा सर्वप्रथम किस्को प्रखण्ड स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का भ्रमण/निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उन्होंने दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना अंतर्गत संचालित कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कुल 180 युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इन युवतियों को बंगलुरू स्थित गोकुलदास इंडस्ट्रीज में प्लेसमेंट दिया गया है। संयुक्त सचिव द्वारा इस मौके पर सेंटर ऑफ इक्सीलेंस का भ्रमण किया गया और अपने अनुभव साझा किये।

**आरसेटी संस्थान, लोहरदगा का भी किया निरीक्षण :** संयुक्त सचिव द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), लोहरदगा का भी



निरीक्षण/भ्रमण किया गया। इस मौके पर संयुक्त सचिव द्वारा वहां गन टफिंग कारपेट बुनाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं से बातचीत की गई। साथ ही, आरसेटी के स्टेट डायरेक्टर शशि भूषण मिश्रा को निदेश दिया कि यह प्रशिक्षण जो 13 दिनों का है, इसे 30 दिनों का कार्यक्रम बनाये जाने के लिए प्रस्ताव दें। केंद्र सरकार द्वारा भरपूर सहयोग किया जायेगा। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्को अनिल मिंज, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन, आरसेटी निदेशक लोहरदगा मयंक कंडुलना समेत अन्य उपस्थित थे।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे कोनाप गांव पहुंचे जिप सदस्य व प्रमुख, जर्जर स्कूल का जाना हाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड के बड़काडुएल पंचायत अंतर्गत कई स्कूल भवन की स्थिति काफी जर्जर हो गई है जिसकी सूचना मिलने के पर प्रखंड प्रमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर वहां पर हालचाल जाना। जहां पर उन्होंने देखा कि भवन का स्थिति काफी जर्जर हो चुका है। फर्श भी पूरी तरह से उखड़ चुके हैं। इसके बावजूद अभी तक मरम्मती नहीं की गई है। 2017 में जिला प्रशासन द्वारा जनता दरबार में इस विद्यालय में आयोजित करते हुए तत्कालीन उपायुक्त के द्वारा मरम्मत के आश्वासन दिए थे। परंतु आज तक मरम्मती नहीं की गई। बताया गया कि बच्चे स्कूल के अंदर नहीं बैठते हैं क्योंकि जर्जर भवन से टूटने का खतरा मंडराता है। बताया गया कि पीने का पानी की बहुत समस्या है।दूर के खेत में बने खड्डे से पानी पीने का काम किया जाता है। नवनिर्वाचित जिला परिषद एवं प्रखंड प्रमुख कोनाप पहुंचे और स्कूल की स्थिति देखकर काफी नाराजगी व्यक्त की। गौरतलब हो या गांव जंगलों के बीच बसा है। स्कूल भवन तक सड़क के अभाव में ट्रैक्टर भी नहीं पहुंच पाती है पंचायत के प्राथमिक विद्यालय का भवन काफी जर्जर है। आजादी के कई दशक बीत जाने के बावजूद इन गांवों तक गाड़ी जाने लायक सड़क नही बन पाई। सड़क के अभाव में विकास योजना बाधित हो रही सरकार की लाभकारी योजना प्रधानमंत्री आवास से भी यहां के ग्रामीण वंचित हो रहे है मालूम हो कि पंचायत के कई गांवों में पहुंच पथ नही रहने के कारण प्राक्कलन राशि से आवास बनना सम्भव नही है। कुछ दिनों पूर्व इसी पंचायत के एक गर्भवती महिला को गाड़ी तक नही पहुंचा पाने के कारण जंगल मे ही प्रसव कराया गया। जिसमें बच्चे की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने बार बार प्रखण्ड में लिखित आवेदन देकर सड़क निर्माण करने की मांग की थी सड़क नही बन पाया कुछ वर्ष पूर्व उग्रवादी क्षेत्र होने के कारण गांव का विकास नही हो सका था। इधर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने भी गांव जाकर सड़क निर्माण करने की पहल करने की बात कही है। आशा है जल्द अधिकारियों द्वारा पहल कर गांव तक सड़क बन जाएगी और विकास की किरण गांव तक पहुंच पाएगी।

# जलडेगा में कृषि बजट और नीतियों पर संवाद कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड सह अंचल सभागार में सीबीजीए दिल्ली के तत्वाधान में लीड्स रांची के सहयोग से कृषि बजट एवं नीतियों पर संवाद एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बरला ने किया। इस दौरान बीडीओ ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जलडेगा जैसे सुदूरवर्ती प्रखंड में इस तरह का कार्यक्रम निश्चित ही ग्रामीणों के लिए फायदेमंद साबित होगी। मजदूर हो या किसान हो आज हर किसी को बजट और नीतियों को जानने और समझने की आवश्यकता है, जानकारी के अभाव से भी कई बार जरूरतमंदों तक योजनाएं नही पहुंचती है। वहीं कार्यक्रम को अंचल अधिकारी डॉ खगेन महतो ने भी संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, यहां कृषि की असीम



संभावनाएं होते हुए भी किसानों को उनका हक नही मिल रहा है, ग्रामीण तबके के किसान आज भी कृषि से जुड़े योजनाओं को नही ले पाते हैं, ये बहुत जरूरी है की आज किसानों को भी कृषि से जुड़े बजट की जानकारी होनी चाहिए। वहीं सीबीजीए दिल्ली के रमनदीप सिंह ने प्रोजेक्टर और पीपीटी के माध्यम से उपस्थित किसानों को कृषि बजट और नीतियों से संबंधित जानकारी दी। लीड्स से कृषि एक्सपर्ट रंजीत भेंगरा ने किसानों को कृषि कार्य और खेती बाड़ी और झारखंड फसल राहत योजना से जुड़ने की जानकारी दी। कार्यक्रम में गूगल मीट के माध्यम से सीबीजीए दिल्ली से गुरप्रीत, संतोष, राजलक्ष्मी, असदुल्लाह ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर किसानों के सवालों का जवाब देकर अपने सुझाव साझा किए। इस दौरान कार्यक्रम को प्रखंड कृषि पदाधिकारी बृज बिहारी प्रसाद, प्रमुख जुसाफ लुगुन, सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ने भी संबोधित किया।कार्यशाला में मुख्य रूप से आत्मा के बीटीएम राजेश बागे, एटीएम नितेश पौल एक्का, सुजीत प्रसाद कुशवाहा, उप प्रमुख शशि सत्यभामा बडिंग, मुखिया बिमला देवी, बालमुनी लुगुन, माग्रेट सुरीन, अनिमा तोपनो, बिपिन बडिंग, लीड्स संस्था के आलोक कुमार, जोसेफ लुगुन, कलिंद्र प्रधान, योगेश कुमार, नरेंद्र मिश्रा के अलावा भारतीय लोक कल्याण संस्थान से सोनू सिंह, फीया फाउंडेशन से सुमंती बागे, कृषि मित्र, जेएसएलपीएस के कार्यकर्ता और किसान भाई बहन उपस्थित थे।

## विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस पर आज होगा नगर क्षेत्र का कार्यक्रम : चंदन गोयल


**लोहरदगा।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की एक संयुक्त बैठक नगर अध्यक्ष चन्दन गोयल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें प्रान्त द्वारा जारी दिशा निर्देश को देखते हुए आज को शाम 4.30 बजे से विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस कार्यक्रम स्थानीय बरवा टोली अवस्थित कुंजलाल भवन में करने का निर्णय लिया गया। जिसमे विशेष रूप से अतिथि के तौर पर आनंद कुमार, क्षेत्रीय संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद पटना क्षेत्र तथा डॉ वीरेंद्र साहू प्रांत मंत्री विश्व हिंदू परिषद झारखंड उपस्थित रहेंगे। नगर अध्यक्ष चन्दन गोयल ने बतलाया कि विश्व के बिखरे सभी सनातन धर्मावलंबियों को एकसूत्र में बांधने हेतु विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना 1964 में हुई। इसके संस्थापकों में स्वामी चिन्मयानंद, एसएस आपटे, मास्टर तारा सिंह थे। पहली बार 21 मई 1964 में मुंबई के संदीपनी साधनाशाला में एक सम्मेलन हुआ। सम्मेलन आरएसएस सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने बुलाई थी। अतः इस ऐतिहासिक दिवस को पूरी धूम धाम से मनाने हेतु जिला के सभी सनातन अभिवावक, युवा, महिलाएं इत्यादि सादर आमंत्रित हैं। आप सभी से अनुरोध होगा कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपना हिन्दू होने का परिचय दें।

# पैसे लेकर ईंट नहीं देने को लेकर ईंट भट्ठा संचालक के विरूद्ध एसपी से लगाया न्याय की गुहार

- किस्को प्रखंड के ग्राम पंचायत अरेया अंतर्गत ग्राम चरहु का मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अरेया के ग्राम चरहु में मुस्लिम कब्रिस्तान का चहारदीवारी घेराबंदी को लेकर ईंट नहीं देने और ईंट भट्ठा मालिक के द्वारा बगैर ईट दिये ही राशि हड़पने के मामले को लेकर जिले के पुलिस कप्तान आर रामकुमार के समक्ष आवेदन देकर लाभुक समिति के अध्यक्ष इमरान खान व सचिव मुमतजीर अंसारी के द्वारा न्याय की गुहार लगाया गया है। इधर एसपी को दिये गये आवेदन में लाभुक समिति के अध्यक्ष इमरान खान पिता तोहिद खान सचिव मुमतजीर अंसारी पिता स्वर्गीय दिलमोहम्मद अंसारी ग्राम चरहु पोस्ट चरहु थाना बगडू के द्वारा उल्लेख किया गया है कि मुस्लिम कब्रिस्तान चरहु का चहारदीवारी



निर्माण कार्य मिला हुआ है। आवेदन में कहा गया है कि चहारदीवारी निर्माण कार्य हेतु ईंट खरीदने के लिए प्रमोद साहू पिता लक्ष्मी साहू ग्राम मेरले थाना बगड़ू जिला लोहरदगा को बैंक चेक के माध्यम से अग्रिम राशि 01 लाख 74 हजार 50 रुपए दिया था तथा मीठा ईंट का 7 हजार रुपये के दर से तय हुआ था। आवेदन के माध्यम से एसपी को अवगत कराते हुए कहा गया है कि ईंट भट्ठा मालिक मेरले निवासी प्रमोद साहू को चेक दिनांक 14 मार्च 022 को दिया था जिसका चेक संख्या 884555 है। इधर कब्रिस्तान निर्माण कार्य लाभुक समिति के अध्यक्ष इमरान खान और सचिव मुमतजीर अंसारी के द्वारा एसपी लोहरदगा को आवेदन देकर कहा गया है कि चेक से मेरे खाता पंजाब नेशनल बैंक से रुपए निकासी करने के पश्चात समय पर प्रमोद साहू के द्वारा ईंट की आपूर्ति नहीं किया गया है इस कारण मुझे वित्तीय घाटा उठाना पड़ा और दूसरे जगह से ईंट खरीदकर कार्य को पूर्ण करना पड़ा। इधर अध्यक्ष और सचिव के द्वारा एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा गया है कि 01 लाख 74 हजार 50 रुपए का ब्याज के साथ ईंट भट्ठा मालिक प्रमोद साहू से पैसा वापसी कराया जाये।

## अधेड़ महिला की संदेहास्पद मौत, शराब सेवन से मौत होने का हुई पुष्टि

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत बदला पंचायत ग्राम में एक महिला की मौत संदेहास्पद तरीके से होने की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस। सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत को महिला की संदेहास्पद मौत होने का सूचना मिला था। वहीं मामला को संज्ञान में लेते हुए उनके निर्देश पर जमशेद खान दलबल के साथ घटना स्थल बदला पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए। बताया जाता है कि बदला निवासी दुर्गा साहू की 40 वर्षीय पत्नी उमा देवी की मौत शराब का अधिक सेवन करने से हुआ है। वहीं परिजनों ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि महिला उमा देवी सुबह से खाली पेट में शराब का सेवन करती थी। एक सप्ताह पूर्व से खाना नही खा रही थी। 23 अगस्त को इसी तरह शराब सेवन करने के बाद सो गई जब उठाने गए तो कुछ नही बोल रही थी। तभी स्थानीय स्वस्थ्य कर्मी को बुला कर जांच करवाया तो मृत घोषित किया। परिजनों द्वारा इस घटना पर किसी के प्रति शक संदेह नही होने की बात कहा जा रहा है। घटना को लेकर जमशेद खान ने बताया कि परिजनों एवं ग्रामीणों के अनुसार महिला काफी मात्रा में शराब का सेवन करती थी। जिसके कारण उसकी मौत हुई है।

### चोरी का खुलासा, सामान बरामद

## शाहबाज अंसारी उर्फ बौना और अफरोज अंसारी उर्फ जैनटूर उर्फ मनौवर गिरफ्तार, भेजे गये जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा।** कुडू थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिंजो गांव में बिते माह हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया। जेल भेजे गए अभियुक्तों में सिंजो गांव निवासी शहजान अंसारी के पुत्र शाहबाज अंसारी उर्फ बौना 19 एवं फिरोज अंसारी के पुत्र अफरोज अंसारी उर्फ जैनटूर उर्फ मनौवर शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से चोरी गए सभी सामान भी बरामद कर लिया है। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी कुडू थाना काण्ड संख्या 125/ 22 धारा 380 के अप्राथमिक अभियुक्त थे। बिते माह 29 जुलाई की रात सिंजो स्थित प्राइमरी हेल्थ सेंटर (सीएचसी) में कार्यरत एएनएम स्वेता कुजूर के कमरे में रखे एक टैब, चांदी का दो जोड़ा पायल, चांदी का दो जोड़ा इयर रिंग, सोने का कान का टॉप, झुमका और एक बिछिया की चोरी कर ली थी। एएनएम ने इसको लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# भीठा स्कूल के प्रधानाध्यापक पर मध्याह्न भोजन के प्रतिपूर्ति राशि घोटाले का आरोप

- शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं, बच्चों के युगदृष्टा होते हैं लेकिन कलयुगी शिक्षक ने ही गरीबों के बच्चों की निवाला छीनने और खाना खाने की राशि हड़पने का कुत्सित प्रयास किया
- भंडरा प्रमुख ने प्रिंसिपल को निलंबित करने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** लोहरदगा के सरकारी स्कूलों मे मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत प्रतिपूर्ति भत्ता कोविड 19 काल और स्कूल बंद होने के समय का बच्चों के खाता में एमडीएम नहीं बनने और बच्चों को नहीं खाने के कारण ये प्रतिपूर्ति राशि सरकार द्वारा बच्चों के खाते मे डायरेक्ट ट्रांसफर करने का निर्देश प्राप्त हैं। यदि



किसी बच्चे का खाता नहीं हैं तो उसके माता पिता के संयुक्त खाता मे भी राशि प्रतिपूर्ति का बैंक अकॉउंट मे जमा करना था साथ ही यदि किसी बच्चे का कोई खाता नहीं हैं तो ऐसे छात्रों को नगद राशि उपलब्ध कराया जाना हैं। लेकिन लोहरदगा जिला के भंडरा प्रखंड के भिट्ठा भीठा मध्य विद्यालय के प्रभारी संजीव कुमार ने बच्चों की प्रतिपूर्ति की राशि सरस्वती वाहिनी संचालन समिति से बैंक मे निकासी करा कर अपने पास लाखो की राशि रख लिया था, लेकिन अभिभावक एवं भंडरा प्रमुख को जैसे जानकारी प्राप्त हुई उन्होंने प्रभारी को अविलम्ब बच्चों को प्रतिपूर्ति राशि वितरण करने का निर्देश दिया गया तब आनन फानन मे प्रभारी संजीव कुमार द्वारा घर घर जाकर प्रतिपूर्ति की राशि कुछेक बच्चों को वितरण करने लगे तब पुनः अभिभावक ने विरोध करते हुई सभी नामांकित बच्चों को राशि वितरण करने का आग्रह किया गया और प्रभारी के द्वारा प्रतिपूर्ति की राशि जो लगभग लाखो रुपैया की हैं अपने पास कई महीना तक रखे रहने का मामला प्रकाश मे आया जो घपला करने की नियत से किया गया था और अब बैठक कर जाँच टीम बनाई गयी हैं जो प्रभारी के क्रियाकलाप पर जांच करेंगी और प्रतिपूर्ति भत्ता पर प्रभारी द्वारा किया गया। अनियमितता की भी जाँच करेगा और जाँच रिपोर्ट के बाद करवाई की जाएगी। प्रतिपूर्ति घोटाला का यह मामला भंडरा थाना क्षेत्र के भीठा सरकारी मध्य विद्यालय का है मौके पर प्रखंड के प्रमुख बरिया देवी ने जानकारी देते हुए बताया सरकार के द्वारा विद्यालय में पढ़ रहे गरीब बच्चों को मध्यान भोजन का पैसे भेजा गया था लेकिन विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने किसी को भनक तक लगने नहीं दी और सारा राशि को हड़प कर लिया। मामले की जानकारी अभिभावकों को हुई जिसके बाद मामला तेज हो गया जिसके बाद भंडरा के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं प्रमुख तथा विभागीय पदाधिकारियों को हुई। उन्होंने ग्रामीणों के बीच जाकर मिले और सच्चाई का पता लगाया जिसमें सत्यता पाया गया। मौके पर प्रमुख बरिया देवी ने बतलाया कि कुछ कुछ बच्चे को आधे पैसे वितरण कर पूरे पैसे को हजम कर लिया गया है। प्रमुख ने यह भी बताया घोटाले का यह मामला पूरे प्रखंड में आग की तरह फैल गई है और क्षेत्र की बदनामी हो रही है और अब विद्यालय के प्रिंसिपल अपने ऊपर कार्रवाई के डर से बच्चों के घर घर पहुँच कर मैनेज करने में जुटे हैं। गांव के भोले भाले अभिभावकों को पैसे देकर अपने पक्ष में समझाने बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों से अंगूठा लिया जा रहा है। अपने पक्ष में अभिभावकों और बच्चों से बयान लेकर वीडियो बनाया जा रहा है ताकि कार्रवाई से किसी तरह बचा जा सके। इधर जिला डीएसई अपरूपा रॉय चौधरी से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच में सत्यता पाई गई है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। इधर प्रखंड प्रमुख बरिया देवी ने कहा कि जल्द से जल्द विद्यालय के प्रिंसिपल संजीव कुमार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। विद्यालय में गरीब बच्चों के आए पैसे को लगातार घोटाले करते आ रहे हैं, जो की बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारे क्षेत्र में भ्रष्टाचारी की कोई जगह नहीं है। उनपर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, अब देखना यह है कि इतने बड़े मामले में क्या कार्रवाई होती है।

### आरोप पूरी तरह निराधार व बेबुनियाद है : प्रधानाध्यापक

मामले में प्रधानाध्यापक संजीव कुमार ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि आरोप निराधार, बेबुनियाद है। हमने पैसा निकासी करके बच्चों के बीच बांटने की कोशिश किया लेकिन किचकिच होने के कारण छोड़ दिया था बाद में कमिटी बनाकर पैसा बांटने का कार्य किया जा रहा है।

## न्यूज गैलरी

### 10 लाख की लागत से बना चिल्ड्रेन पार्क लावारिस हालत में

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के द्वारा शहर के हमीदगंज बीएन कॉलेज पानी टंकी के पास बच्चों के मनोरंजन के लिए 10 लाख की लागत से चिल्ड्रन पार्क बनाया गया है। इस चिल्ड्रन पार्क की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। इसका उद्घाटन हुए अभी 3 दिन भी नही हुआ है। अभी से ही बच्चों के मनोरंजन का सामग्री बर्बाद होने लगा है, इसके सभी पार्ट्स पुर्जे ढीले पड़ गए हैं। इसका कारण यह है कि क्षमता से अधिक बच्चे खेलने के सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं चिल्ड्रन पार्क का चारदीवारी भी मजबूत नहीं है जिसके कारण लोग चार दिवारी फांद कर पार्क में लगे सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं। शाम और सुबह यहां बड़ों से लेकर बच्चों तक का हुजूम लगा रहता है। यदि समय रहते पार्क की देखरेख नहीं की गई तो एक दो महीना के अंदर ही पार्क का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। इन सभी समस्याओं से निपटने के लिए नगर निगम को चाहिए कि पार्क की देखरेख के लिए 5 रुपया टिकट कर दिया जाए तो इससे पाक की मेंटेनेंस भी बरकरार रहेगी और लोग पार्क में लगे सामान को भी बर्बाद नहीं करेंगे।

### डीसी ने सम्प्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बाल सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। यहां आधारभूत संरचनाओं सहित मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेकर कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने किशोरों के रहने वाले कमरों के निरीक्षण के क्रम में पाया कि कई रूम में बिजली का वायरिंग झूल रहा है इसकर उन्होंने भवन निर्माण के कनीय अभियंता को ऐसे सभी वायरिंग को दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया। विधि-व्यवस्था के मद्देनजर उन्होंने सुपरिटेंडेंट को सीसीटीवी का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते रहने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने छोटे-मोटे अपराध में अधिक समय से रहे रहे बाल कैदियों को रिलीज करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संप्रेषण गृह में रह रहे बच्चों संग संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से हाल-चाल एवं उनको दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता से संबंधित भी वार्ता किया। वहीं शौचालय के निरीक्षण के क्रम में प्रतिदिन साफ-सफाई कराते रहने को कहा। वहीं बच्चों से सामग्री की आवश्यकता के बारे में भी अवगत हुए । मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी ,भवन निर्माण के कनीय अभियंता, संरक्षण पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

### परीक्षा नियंत्रक को कितने मोबाइल उपलब्ध करा रही एनपीयू : अभिषेक

**मेदिनीनगर।** अखिल पलामू छात्र संघ (आपसू) के अध्यक्ष अभिषेक कुमार मिश्रा ने एनपीयू की कार्यप्रणाली पर रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा की लालफिताशाही चरम पर है और सिर्फ यहां पदाधिकारी अपने एशोगाह का व्यवस्था बना रखें है। उन्होंने कहा कि भारत की सभी मोबाइल नेटवर्किंग कंपनी 3000 में पुरे वर्ष इनकमिंग और आउटगोइंग दो जीबी प्रति दिन नेट के साथ फ्री दे रही है तो परीक्षा नियंत्रक को अलग से 1000 प्रतिमाह देने का निर्णय संदेहास्पद लगता है। विश्वविद्यालय प्रबंधन को बताना चाहिए की परीक्षा नियंत्रक को कितने मोबाइल उपलब्ध करवा रही। कभी विश्वविद्यालय छात्र कल्याण पर भी सिंडीकेट में चर्चा करती तो विद्यार्थियों को भी संतुष्टि मिलती । गौरतलब है कि एनपीयू के कार्यप्रणाली पर विगत दिनों से छात्र संगठनों के द्वारा लगातार विरोध जताया जा रहा है। अब एक बार फिर एनपीयू के द्वारा लिए गये निर्णय पर छात्र संगठन मुखर हो रहे है।

### जिला स्वर्णकार संघ ने सम्मान समारोह का आयोजन किया

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला स्वर्णकार संघ ने द्वितीय वर्ष गांठ के अवसर पर संत शिरोमणि नरहरी दास महाराज (सोनार) के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ, झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सम्माननीय दुर्गा जौहरी, पलामू जिला स्वर्णकार संघ, पलामू के जिला अध्यक्ष युगल किशोर शरण, उपाध्यक्ष जयराम कुमार बर्मन, स्वर्णकार संघ बिश्रामपुर के प्रखंड अध्यक्ष बिगन प्रसाद सोनी, उपाध्यक्ष अवधेश सोनी, मंत्री सीताराम सोनी ,सचिव ललन सोनी, कोषाध्यक्ष उमेश सोनी ,मीडिया प्रभारी सत्यम सोनी और रामचंद्र सोनी ,संरक्षक रघुनाथ प्रसाद सोनी इत्यादि कई गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

### समृद्धि की पाठशाला में कलाकार सचिन शर्मा बच्चों से मिले

**मेदिनीनगर।** समृद्धि की पाठशाला में मि.प्लानेट वर्ल्ड टैलेंट एम्बेसडर 2016 में चयनित सचिन शर्मा जो अब जी टीवी में राधा मोहन सीरियल में प्रेस रिपोर्टर के रूप में दिखाई देते है। सचिन शर्मा ने समृद्धि के बच्चों से मिलने बुधवार को पाठशाला पहुँचे। पलामू के लोग उनके छोटे से रौल को भी देखकर काफी खुश हैं। सभी उन्हें और भी बड़े रूप में देखना चाहते हैं। 2016 में मिली सफलता के बाद वे नि:शुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला में आए । इस बार उनके आने की जानकारी जब मिली तो पाठशाला परिवार उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की। सचिन पहले की तरह पाठशाला आने को तैयार हो गये। उनका आना और उनके सुंदर व्यक्तित्व और अच्छे व्यवहार ने सबों के मन को जीत लिया। वही आरती श्रीवास्तव जो मिशन समृद्धि संस्था की सहयोगी हैं। उनका जन्मदिन भी रहा। सचिन ने सभी बच्चों को टॉफी प्रदान कर उन्हें बधाई दी।

### सुखाड़ को लेकर भाकपा की बैठक

**मेदिनीनगर।** भाकपा के अंचल कमेटी ने हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय पर कामरेड सचिदानंद पाठक की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसका संचालन कामरेड भोला सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए राज्य कार्यकारिणी सदस्य सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज देश में मोदी के राज में कारपोरेट मालोमाल एवं जनता कंगाल हो रहे हैं। वहीं इस वर्ष पुरे पलामू जिला सहित हुसैनाबाद अंचल अकाल की चपेट में है लेकिन सरकार के द्वारा अभी तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। राज्य सरकार तत्काल हुसैनाबाद अंचल को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य चालू करनी चाहिए। भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि पलामू जिला सहित हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय भीष्म अकाल की चपेट में है। भदई फसल के साथ धान की रोपाई भी नहीं हो सका। वही आम लोगों के इस्तेमाल करने वाला रोजमर्रा की खाद्य वस्तुओं में मोदी जी ने जीएसटी लगा दिया। मंगहाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ऐसी परिस्थिति में केंद्र सरकार पलामू जिला को विशेष पैकेज दे। धरना को वंशी ठाकुर,भीम प्रजापति, देवेन्द्र प्रसाद कश्यप, बलिराम सिंह,सरयु सिंह,आदी ने संबोधित किया। धरना में अवरूद्ध मेहता, परमेश्वर मेहता,बाबुलाल रजवार,बाबुलाल चौधरी,युगेशवर मेहता, मंदीप ठाकुर, राजमती कुअंर, दुलारी देवी,राजपति देवी,देवनती देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

---

धूमधाम से मनी डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती, बोले विधायक

# झारखंड आंदोलन के अगुआ थे डॉ रामदयाल मुंडा




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उमंग, उत्साह और ढ़ोल नगाड़े के थाप के बीच मंगलवार की देर रात पार्वती शर्मा इंटर कॉलेज में डॉ रामदयाल मुंडा की जयंती मनाई गई। मौके पर रंगारंग आदिवासी संस्कृति नाच का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और उनके साथ मौजूद उनकी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी ढ़ोल, नगाड़े और मांडर की थाम पर झूमते हुए नजर आए। विधायक आधारित नृत्य की प्रस्तुति कर माहौल को खुशनुमा बनाया। अब बारी थी विधायक भूषण बाड़ा के संबोधन की। उन्होंने डॉ राम दयाल मुंडा के कथन-जे नाची से बाची से अपना भाषण शुरू किया और सबको अखडा में थिरकने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर रामदयाल मुंडा बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे झारखंड आंदोलन के अगुआ थे। उनकी पहुंच देश-विदेश के साहित्यिक- सांस्कृतिक-राजनीतिक मंचों तक सहज रूप में थी। रामदयाल मुंडा की प्रतिष्ठा गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर-पूर्वी आदिवासी समाजों में जैसी रही, वैसी बहुत कम आदिवासी बुद्धिजीवियों की रही है। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आदिवासी समाज, साहित्य, कला और संस्कृति के संदर्भ में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।बता दें कि पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज सिमडेगा में छोटानागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र सिमडेगा द्वारा टाटा स्टील फाउंडेशन के सौजन्य से पहली बार पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की 83 वीं जयंती सह अखड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कर्यक्रम का उदघाटन विधायक भूषण बाड़ा, टाटा स्टील फाउंडेसन के मैनेजर शिव शंकर काण्डेयोंग,जिला खेल पदाधिकरी प्रवीण कुमार, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, संत जेवियर कॉलेज के प्राचार्य फादर एफ्रेम बाः ,संत मेरीज हाई स्कूल के प्राचार्य फादर फेड्रिक कुजूर,टाटा स्टील फाउडेशन के फील्ड कोडिनेटर रितेश टुडु, हरीश सिंह सरदार,सुदर्शन भूमिज,साधु मलुवा,टी पी सिंह,मोहन साहु, गोलोरिया सोरेंग,सिस्टर फुलरीदा,सत्यव्रत ठाकुर,संजय मिश्रा,श्याम सुंदर मिश्रा, सोनी सूचिता मिंज,प्रो आर के कासी, शीला देवी,नोमिता बा, के द्वारा डॉ रामदयाल मुंडा के तस्वीर पर फूल माला चढाते एवं नगाड़ा बजा कर किया गया।वहीं शिव शंकर काडेयोंग ने कहा अखड़ा को बचाने के लिए नई पीढ़ी के लोगों को आगे आना होगा। कलाकारों को निःस्वर्थ भाव से अखरा को बचाने के लिये आगे आने की बात कही।

## झामुमो केरसई प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन, प्रेम प्रकाश बने अध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली सिमडेगा के सदस्यों के द्वारा केरसई बाजार में बुधवार को आवश्यक बैठक करते हुए प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया जहां पर सर्व समिति से केरसई प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में प्रेम प्रकाश कीड़ो,सचिव जॉन पोल ,उपाध्यक्ष बिमल डुंगडुंग, रणधीर खाखा कोषाध्यक्ष निमरोध कुल्लु को बनाया गया। सहायक मंडली सदस्य सफीक खान ने प्रखंड कमेटी गठन करते हुए प्रखंड अध्यक्ष को शुभकामना दी साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द पंचायत कमेटी का गठन करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा को विस्तार करे। आगे कहा कि झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें जिससे कि आम जनों को सरकार के हर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। मौके पर इस बैठक में जिला संयोजक मण्डली के सदस्य, सफीक खान, अनिल कंडुलना, अनिल तिर्की, ऑस्कर डांग और केंद्रीय समिति सदस्य मो शाहिद, मो फिरोज अली, बिरजो कंडुलना के अलावा नोवास केरकेट्टा, बीरेंद्र बड़ा, जावेद अख्तर, कलामुद्दीन अंसारी, जोसफ तिर्की, बिरतूस कुजूर रंजीत तिर्की, मरियानुस टोपो, रामनाथ चिक बड़ाईक, सुमित लकड़ा अशोक कुमार दास, रणधीर खेस आदि उपस्थित थे।

## ई-केवाईसी अवश्य रूप से कराएं पीएम किसान सम्मान निधि के लाभुक : बीडीओ



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** बीडीओ राकेश साहनी सहाय ने पीएम किसान सम्मान निधि की राशि नियमित रूप से लेने के लिए सभी किसानों को ईकेवाईसी आवश्यक रूप से कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिन किसानों को प्रत्येक 4 महीने पर दो 2000 मिलते हैं। वैसे किसानों को सूचना दी जा रही है कि वे प्रज्ञा केंद्र में केवाईसी अवश्य करा लें और इसके लिए 3 दिनों का समय दिया गया है। बीडीओ ने कहा ई-केवाईसी नहीं कराने वाले किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा। प्रज्ञा केंद्र में जाकर अपना बैंक खाता आधार कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाइल को अपडेट कराले अन्यथा वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित रह जाएंगे। उन्होंने कहा बरवाडीह प्रखंड में कुल 6600 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभूक व किसान हैं और अभी तक सिर्फ 2000 किसानों ने अपना ईकेवाईसी कराया है। उन्होनें कहा इसके अतिरिक्त अभी भी 900 प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभुक ऐसे हैं जिन्होंने अपना जमीन संबंधी डाटा अपने राजस्व कर्मियों को नहीं दिया है। ऐसे किसानों को भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से वंचित कर दिया जाएगा यदि वे 3 दिनों के अंदर अपना जमीन संबंधी कागजात राजस्व कर्मी को प्रस्तुत नहीं करते हैं योजना से वंचित हो जायेंगे।

अमड़ीहा ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

## बेहतर खेल का प्रदर्शन करें खिलाड़ी: नसीम



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यायल के मंगरा पंचायत अन्तर्गत अमडीहा बाजारटांउ मे ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू बिस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी व मंगरा मुखिया ने की शिरकत किया। टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच छेंचा व मुरु के बीच खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया वही अतिथियों ने बारी-बारी सेबाल उछाल कर मैच का शुभारंभ किया। वही शुरूआती मैच छेचा और मुरु कि टीम बीच खेला गया जिसमें मुरु की टीम 1-0 से विजय रही है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि ने कहा की अमडीहा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन कर यहां के खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म दिया जा रहा है, जहां खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से अपना प्रतिभा दिखाने का मौका मिल रहा है ये काबिले तारीफ है। उन्होंने ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए ग्रामीण खेलकूद व फुटबॉल प्रतियोगिता नियमित करने पर जोर दिया। वही 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण फुटबॉल मैच का आयोजन कर ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए कई अवसर दे रहा। उन्होंने ग्रामीण खिलाड़ियों को अपने अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन पर जोर दिया ताकि उसे आगे आने का मौका मिल सके. टूनार्मेंट में आसपास के 2 दर्जन से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया है। मौके पर मनोज सिंह, पंकज कुमार,अनिल सिंह, सुजीत कु गुप्ता, विक्की सिंह छटु सिंह, संतोष सिंह चेरो समेत काफी संख्या में फुटबॉल प्रेमी मौजूद रहे।

### धीरज कुमार बने दुर्गा पूजा समिति पांडेयपुरा के अध्यक्ष

**चतरा/हंटरगंज।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पांडेयपुरा में आगामी दुर्गा पूजा के भव्य आयोजन को लेकर ठाकुर बाड़ी स्थित राम मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संतन साहू ने किया। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को भव्य एवं हर्षोल्लास से मनाने को लेकर विचार-विमर्स करते हुए पुराने समिति को भंग कर नए दुर्गा पूजा समिति पांडेयपुरा का गठन किया गया और सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष धीरज कुमार को, उपाध्यक्ष सुमन प्रसाद, सचिव मनोज राम, कोषाध्यक्ष कुंदन कुमार, पूजा संरक्षक संतोष प्रसाद साहू, विजय प्रसाद, बृजनंदन प्रसाद, राजेश मेडिकल, अशोक साहू एवं महिला संरक्षक उषा देवी को बनाया गया। पूजा समिति के सभी सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा को आकर्षक रूप से मनाया जाएगा। इसके लिए अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। बताया गया कि पिछले वर्ष कि भाति इस वर्ष भी भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। मौके पर जगनारायण भारती, आनंद प्रसाद, भोला साहू, राकेश प्रसाद, राजेश प्रसाद डिलर, सुधांशु शेखर, रंजीत ठाकुर, मोनू कुमार, सुभाष प्रसाद, रंजन कुमार आदि उपस्थित थे।

### सर्पदंश से दो वर्षीय बच्चे की मौत

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लमटा पंचायत स्थित आतमपुर गांव के कंसियाडीह टोला निवासी करीमन भुइयां के दो वर्षीय पुत्र रोहित भुइयां की मौत सर्पदंश से हो गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाजसेवी मंटु कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम रोहित खाना खाने के बाद खेलने के लिए घर से बाहर निकला था और दरवाजे से कुछ ही दूरी पर खेल रहा था। इसी बीच पास के बील से निकलकर कोबरा सांप नें उसे डंस लिया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

विभिन्न विद्यालयों में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

## विद्यार्थियों में प्रैक्टिकल का ज्ञान होना जरूरी: रंजन



नवीन मेल संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना कार्यक्रम, जिला परियोजना कार्यालय लोहरदगा तथा सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज सी थ्री के तकनीकी सहयोग से किस्को प्रखंड के क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में लगातार दूसरे दिन पोस्टर प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता में किस्को प्रखंड के सभी मध्य, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सहित अन्य सभी सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के विद्यार्थी द्वारा स्वास्थ्य बढ़ना, भावनात्मक कल्याण व मानसिक स्वास्थ्य, जेंडर समानता, पोषण एवं स्वास्थ्य, मादक द्रव्यों का सेवन की रोकथाम एवं प्रबंधन, स्वास्थ्य जीवन शैली, प्रजनन स्वास्थ्य एवं एचआईवी की रोकथाम, हिंसा व चोट के खिलाफ सुरक्षा, इंटरनेट व सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, मानव तस्करी, बाल विवाह, सड़क सुरक्षा एवं दहेज प्रथा जैसे विषयों पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा एक उत्साहवर्धन के साथ उक्त सभी विषयों पर पोस्टर बनाया गया और पोस्टर प्रतियोगिता के उपरांत शिक्षकों के द्वारा तीन बेहतर पोस्टर का चयन कर उक्त चयनित पोस्टरों को गूगल फॉर्म में अपलोड किया गया। इधर पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओ में एक उत्साह देखा गया एवं सभी विद्यार्थी को पोस्टर के द्वारा अपनी प्रतिभा को दिखाने का मौका मिला। साथ ही विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत 6 से 12वीं तक के सभी विद्यालय में आरोग्य दूत के द्वारा सत्र का आयोजन किया गया। मौके पर सी तृतीय के रंजन कुमार ने कहा कि बच्चों में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कर उन्हें प्रैक्टिकल का ज्ञान बढ़ाना मुख्य वजह है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज सी थ्री के रंजन कुमार, पवन कुमार गुप्ता,नन्दलाल उरांव, नवल कुमार, मुबेद आलम एवं विद्यालय के आरोग्य दूत और आरोग्य मैसेंजर आदि मौजूद थे।

## मुखिया के नेतृत्व में कृष्ण जन्माष्टमी की छटी महोत्सव धूमधाम से आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत बरवाडीह मुखिया पम्मी देवी के द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के छठी महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित की गई ।जिसमें पंचायत के सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने उक्त भगवान श्री कृष्ण के छठी महोत्सव आयोजन में भाग लिए तत्पश्चात पंडित पुरोहित कौशल पांडे की उपस्थिति में मुखिया पम्मी देवी के द्वारा भगवान श्री कृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना एवं लला का भोग भी पूरे विधि विधान के साथ किया गया। वहीं मुखिया पम्मी देवी के द्वारा पूरे गांव के लोगों को दाल भात कढी का भोग लगाकर प्रसाद का भी वितरण किया गया । वहीं पूजा अर्चना के दौरान मुखिया पम्मी देवी ने भगवान श्रीकृष्ण से अपने क्षेत्र सहित पूरे देश में सुख समृद्धि के लिए कामना भी की । तत्पश्चात लड्डू गोपाल के पूजन उपरांत माखन मिश्री का भोग लगाकर छठी उत्सव मनाया गया । साथ ही श्रद्धालुओं के द्वारा, नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की इत्यादि भजन को भी प्रस्तुत किया गया। मौके पर चंद्रदेव यादव, किशोर साहू, रामा शंकर गुप्ता, विनोद पासवान,भोला यादव, उमेश यादव, विनय पासवान, शीतल यादव, प्रदीप चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में गांव के महिला पुरुष मौके पर उपस्थित थे ।

# पुलिस लाइन कब्रिस्तान की विवादित भूमि की मापी को लेकर बजरंग दल की बैठक




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की एक बैठक गीता भवन स्थित विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय में बुलाई गई। जहां कब्रिस्तान के विवादित भूमि के अतिक्रमण के बारे में चर्चा की गई। परिषद के हस्तक्षेप के बाद अंचल कार्यालय से सूचना मिली है कि कल विवादित भूमि की मापी और सीमांकन कर के विवाद को निपटाया जायेगा। आज के बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विश्व हिंदू परिषद_ बजरंग दल इसके अन्य आयाम तथा अन्य हिंदू संगठन के के जिला तथा नगर समिति के सम्मानित कार्यकर्ता मापी के समय विवादित स्थल पर उपस्थित रहेंगे और प्रशासन के द्वारा जो भी निष्पक्ष फैसला दिया जायेगा। उसका अक्षरशः पालन करेंगे। ज्ञातव्य हो कि कुछ दिन पूर्व पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में पुलिस लाइन के पास स्थित कब्रिस्तान की भूमि को बढ़ाने को लेकर के विवाद हुआ था। जिसमें विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भरपूर विरोध जताते हुए संबंधित पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था। उस समय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने तत्काल कार्यवाही करते हुए चहारदीवारी की नये निर्माण पर रोक लगा दी थी। पुनः 21 अगस्त, रविवार की सुबह चहारदीवारी की जमीन पर कार्य करना शुरू किया गया था। परिषद के द्वारा आपत्ति किये जाने पर कार्य को रोक कर मापी और सीमांकन की जा रही है। आज के बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला सह मंत्री अमित तिवारी, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप कुमार दास, विश्व हिंदू परिषद के मेदनीनगर नगर मंत्री सौरभ कुमार कर्ण, सह मंत्री धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी, नगर बजरंग दल संयोजक विवेक चौबे, सह संयोजक संदीप कुमार गुप्ता, सह संयोजक रंजन वर्मा, सुभाय राज, संजय कुमार, चैनपुर से आनंद कुमार चौरसिया, नागेंद्र चौरसिया, समरसता सह प्रमुख शशि भूषण मिश्र, मंदिर मठ प्रमुख संजय कुमार प्रजापति, गौ रक्षा प्रमुख लोकेश राणा, वार्ड संयोजक बासु कुमार, नगर सह संयोजक दीपक कुमार, विद्यार्थी प्रमुख अमलेश पासवान, वार्ड संयोजक सूरज कुमार, पवन कुमार इत्यादि अनेकों सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक होटल से दो साल की बच्ची का अपहरण, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के सदर थाना क्षेत्र के हजारीबाग रोड में स्थित एक होटल से दो साल की बच्ची को अगवा कर लिया गया है। इस वारदात को बुधवार सुबह दस बजे अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि होटल में खाना खाने के लिए आयी एक महिला ने बच्ची को अपने साथ लेकर जाती दिखी है। बच्ची का नाम मोमो है और वह न्यू नगर दीपाटोली की रहने वाली है। इस संबंध में बच्ची की मां तारा देवी ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस उस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा से फुटेज निकाल रही है। हालांकि अब तक पुलिस को मामले में कोई अहम जानकारी नहीं मिली है। पुलिस को आशंका है कि आरोपी महिला बूटी मोड़ या फिर कांटाटोली की ओर से बच्ची को लेकर गयी है।

**होटल में खाना खाने पहुंची थी महिला :** तारा ने पुलिस को बताया कि उसके माता-पिता का खेलगांव चौक के पास एक झोपड़ीनुमा होटल है। वह प्रतिदिन बच्ची को उसके माता-पिता के पास छोड़कर काम करने के लिए चली जाती है। बुधवार की सुबह नौ बजे वह अपनी बच्ची को उसके नाना-नानी के पास छोड़कर चली गई थी। एक घंटे के बाद उन्हें यह सूचना मिली कि उसकी बच्ची गायब हो गयी है। मामले की जानकारी मिलने के बाद वह सीधे होटल पहुंची। इसी क्रम में पता चला कि एक महिला खाना खाने के लिए उस होटल में आयी थी। खाना खाने के बाद उसने बच्ची को गोद में उठाकर अपने साथ ले गयी। आसपास में मौजूद लोगों ने भी उस महिला को बच्ची को लेकर जाते हुए देखा था। महिला की ओर से दिए गए आवेदन के बाद पुलिस बच्ची की तलाश में जुट गई है।

सम्पादक की कलम से...

## स्वास्थ्य व्यवस्था बीमार

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले दिनों कहा है कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में हमारी सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। लेकिन इस सच्चाई से कोई मुंह नहीं मोड़ सकता कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था खुद बीमार है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोग चिकित्सा के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। बहरहाल यूनानी, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा प्रक्षेत्र में पढ़ाई सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार चिंतित है। यह अच्छी बात है। इसके लिये ग्रामीण क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों को भी आयुष चिकित्सा पद्धति का लाभ मिल सके इसके लिये 217 आयुष प्रक्षेत्र के डॉक्टरों को अनुबंध आधारित नियुक्ति पत्र मिला है। यह सच है कि आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जब आधुनिक तकनीकी चिकित्सा पद्धति की परिकल्पना नहीं हुई थी तब से यह पद्धति चली आ रही है। निश्चित रूप से राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र लिए यह एक ऐतिहासिक दिन है। नवनियुक्त आयुष डॉक्टर्स के प्रति भरोसा किया जा सकता है कि वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी और कर्मठता से करेंगे ऐसा विश्वास हर एक को करना चाहिए। कारण आयुष चिकित्सा पद्धति आज भी उतनी ही प्रभावी है, जितनी प्राचीन काल में थी, विशेषकर झारखंड प्रदेश के लिए आयुष एक बेहतर चिकित्सा पद्धति साबित हो सकती है। आयुष पद्धति जल, जंगल, जमीन, पठार, नदी–नाले और पहाड़ से घिरे इस आदिवासी बाहुल्य प्रदेश के लिए खास मायने रखती है। यहां के लोगों का प्रकृति से गहरा जुड़ाव रहा है और प्राकृतिक तरीके से वे इलाज कराते आ रहे हैं। ऐसे में आज के समय में आयुष चिकित्सा पद्धति यहां के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इस पद्धति से छोटी–बड़ी बीमारियों का तो इलाज होता ही है। इसके साथ बेहतर स्वास्थ्य जीवन और शरीर को तंदुरुस्त रखने के प्राकृतिक तौर–तरीकों को हम जानते तथा सीखते हैं। यह चिकित्सा पद्धति पहले भी प्रभावी थी, आज भी है और आगे भी रहेगी। सरकार और श्री सत्य साईं हॉस्पिटल के बीच एमओयू का होना यह बताता है कि इसके अंतर्गत प्रतिवर्ष झारखंड के एक हजार हार्ट मरीजों का मुफ्त इलाज गुजरात के श्री सत्य साईं हॉस्पिटल में होगा। झारखंड सरकार इन मरीजों के यात्रा पर प्रति मरीज 10 हजार रुपया खर्च करेगी। यह एक एतिहासिक कदम है। इस एमओयू से श्री सत्य साईं हॉस्पिटल राजकोट और अहमदाबाद में झारखंड के युवा तथा व्यस्कों का मुफ्त हार्ट का इलाज होगा। अब पैसे के अभाव में जो लोग इलाज नहीं करा पाते हैं ऐसे में यह व्यवस्था उनके लिए मील का पत्थर साबित होगा। अब यह देखना भी जरूरी है कि एक नयी पीढ़ी इस व्यवस्था को कैसे आगे बढ़ायेगी। नियुक्ति किये गये इन चिकित्सकों के माध्यम से सुदूरवर्ती ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। यह उम्मीद की जानी चाकिए। सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को ठीक रखने को लेकर चिंतन करती हाल के दिनों में दिख रही है। यह अच्छी बात है। लेकिन यह स्वीकार करना ही पढ़ेगा कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में अविलंब सुधार नहीं किया गया तो आने वाला दिन हम सब को माफ नहीं करेगा।

### आज का इतिहास

**1941 :** न्यूजीलैंड की लेबर पार्टी ने मृत्युदंड समाप्त कर दिया।
**1947 :** अमेरिका में रक्षा विभाग की स्थापना हुई।
**1949 :** दक्षिण भारतीय राजनीतिक दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की स्थापना हुई।
**1950 :** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म हुआ।
**1956 :** भारतीय तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का गठन हुआ।
**1956 :** ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेलीविजन पर प्रसारण हुआ।
**1957 :** मलेशिया संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
**1974 :** बंगलादेश, ग्रेनेडा और गिनी बिसाऊ संयुक्त राष्ट्र संघ में शामिल हुए।
**1984 :** ब्रायन मुलरनी ने कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
**1988 :** ग्रीष्मकालीन ओलंपिक दक्षिण कोरिया के सोल में आयोजित किया गया।
**2004 :** यूरोपीय संसद ने मालदीव पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया।
**2011 :** न्यूयॉर्क के जुकोट्टी पार्क में वॉल स्ट्रीट घेरो आंदोलन की शुरूआत।
**2016 :** न्यूयॉर्क के चेल्सी में विस्फोट से 29 लोग घायल हुए।
**1784 :** अमेरिका का पहला दैनिक अखबार(पेनसिलवेनिया पैकेट एंड जनरल एडवरटाइजर) प्रकाशित हुआ।
**1815 :** किंग विलियम प्रथम ने ब्रुसेल्स में शपथ ली।
**1885 :** नीदरलैंड के लोगों ने मतदान के अधिकार के लिये प्रदर्शन किया।
**1857 :** बहादुर शाह द्वितीय ने अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
**1905 :** अटलांटा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का गठन हुआ।
**1928 :** 'माय विकली रीडर' मैगजीन की शुरूआत हुई।
**1934 :** एक बड़े तूफान से पश्चिमी होन्शू, जापान में 3000 से अधिक लोग मारे गए थे।
**1937 :** जे आर आर टॉकियन का द हॉबिट प्रकाशित किया गया था।
**1938 :** चक्रवाती तूफान(183 मील प्रति घंटे की रफ्तार) से न्यू इंगलैंड में 700 लोगों की मौत।

# कमजोर रूपये से बढ़ती मुश्किलें

> 17 अगस्त को एक डालर की कीमत 79.50 के स्तर पर पहुंच गई थी। चिंताजनक तो यह कि रुपए में अभी और गिरावट की आशंका है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अब चीन-ताइवान तनाव और वैश्विक आर्थिक मंदी के खतरे के बीच रुपए की कीमत में बड़ी गिरावट के कारण जहां भारतीय अर्थव्यवस्था की मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं आर्थिक विकास की योजनाएं भी प्रभावित हो रही हैं। इतना ही नहीं, असहनीय महंगाई से जूझ रहे आम आदमी की चिंताएं भी बढ़ती जा रही हैं। डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने का प्रमुख कारण बाजार में डॉलर की मांग बहुत ज्यादा हो जाना है।

देश में खुदरा महंगाई दर को सात फीसद से घटा कर छह फीसद पर लाने के लिए कई और कारगर प्रयासों की जरूरत है। अभी रेपो दर में कुछ और वृद्धि करके अर्थव्यवस्था में नगदी प्रवाह को कम किया जाना उपयुक्त होगा। लेकिन केवल ब्याज दर पर ही अधिक निर्भरता नुकसानदायक हो सकती है। डालर की तुलना में रुपया ऐतिहासिक रूप से कमजोर है। 17 अगस्त को एक डालर की कीमत 79.50 के स्तर पर पहुंच गई थी। चिंताजनक तो यह कि रुपए में अभी और गिरावट की आशंका है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अब चीन-ताइवान तनाव और वैश्विक आर्थिक मंदी के खतरे के बीच रुपए की कीमत में बड़ी गिरावट के कारण जहां भारतीय अर्थव्यवस्था की मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं आर्थिक विकास की योजनाएं भी प्रभावित हो रही हैं। इतना ही नहीं, असहनीय महंगाई से जूझ रहे आम आदमी की चिंताएं भी बढ़ती जा रही हैं। डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने का प्रमुख कारण बाजार में डॉलर की मांग बहुत ज्यादा हो जाना है। वर्ष 2022 की शुरूआत से ही विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआइआइ) भारतीय बाजारों से पैसा निकालने में लगे हैं। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में खासा इजाफा कर दिया है। दुनिया के कई विकसित देशों के केंद्रीय बैंक भी इसी रास्ते पर चल रहे हैं। बैंक आफ इंग्लैंड ने भी सत्ताईस साल बाद चार अगस्त को सबसे अधिक ब्याज दर बढ़ाई है। ऐसे में भारतीय शेयर बाजार में निवेश करने के इच्छुक निवेशक अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में अपने निवेश को ज्यादा लाभप्रद और सुरक्षित मान रहे हैं और इसीलिए भारत से पैसा निकाल कर अमेरिका व दूसरे विकसित देशों में निवेश कर रहे हैं। गौरतलब है कि अभी भी दुनिया में डालर सबसे मजबूत मुद्रा है। दुनिया का करीब पिच्यासी फीसद कारोबार डॉलर में होता है। दुनिया के उनतालीस फीसद कर्ज डालर में दिये जाते हैं। इसके अलावा कुल डॉलर का करीब पैंसठ फीसद उपयोग अमेरिका के बाहर होता है। चूंकि भारत अपनी कच्चे तेल की करीब पचासी फीसद जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, इसलिए डालर की अहमियत भारत के लिए भी काफी ज्यादा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर कच्चे तेल और अन्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से भारत को डॉलर ज्यादा खर्च करने पड़ रहे हैं। साथ ही देश में कोयला, उर्वरक, वनस्पति तेल, दवा निर्माण के कच्चे माल, रसायन आदि का आयात लगातार बढ़ता जा रहा है, ऐसे में डालर की जरूरत भी बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है कि भारत जितना निर्यात करता है, उससे अधिक वस्तुओं और सेवाओं का आयात करता है। इससे देश का व्यापार संतुलन लगातार प्रभावित हो रहा है। एसबीआइ की इको रैप रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022-23 के अप्रैल से जुलाई के चार महीनों में भारत का व्यापार घाटा सौ अरब डॉलर के रेकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। सरकार ने खुद यह स्वीकार किया है कि दिसंबर 2014 से अब तक देश की मुद्रा में पच्चीस फीसद तक गिरावट आ चुकी है। इस वर्ष पिछले सात महीनों में ही रुपया करीब सात फीसद तक लुढक चुका है। फिर भी अन्य कई विदेशी मुद्राओं की तुलना में रुपए बेहतर स्थिति में है। ब्रिटिश पाउंड, जापानी येन और यूरो जैसी विदेशी मुद्राओं की तुलना में रुपए की स्थिति मजबूत है। इसका कारण भारत में राजनीतिक स्थिरता, भारत से बढ़ते निर्यात, विकास दर वृद्धि की संभावनाएं, पर्याप्त खाद्यान्न भंडार जैसे कारण भी रहे हैं। रुपया कमजोर होने का एक असर देश में बढ़ती महंगाई के रूप में सामने आया है। हाल में प्रकाशित महंगाई के आंकड़ों के मुताबिक जून 2022 में थोक महंगाई दर 15.18 फीसद और खुदरा महंगाई दर 7.01 फीसद के चिंताजनक स्तर पर पाई गई। पांच अगस्त को ब्याज दरें और बढ़ाने के मौद्रिक नीति समिति के फैसले का एलान करते हुए आरबीआइ के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा भी था कि देश में अभी भी महंगाई की दर ऊंची बनी हुई है। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए ही एक बार फिर से रेपो रेट में पचास आधार अंकों की बढ़ोतरी की गई है। महंगाई को अभी और नियंत्रित करने के मद्देनजर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की सितंबर में होने वाली बैठक में रेपो दर में 35-40 आधार अंकों की और बढ़ोतरी की जा सकती है।

■ जयंतीलाल भंडारी

# भविष्य में सूरज की रोशनी के बिना होगी खेती

पौधे प्रकाश-संश्लेषण के जरिये पानी, कार्बन डाइऑक्साइड व सूरज के प्रकाश को ऑक्सिजन और ऊर्जा में बदलते हैं। यह प्रक्रिया पौधों को प्राकृतिक रूप से विकसित होने में मदद करती है। लेकिन वैज्ञानिक अब इस प्रक्रिया को कृत्रिम रूप से और बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वे इसका उपयोग खाद्य वस्तुओं का उत्पादन और ऊर्जा बढ़ाने के लिए करना चाहते हैं। एक नये अध्ययन में वैज्ञानिकों ने नई कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण तकनीक के बारे में बताया है जिसके लिए सूरज की रोशनी की भी नहीं चाहिए। **चार गुना अधिक क्षमता :** कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण में कार्बन डाइऑक्साइड, पानी और सौर पैनलों से उत्पन्न बिजली को 'एसीटेट' में बदला जाता है। इसके लिए दो-चरणीय इलेक्ट्रोकैटलिटिक प्रक्रिया का प्रयोग किया जाता है। ध्यान रहे कि एसीटेट सिरके का मुख्य घटक है। इस प्रक्रिया में तैयार एसीटेट का उपयोग पौधे अपने विकास के लिए कर सकते हैं। दरअसल रिसर्चरों ने जो सिस्टम तैयार किया है उसका उद्देश्य महज प्रकृति में होने वाले प्रकाश-संश्लेषण की नकल करना नहीं है। वे इसमें सुधार कर इसकी दक्षता बढ़ाना चाहते हैं। जैविक प्रकाश संश्लेषण के जरिये सूर्य के प्रकाश की ऊर्जा का केवल 1 प्रतिशत ही पौधों के बायोमास में बदल पाता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह दक्षता लगभग चार गुणा बढ़ाई जा सकती है। अमेरिका में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के रासायनिक इंजीनियर रॉबर्ट जिंकरसन ने कहा कि हमने भोजन के उत्पादन के एक नये तरीके की पहचान की है जो जैविक प्रकाश-संश्लेषण का बेहतर विकल्प हो सकता है। प्रयोगों से पता चला है कि अनेक खाद्य-उत्पादक सूक्ष्म जीवों को अंधेरे में सीधे एसीटेट से समृद्ध इलेक्ट्रोलाइजर आउटपुट पर उगाया जा सकता है। इनमें हरे शैवाल, यीस्ट (खमीर) के अलावा मशरूम का उत्पादन करने वाले फंगल मायसेलियम शामिल हैं। इलेक्ट्रोलाइजर ऐसा उपकरण है जो कार्बन डाइऑक्साइड जैसे कच्चे माल को उपयोगी मॉलिक्यूल्स और उत्पादों में बदलने के लिए बिजली का उपयोग करता है। इस तकनीक से शैवाल का उत्पादन प्रकाश-संश्लेषण विधि की तुलना में लगभग चार गुणा अधिक हो सकता है। यीस्ट का उत्पादन आम तौर से मकई से निकाली गई चीनी से किया जाता है। नई प्रौद्योगिकी से यीस्ट का उत्पादन ऊर्जा के उपयोग की दृष्टि से लगभग 18 गुणा अधिक कारगर है। इस अध्ययन की को-राइटर एलिजाबेथ हैन ने कहा कि हम जैविक प्रकाश-संश्लेषण के योगदान के बिना सूक्ष्म खाद्य-उत्पादक जीवों को विकसित करने में सक्षम रहे। जैविक प्रकाश-संश्लेषण पर निर्भर खाद्य उत्पादन की तुलना में यह तकनीक सौर ऊर्जा को भोजन में बदलने का ज्यादा कारगर तरीका है। **निर्भरता कम होगी :** वैज्ञानिकों ने खाद्य फसलें उगाने के लिए इस तकनीक की क्षमता को परखा। उन्होंने पाया कि अंधेरे में खेती करने पर लोबिया, टमाटर, तंबाकू, चावल, कनोला और मटर जैसी फसलें एसीटेट से कार्बन का उपयोग करने में सक्षम रहीं।

■ मुकुल व्यास

### धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

असिलोमा बोला-हे देवि! सच्ची बात बताइये, आप यहां किस प्रयोजनसे आयी है? हे सुन्दरि! इन निरपराध दैत्योंको आप क्यों मार रही हैं? इसका कारण बताइये। मैं अभी आपके साथ सन्धि करनेको तैयार हूं। हे वरारोहे! सुवर्ण, मणि, रत्न और अच्छे-अच्छे पात्र जो भी आप चाहती हैं, उन्हें लेकर यहांसे शीघ्र चली जाइये। आप युद्धकी इच्छुक क्यों हैं? महात्मा पुरूष कहते हैं कि युद्ध दुःख तथा सान्तापको बढ़ानेवाला और सम्पूर्ण सुखोंका विघातक होता हैं।।5-7।।

मुझे महान् आश्चर्य हो रहा है कि पुरूषका भी आघात न सह सकनेवाले अपने अत्यन्त सुकोमल शरीरमें आप शस्त्रोंके आघात सहनेके लिये क्यों तैयार हैं? चातुर्यका फल तो शान्ति और निरन्तर सुख भोगना है। अतः एकमात्र दुःखके कारणस्वरूप इस संग्रामको आप क्यों करना चाहती हैं? इस संसारमें सुख ग्रहण करना चाहिये और दुःखका परित्याग करना चाहिये-यही सर्वमान्य नियम है।।8-10।।

वह सुख भी नित्य और अनित्यके भेदसे दो प्रकारका कहा गया है। आत्मज्ञानसम्बन्धी सुखको 'नित्य' और भोगजनित सुखको 'अनित्य' माना गया है। वेद और शास्त्रके तत्त्वका चिन्तन करनेवाले लोगोंको चाहिये कि उस विनाशशील अनित्य सुखको त्याग दें। हे वरानने! यदि आप नास्तिकका मत स्वीकार करती हों तो भी इस यौवनको पाकर उत्तमसे उत्तम सुखोंका भोग करें। हे कृशोदरि! हे भामिनि! यदि परलोकके विषयमें आपको सन्देह हो तो इस पृथ्वीपर ही सदाचारपूर्वक रहती हुई स्वर्गीय सुख प्राप्त करनेमें सदा तत्पर रहें, नहीं तो शरीरमें यह यौवन अनित्य है-ऐसा समझकर आपको सदा सत्कर्म करते रहना चाहिये।।11-14।।

बुद्धिमान् पुरूषोंको चाहिये कि वे दूसरोंको पीड़ित करनेके कार्यका त्याग कर दें। अतः बिना विरोधके धर्म, अर्थ और कामका सेवन करना चाहिये। इसलिये हे कल्याणि! आप अपनी बुद्धि धर्मकृत्यमें लगाइये। हे अम्बिके! आप अपनी बुद्धि धर्मकृत्यमें लगाइये। हे अम्बिके! आप हम दैत्योंको बिना अपराधके क्यों मार रही है? दयाभाव पुरूषमात्रका शरीर है और सत्यमें ही उसका प्राण प्रतिष्ठित कहा गया है। अतः बुद्धिमान् पुरूषोंको चाहिये कि दया और सत्यकी सदा रक्षा करें। हे देवि! आप दानवोंके संहारमें अपना प्रयोजन बतायें?।।15-17।।

देवी बोलीं-हे महाबाहो! तुमने जो यह पूछा है कि मैं यहां क्यों आयी हूं-उसे बताती हूं और दानववधका प्रयोजन भी बताती हूं। हे दैत्य! मैं सदा साक्षी बनकर सभी प्राणियोंके न्याय तथा अन्यायको देखती हुई सब लोगोंमें निरन्तर विचरती रहती हूं। मुझे न तो कभी भोगविलासकी इच्छा है, न लोभ है और न किसीके प्रति द्वेषभाव ही है।।18-20।।

धर्मकी मर्यादा रखनेके लिये मैं इस संसारमें विचरण करती रहती हूं। साधुपुरूषोंकी रक्षा करना- अपने इस व्रतका मैं सदा पालन करती हूं। अनेक अवतार धारण करके मैं सज्जनोंकी रक्षा करती हूं, जो असाधु हैं उनका संहार करती हूं और वेदोंका संरक्षण करती हूं। मैं प्रत्येक युगमें उन अवतारोंको धारण करती रहती हूं।।21-22।।

दुचारी महिषासुर देवताओंको मार डालनेके लिये उद्यत है-यह जानकर मैं उसके वधके लिये इस समय यहां उपस्थित हुई हैं। हे दानव! मैं उस दुराचारी तथा सुरद्रोही महाबली महिषाको मार डालूंगी।।23-24।।

- क्रमशः

# इस पाप का कोई प्रायश्चित नहीं

कई पाप ऐसे हैं जिनका प्रायश्चित असंभव है। किसी गर्भवती महिला का सामूहिक बलात्कार उनमें से एक है। किसी मां की आंखों के सामने उसकी तीन साल की बच्ची का सिर फोड़ना दूसरा है। सो, बिलकिस बानो के बलात्कारियों को जब फूलों के हार पहनाये गये पिछले सप्ताह, मिठाइयां बांटी गईं, आरतियां उतारी गईं, मुझे घिन महसूस हुई। गहरी शर्मिंदगी भी। वही शर्मिंदगी, जो तब हुई जब बिलकिस के मुंह से उसकी कहानी सुनी थी कोई बीस वर्ष पहले। उस समय वह अपने पति के साथ छिप-छिप कर दोस्तों, रिश्तेदारों के घरों में रह रही थी। इसलिए कि उस वक्त जिन दरिंदों ने उसके साथ ये पाप किये, उसको धमकाते, डराते फिर रहे थे। अनजान लोग नहीं थे ये दरिंदे। उसके अपने गांव के रहने वाले थे, उसके पड़ोसी थे। बिलकिस के पिता की दुकान से दूध खरीदते थे। लेकिन इसके बावजूद इस बदकिस्मत इक्कीस साल की महिला के सामने उसकी मां का भी सामूहिक बलात्कार किया गया और उसके परिवार के कई लोग जान से मारे गये। बिलकिस और उसके पति को मैं मिली 2002 के दंगों के एक साल बाद। मैं उन गांवों का दौरा कर रही थी, जहां सबसे ज्यादा हिंसा हुई थी। तब तक जमानत पर छूट चुके थे कई लोग, जिन पर गंभीर आरोप थे। उनसे जब पूछा कि क्या उनको कोई पछतावा हुआ है अब, जब देश के माथे पर दुनिया भर में उनकी वजह से कलंक लग गया है, तो आज भी नहीं भूल सकती हूं उस युवक का जवाब, जिस पर हत्या का आरोप था। 'देश के माथे पर कलंक देखना है आपको तो कश्मीर जाकर देखें।' गुजरात के इस दौरे पर मैं गई थी इंडियन एक्सप्रेस के संपादक, शेखर गुप्ता, के कहने पर गुजरात का उस समय का माहौल जांचने के लिए। गोधरा से शुरू हुआ मेरा वह दौरा और कई गांवों में घूमने के बाद अहमदाबाद में समाप्त हुआ। उस समय जलाई हुई बस्तियों के खंडहर मौजूद थे और हिंदुओं और मुसलमानों के बीच नफरत कम नहीं हुई थी। दर्द भरे कई किस्से सुनने को मिले, लेकिन सबसे ज्यादा दर्द हुआ बिलकिस बानो की कहानी सुन कर। बिलकिस ने हिम्मत दिखा कर न्याय के लिए लंबी लड़ाई लड़ी और अब जब वह अपने पति के साथ थोड़े से चैन से रहने लगी है, वे दरिंदे वापस आ गये हैं उस गांव में, जो कभी उसका भी घर होता था। माना कि इन्होंने पंद्रह वर्ष जेल में काटे हैं, लेकिन उम्र कैद की सजा इनके लिए असल में आजीवन कारावास होनी चाहिए, क्योंकि इनके अपराध इतने घिनौने थे। रिहाई के बाद लेकिन अब उनका स्वागत ऐसे किया जा रहा है जैसे किसी युद्ध में विजयी होकर लौटे हैं और गोधरा के भारतीय जनता पार्टी विधायक ने बरखा दत्त की 'मोजो-स्टोरी' पर कहा है कि चूंकि ये ग्यारह लोग ब्राह्मण हैं, उनके संस्कार अच्छे हैं, इसलिए रिहा हैं। भारतीय जनता पार्टी की ट्रोल सेना ने कहना शुरू कर दिया है कि रिहाई साबित करती है कि उनको दंडित किया ही नहीं जाना चाहिए था। इसलिए कि कई बेगुनाह लोग दंडित हुए सिर्फ तीस्ता सीतलवाड के झूठे प्रचार के कारण। क्यों न कहें यह बात, जब तीस्ता पर यह आरोप लगाया था स्वयं देश के गृह मंत्री ने एएनआइ को दिये एक टीवी इंटरव्यू में, जब सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि नरेंद्र मोदी को 2002 वाले दंगों में निजी तौर पर आरोपित ठहराने के लिए कुछ लोगों ने दशकों झूठा प्रचार किया है। उसके अगले दिन, 25 जून, को तीस्ता सीतलवाड को गिरफ्तार किया गया था और आज तक उसको जमानत नहीं मिली है। उसकी गिरफ्तारी के होते ही गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया उस इंटरव्यू में कि तीस्ता ने झूठे मुकदमे दर्ज कराये थे गुजरात के कई थानों में सिर्फ इस मकसद से कि मोदी को दोषी साबित किया जाय। मंत्रीजी का कहना है कि मोदी ने शिवजी की तरह इस जहर को चुप करके निगल लिया, दो लंबे दशकों तक, लेकिन अब सत्य सामने आ रहा है। तीस्ता पर पुलिस का आरोप है कि उसने कांग्रेस पार्टी के नेता और सोनिया गांधी के करीबी, अहमद पटेल, से लाखों रुपए लिए थे मोदी को बदनाम करने के लिए। ऐसा हुआ था कि नहीं, अभी साबित नहीं हुआ है किसी अदालत में, लेकिन बिलकिस के बलात्कारियों का आरोप साबित पूरी तरह हुआ है कानूनी कार्यवाही के बाद। न्याय मिला भी बिलकिस को, लेकिन अब न्याय को अन्याय में बदल दिया है गुजरात सरकार ने। इस अन्याय से एक बार फिर भारत के माथे पर कलंक लगा है और दुनिया के मीडिया में सवाल उठ रहे हैं हमारी कानून प्रणाली पर। 'गर्भवती मुसलिम महिला के बलात्कारी रिहा' जैसी सुर्खियां देखने को मिल रही हैं। समझना मुश्किल है कि गुजरात सरकार ने इन दरिंदों को रिहा करने का फैसला क्यों किया, जब देश का कानून कहता है कि हत्या और बलात्कार जैसे अपराध करने वालों के लिए उम्र कैद का मतलब आजीवन कारावास होना चाहिए। ऐसे लोग, जो किसी मां के सामने उसकी नन्ही बच्ची का सिर फोड़ सकते हैं, उनकी जगह जेल में ही होनी चाहिए, हमेशा के लिए।

■ तवलीन सिंह

### संपादक के नाम पाठकों की पाती

## प्रकृति से छेड़–छाड़ न हो

नरसात के मौसम में घरों में सांप निकलने की घटना सामने आती रहती है। शहर के सुदना बारालोटा व चैनपुर के नये मुहल्लों में यह घटना सामने आ रही है। सांप निकलने पर हम कहते हैं कि हमारे घर में सांप निकला है। अगर गौर से सोचे तो क्या यह बात सही है? सांपों का का निवास स्थान खेत, जंगल व पहाड़ ही हैं। हमारी बढ़ती आबादी ने उनके प्राकृतिक आवास को छिन लिया है और हमने वहां अपने मकान बना लिए हैं। जंगल है तो हम इस दुनिया में सांस ले रहें हैं। इससे वातावरण संतुलित रहता है और ऑसीजन में बढ़ोतरी होती है। बारिस का समय से होना या ना होना जंगल पर ही निर्भर करता है। सच्चाई तो यह है कि हमने उनके घरों में अपना घर बना लिया है। यही बात जंगल के अन्य पशुओं पर लागू होती है। मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र जैसे प्रदेशों में तेदुंओं के शहर में आ जाने की बात सामने हमेशा आती रहती है। इन सब का मुख्य कारण है उन पशु-पक्षियों को हमने प्राकृतिक आवास छिन लिया है। इस कारण वे भोजन की तलाश में वे शहरों की तरफ आ रहे हैं। उनके घरों में अपना घर बनाकर कहते हैं कि वह हमारे घरों में आ रहे हैं। आज आवश्यकता है कि हम उनके प्राकृतिक आवासों से छेड़छाड़ ना करें और उन्हें अपने प्राकृतिक परिवेश में रहने दें और उन्हें तंग नहीं करें। कोई सांप या कोई जंगली पशु छेड़े जाने के कारण ही मनुष्य पर हमला करते हैं। पेट भरा रहने पर बाघ भी किसी पर हमला नहीं करता है।

■ राजेश कुमार मेदिनीनगर।

# मिल-जुलकर ही निभा पायेंगे सबको शिक्षा देने का वादा

यह आजादी से जुड़ा महत्वपूर्ण वर्ष है, और आधुनिक भारत में ऐसी घटनाओं, लोगों, प्रवृत्तियों और विचारों की एक लंबी फेहरिस्त है, जिन्होंने स्कूली शिक्षा को आकार दिया है, फिर चाहे वह बेहतर हो या बदतर। शुरूआत मैं 19वीं सदी के मध्य से करना चाहूंगा, जब सावित्रीबाई फुले और उनके पति ज्योतिबा ने पुणे में लड़कियों के लिए तीन स्कूल शुरू किये। तमाम विरोधों के बावजूद उनके साहस ने बताया कि शिक्षा महज साक्षरता और पाठ्य-पुस्तकों तक सिमटी नहीं है, बल्कि सामाजिक सुधार की दिशा में शायद इससे बड़ी कोई ताकत नहीं है। आज पूरे देश में जिन मिशनरी स्कूलों का जाल फैला है, उनकी शुरूआत 19वीं सदी के अंत में हुई है। पहले ये स्कूल अमूमन दूसरों की तुलना में बेहतर संसाधन वाले होते थे और अमीर व गरीब, दोनों को समान रूप से लुभाते थे। पर जैसे-जैसे वक्त बीतता गया, इन स्कूलों का विस्तार तो हुआ ही, लेकिन माता-पिता का शोषण करने वाले नकली कॉन्वेंट स्कूल भी खुलते गये। भारतीय शिक्षा को चार लोगों के विचारों ने गहरे तक प्रभावित किया- शिक्षा के लक्ष्य के रूप में मानवतावाद, सार्वभौमिकता व आत्म-साक्षात्कार संबंधी रवींद्रनाथ टैगोर के विचारः आत्म-निर्भरता के लिए शिक्षा का व्यावहारिक ज्ञान संबंधी महात्मा गांधी के विचार; वास्तविक लोकतंत्र की नींव के रूप में शिक्षा संबंधी भीमराव आंबेडकर की सोच; और आत्म-मुक्ति, समानता और समग्रता पर केंद्रित शिक्षा संबंधी जे कृष्णमूर्ति की धारणा। शैक्षणिक सोच को बढ़ावा देने के लिए 1961 में एनसीईआरटी की स्थापना की गई, जिसके बाद राज्यों में भी इस तरह के संस्थान खुले। 1963 में केंद्रीय विद्यालयों की शुरूआत ने यह बखूबी बताया कि सार्वजनिक व्यवस्था के तहत अच्छी शिक्षा दी जा सकती है। 1966 में कोठारी आयोग ने अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसने 1968 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को जन्म दिया, जो अपनी तरह की पहली व्यापक नीति थी। 1960 के दशक की शुरूआत में तमिलनाडु सरकार ने स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना की शुरूआत की। 1981-82 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन ने इसे सांस्थानिक रूप दिया और व्यापक बनाया। अभी जो देश भर में मिड-डे मील योजना चल रही है, उसकी बुनियाद यही योजना थी। इसी तरह, 1962 में केरल शास्त्र साहित्य परिषद की शुरूआत हुई, जो वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के लिए आम नागरिकों की एक गंभीर कोशिश थी। वर्ष 1962 में गोरखपुर में पहला सरस्वती शिशु मंदिर खोला गया। इन स्कूलों की संख्या बढ़ने पर उनके विकास में समन्वय बनाने के लिए 1977 में विद्या भारती की स्थापना की गई। हालांकि, कम फीस वाले निजी स्कूल भी काफी ज्यादा खुले, पर उनमें से ज्यादातर ने 'कॉन्वेंट व अच्छी अंग्रेजी शिक्षा' का सपना बेचा, जबकि हकीकत में वे खराब गुणवत्ता की शिक्षा देते रहे। अभिजात वर्ग के निजी स्कूल भी 1991 के बाद भारत में मध्यवर्ग के विकास के साथ विकसित हुए। माता-पिता और छात्रों की इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज में दाखिले की एकसूत्रीय कोशिश ने गणित व विज्ञान के अलावा अन्य सभी विषयों को कमतर बना दिया। इसने न सिर्फ भारत में ट्यूशन उद्योग को बढ़ावा दिया और स्कूलों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को हतोत्साहित किया, बल्कि प्रवेश परीक्षाओं को महत्वपूर्ण बना दिया। साल 1986 में दूसरी राष्ट्रीय शिक्षा नीति आई, जिसके बाद 2020 में तीसरी। 1993 में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसका मकसद 272 जिलों में प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना था। 2001 में शुरू सर्वशिक्षा अभियान ने पूरे देश में स्कूली शिक्षा में आमूल-चूल बदलाव किया। साल 2009 के शिक्षा का अधिकार अधिनियम ने छह से 14 वर्ष के बच्चों के लिए शिक्षा को मौलिक अधिकार बना दिया। अब अगले 25 साल में भारत 100 वर्ष का हो जायेगा। उम्मीद है, हम जवाहरलाल नेहरू के शिक्षा के वायदा को पूरा कर सकेंगे- पूरी तरह से बेशक शिक्षा न दी जा सके, मगर काफी हद तक मिले। अगर ऐसा होता है, तो हम राष्ट्रीयता की भावना को भी काफी हद तक आत्मसात कर सकेंगे। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ अनुराग बेहर

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155,** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू–822102, **फोन नंबर :** 06562–240042/ 222539, **फैक्स नंबर :** 06562–241176/ 231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची–834001, **फोन नंबर :** 0651–2283384, **फैक्स नंबर :** 0651–2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली–1, **ई–मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में लालू प्रसाद को गवाहों और सबूतों के आधार पर किया गया बरी



**पटना (एजेंसी)।** सिविल कोर्ट हाजीपुर ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को गवाहों और सबूतों के आधार पर बरी कर दिया है। दरअसल, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान जाति आधारित टिप्पणी करने और आदर्श आचार-संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगा था।

### नमामी गंगे परियोजना की चोरी 29 टन पाइप बरामद

**सोनभद्र (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र के अनपरा क्षेत्र में पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नमामि गंगे परियोजना की चोरी की गई 29 टन पाइप बरामद की। पुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह ने बुधवार को बताया की एक सूचना के आधार पर पुलिस ने धनखड़ मोड़ बैरपान के पास विकास कुमार पटेल, संदीप कुमार पटेल और अमित उर्फ अनुपम पाण्डेय को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 87 पाइप, दो ट्रक, दो डीसीएम, एक ट्रैक्टर, एक बोलोरो जीप और फर्जी बिल्टी ई वे बिल बरामद किया। बरामद पाइप का कुल वजन 29 टन और कीमत 12 लाख रुपये है। उन्होने बताया कि शातिर चोर फर्जी बिल के जरिये पाइप कानपुर ले जाकर 2200 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बेच देते थे । थाना अनपरा व थाना पिपरी क्षेत्र से चोरी की गई पाइपों के संबंध में मुकदमा दर्ज कर कर जेल भेज दिया गया है।

### सुपौल में दंपति की हत्या

**सुपौल (एजेंसी)।** बिहार में सुपौल जिले के सदर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने दंपति की हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि पिपरा खुर्द गांव निवासी सोनेलाल कामत मंगलवार की रात अपनी पत्नी फुल कुमारी देवी के साथ अपनी चाय नाश्ता की दुकान में सोया हुआ था। इस दौरान अपराधियों ने लोहे के रॉड से हमला कर दोनों की हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सुपौल सदर अस्पताल भेज दिया है। हत्या के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### कैमूर में भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**भभुआ (एजेंसी)।** बिहार में कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने ट्रक पर लदी भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि मंगलवार की देर रात समेकित चेकपोस्ट मोहनिया के निकट एक ट्रक को रोककर तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान धान की भूसी मे छिपाकर कर ले जाई जा रही 447 कार्टन विदेशी शराब बरामद की गयी। बरामद शराब की कीमत करीब 40 लाख रुपए है। सूत्रों ने बताया कि ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

### चुड़ीपट्टी पुल के पास श्रीकृष्ण मंदिर से डेढ़ सौ वर्ष पुरानी मुकुट चोरी

**किशनगंज (एजेंसी)।** शहर के चुड़ीपट्टी रमजान पुल स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में डेढ़ सौ वर्ष पुरानी कीमती अष्टधातु की मुकुट चोरी हो गयी है। बुधवार की सुबह जब मंदिर के पुजारी के पुत्र विश्वजीत तिवारी मंदिर का गेट खोलने पहुंचे तब उन्हें घटना की जानकारी मिली। घटना की सूचना सदर थाने की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मुख्यालय डीएसपी अजित प्रताप सिंह चौहान, सदर थानाध्यक्ष अमर प्रसाद सिंह, अवर निरीक्षक अंजनी कुमार, एएसआई संजय कुमार यादव मौके पर पहुंचे। मुख्यालय डीएसपी अजित प्रताप सिंह चौहान ने पुजारी के पुत्र से घटना की जानकारी ली। पुजारी के पुत्र विश्वजीत तिवारी रोज की तरह मंदिर का गेट खोलने मंदिर के द्वार पहुंचे। जैसे ही मंदिर के गेट को खोला और अंदर प्रवेश किये वहां मुकुट नहीं था। यह देख वे आश्चर्य चकित हो गयें। तभी आसपास के लोग भी वहां जुटने लगें। पुजारी के पुत्र ने बताया कि मंदिर में करीब डेढ़ सौ वर्ष पहले से अष्टधातु का मुकुट शिव जी का था। सदर थानाध्यक्ष अमर प्रसाद सिंह ने बताया कि ये चोरी किसी स्मैकर का है। पुलिस जांच में जुटी है।

### मोतिहारी में पुलिस पर लगा राशन डीलर की हत्या करने का आरोप

**मोतिहारी (एजेंसी)।** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के कुंवरपुर गांव मे एक राशन डीलर केदार सिंह की मौत हो गई है।जिसका आरोप किसी अपराधी पर नही बल्कि पुलिस पर ही लगाया जा रहा है। मृतक के बेटे ने इस मामले पर थाने के पुलिसकर्मियों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि पहले पुलिस ने उन्हे छत से नीचे फेका फिर उनका इलाज कराने के बजाय उन्हे थाने मे रखकर उनकी पिटाई की गई। जिस कारण उनकी मौत हो गई। वही इस घटना के विरूद्ध खिलाफ लोगों मे काफी गुस्सा है,लोग सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे है। उल्लेखनीय है कि पुलिस पिपरा थाना क्षेत्र मे कल देर रात कुंवरपुर के एक डीलर केदार सिंह को गिरफ्तार करने गयी थी। आरोप है कि डीलर को गिरफ्तार करने से पहले पुलिस उसे बेरहमी से पीटने लगी लाख गुहार लगाने के बाद भी पुलिस नही मानी और आखिरकार डीलर जो अपने दो मंजिले मकान पर सोया था को उठाकर नीचे फेंक दिया और फिर उसे लाठी से पीटते और घसीटते हुए गाड़ी में लाद लिया और बाद में उसकी हालत नाजुक होते देख मोतिहारी के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया जहां केदार सिंह की मौत हो गई।

## 'अवध केसरी' राना बेनी माधव बख्श सिंह की 218वीं जयंती के अवसर पर बोले मुख्यमंत्री योगी

# जब हम आजादी की शताब्दी वर्ष में होंगे, तब भारत दुनिया का नेतृत्व करेगा



**रायबरेली (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राना बेनी माधव आजादी से पहले से ही अवध को अंग्रेजों से लोहा लेकर आजादी का अनुभव करा दिया था। हमारी सेना के जवानों ने बार-बार देश की आन बान शान की रक्षा की है। इसी कड़ी में 26 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध में भारत को विजय प्राप्त हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संकल्प के साथ देश का आह्वान किया है कि जब हम आजादी के 100वें साल में प्रवेश कर रहे होंगे, तब भारत दुनिया का नेतृत्व करेगा। आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम-1857 के अप्रतिम वीर एवं महान सेनानायक 'अवध केसरी' राना बेनी माधव बख्श सिंह की 218वीं जयंती के अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि देश सदियों की अपनी गुलामी के दौरान कभी चैन से नहीं बैठा। देश के अनेक हिस्सों में आजादी के लिए छटपटाहट देखने को मिलती थी लेकिन एक साथ पूरे देश में आंदोलन नहीं हो पा रहा था। 1857 में पहली बार पूरे देश में एक साथ चिनगारी भड़की। अलग-अलग स्थानों पर आंदोलन ने तूल पकड़ा। उप्र उस स्वातंत्र समर का मुख्य केन्द्र रहा। पूरब में मंगल पांडेय, बुंदेलखण्ड झांसी में रानी लक्ष्मीबाई ने तो कानपुर के बिठूर में तात्या टोपे। आजादी के 90 वर्ष पहले ही राना बेनी माधव ने अवध क्षेत्र को डेढ़ साल तक आजादी का अनुभव करा दिया था। हजारों सैनिक शहीद हुए लेकिन आजादी से कम कुछ नहीं, उद्देश्य को लेकर लड़ते रहे। 1922 में गोरखपुर के चौराचौरी, 1925 में लखनऊ के काकोरी में आजादी के लिए लड़ाई निरंतर जारी रही। अंततः 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ। आज हम सब राना बेनी माधव को याद करने के लिए एकत्र हुए हैं।

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर आजादी के 75 वर्ष पर देश अमृत काल मना रहा है। हमे दुनिया के साथ खड़ा होना होगा। समाज के हर एक तबका को अपनी जिम्मेदारी के साथ खड़ा होना होगा। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने देश का आह्वान किया है कि जब हम आजादी का शताब्दी साल मना रहे हों तो भारत कैसा होगा? इस दिशा में हमें कार्य करना है। इसके लिए सबको आगे आना होगा। 2047 में विश्व मानवता के लिए भारत दुनिया का नेतृत्व करता दिखाई देगा। इस मौके पर कारगिल युद्ध के योद्धा परमवीर चक्र विजेता संजय कुमार, योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रता सिंह, मयंकेश्वर सिंह, विधायक अदिति सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि व आम जन मौजूद रहे।

### अपराधी को पुलिस का खौफ हो और आम आदमी के मन में सम्मान हो : योगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते पांच सालों के दौरान प्रदेश में पुलिस की छवि में बदलाव आने का दावा करते हुए कहा है कि पुलिस की बेहतर कार्यप्रणाली का परीक्षण तब होता है जब अपराधी के मन में पुलिस के प्रति खौफ हो और आम आदमी के मन में सम्मान का भाव हो। मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को 190 आवासीय भवनों का पुलिस विभाग को तोहफा देते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधाओं से लैस किया जा रहा है जिससे उनकी कार्यक्षमता बेहतर हो सके। योगी ने यहां 190 आवासीय भवनों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों के लिए प्रदेश में अच्छे बैरक बनवा गये हैं। उन्होंने पुलिस तंत्र को अत्याधुनिक सुविधाओं से जोड़ने के लिये महकमे को बधाई दी। योगी ने कहा कि 05 साल पहले पुलिस और प्रदेश, दोनों की छवि अच्छी नहीं थी। योगी ने कहा, पहले कोई अपने आपको सुरक्षित नहीं समझता था। स्थिति को सुधारने के लिये मैनें पुलिस लाइनों का निरीक्षण किया। पुलिस महकमे में 1.62 लाख से ज्यादा भर्तियां की, पुलिसकर्मियों की उचित ट्रेनिंग की व्यवस्था कराई, पुलिस में आधुनिकीकरण की व्यवस्था कराई गई, 05 साल में कानून व्यवस्था को बेहतर किया। इसलिये पिछले पांच साल में किये गये कामों का परिणाम आज दिख रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश के लिए नजीर बन गयी है। इसने उत्तर प्रदेश की छवि को बदला है। योगी ने कहा कि पुलिस तंत्र तब बेहतर माना जाता है, जब आम आदमी के मन में पुलिस के लिए सम्मान हो और आपराधी के मन में पुलिस का खौफ हो।

### योगी 27 को बुलंदशहर आयेंगे, प्रशासन जुटा तैयारियों में

बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 27 अगस्त को एक दिन के प्रवास पर बुलंदशहर आयेंगे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की पुष्टि करते हुए बुधवार को बताया कि जिला प्रशासन ने इस बाबत तैयारियां शुरू कर दी हैं। मेरठ रेंज के अपर पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक ने यहां आकर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर उनके यात्रा मार्ग पर सड़कों के गड्ढे भरे जा रहे हैं। पुलिस लाइन पर बने हेलीपैड को दुरुस्त किया जा रहा है। हेलीपैड से मुख्यमंत्री का काफिला जिन सड़कों से गुजरेगा उन की भी मरम्मत की जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी यहां एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। यहां निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज, बाबू बनारसी दास राजकीय जिला चिकित्सालय का मुख्यमंत्री निरीक्षण करने जा सकते हैं। मुख्यमंत्री अपने दौरे में विकास कार्यों की भी समीक्षा करेंगे और जनप्रतिनिधियों समेत भाजपा के पदाधिकारियों से भी भेंट करेंगे।

## बिहार विप के अध्यक्ष पद के लिए जदयू एमएलसी देवेश चंद्र ठाकुर ने किया नामांकन दाखिल



**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधान परिषद के अध्यक्ष पद के लिए बुधवार को जदयू के एमएलसी देवेश चंद्र ठाकुर ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद नेता राबड़ी देवी, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित अन्य महागठबंधन के नेता मौजूद थे। एमएलसी देवेश चंद्र ठाकुर को विधान परिषद के सभापति पद का उम्मीदवार बनाने की घोषणा पहले ही जदयू ने कर दी थी । सदन में महागठबंधन सदस्यों की संख्या को देखते हुए यह तय है कि बिना किसी अड़गे के देवेश का सभापति बनना तय है। एमएलसी देवेश चंद्र ठाकुर सीतामढ़ी के रहने वाले है जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफी करीबी माने जाते हैं। इससे पूर्व विधान परिषद में अभी सभापति के पद पर भाजपा कोटे से आने वाले अवधेश नारायण सिंह थे, जिन्हें राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद उन्हें अपना पद छोड़ने को कहा गया था।

**विधान परिषद चुनाव में लगातार चार बार निर्वाचित हुए :** देवेश चंद्र ठाकुर तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से चुनकर विधान परिषद में आए हैं। उन्होंने वर्ष 2002 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीता था। वर्ष 2004 में वह जदयू में शामिल हो गये। 2008, 2014 और 2020 के विधान परिषद चुनाव में लगातार चार बार निर्वाचित हुए।

## राजद के तीन नेताओं के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

**पटना (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कोषाध्यक्ष और विधान पार्षद सुनील सिंह, राज्यसभा सांसद अशफाक करीम और फैयाज अहमद के पटना समेत चार ठिकानों पर आज सुबह एक साथ छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि सीबीआई ने राजद के तीनों नेताओं के पटना के अलावा पूर्णिया, मधुबनी और भागलपुर के ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी की। संभवतः यह छापेमारी नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में की जा रही है। इस बीच राजद के कोषाध्यक्ष और बिस्कोमान के अध्यक्ष सुनील सिंह ने इसे बदले की कार्रवाई बताया और कहा कि उन्हें फंसाने की कोशिश हो रही है। सीबीआई के लोगों ने उन्हें बाहर कर दिया है और वे घर में घुसकर तलाशी ले रहे हैं। गौरतलब है कि सीबीआई ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री एवं राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, दो पुत्रियों, नौकरशाह और कुछ अन्य व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। आरोप के अनुसार, श्री लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे में ग्रुप डी की बहाली में लोगों को नौकरियां दिलाई गईं और इसके बदले में जमीन लालू परिवार के लोगों के नाम पर करवा दी गईं। इसके साथ ही जांच में सामने आया कि रेलवे की ओर से उन पदों पर भर्ती के लिए कोई अधिसूचना जारी ही नहीं की गई थी। लालू परिवार के लोगों ने इस कथित घोटाले में एक लाख वर्ग फुट से अधिक की जमीन अपने नाम करवा ली थी। इससे पहले सीबीआई लालू परिवार के कई ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है। इसके अलावा सीबीआई ने पिछले महीने इस मामले में राजद अध्यक्ष के करीबी भोला यादव को गिरफ्तार भी किया है।

### भागलपुर के पूर्व उपमेयर सहित कई होटल व्यवसायियों और समाजसेवियों के घर आयकर विभाग की छापेमारी



**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार के भागलपुर में बुधवार को कई व्यवसायियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के घर आयकर विभाग की छापेमारी से हड़कंप मच गया है। छापेमारी सुबह से ही चल रही है। छापेमारी पूर्व डिप्टी मेयर सह लोजपा नेता राजेश वर्मा, नाथनगर के विजय यादव, सुल्तानगंज के दो व्यवसाई और भागलपुर के एक होटल व्यवसाई के घर पर लगातार चल रही है। इन लोगों के आवास सहित कई प्रतिष्ठानों पर भी इनकम टैक्स की रेड लगातार जारी है। छापेमारी के दौरान किसी को भी अंदर जाने की मनाही की गई है। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। आय से अधिक संपत्ति और टैक्स चोरी के मामले में टीम जांच कर रही है। इनकम टैक्स की कई टीम लगातार टैक्स में की गई चोरी को लेकर छापेमारी कर रही है। इससे पहले भी पुलिस मुख्यालय के द्वारा भागलपुर के पुलिस अधीक्षक को कई लोगों के खिलाफ गलत तरीके से पैसे कमाने को लेकर एक पत्र भी भेजा गया था। जिसकी भी जांच पुलिस के द्वारा गोपनीय तरीके से की जा रही थी। इसी बीच इनकम टैक्स की छापेमारी की जा रही है। शहर में कई और लोगों के घरों पर भी छापेमारी की बात कही जा रही है।

## ममता बनर्जी सरकार की पूजा समितियों को वित्तीय मदद की घोषणा के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की 43 हजार दुर्गा पूजा समितियों को राज्य सरकार की ओर से 60-60 हजार रुपये की वित्तीय मदद देने संबंधी ममता सरकार की घोषणा के खिलाफ अब कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका लगाई गई है। बुधवार को मुख्य न्यायाधीश प्रकाश श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज की खंडपीठ में इस याचिका को स्वीकार किया है। शुक्रवार को मामले की सुनवाई हो सकती है। याचिकाकर्ता ने जल्द से जल्द मामले की सुनवाई की अर्जी लगाई है जिसकी अनुमति कोर्ट ने दे दी है।

दरअसल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की थी कि राज्य की 43 हजार पंजीकृत पूजा समितियों को इस वर्ष 60-60 हजार रुपये की वित्तीय मदद दी जाएगी। कुल 258 करोड़ रुपये की मदद राज्य सरकार की ओर से पूजा समितियों को की जानी है, जिसे लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। मुख्यमंत्री लगातार केंद्र की ओर से मनरेगा का फंड नहीं मिलने की वजह से मजदूरों को मजदूरी नहीं मिलने का जिक्र करती रही हैं। इसके अलावा हाईकोर्ट की ओर से कई बार ठोस आदेश के बावजूद राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता और सातवें वेतन आयोग के मुताबिक वेतन देने में लगातार आनाकानी और कानूनी रास्ते अख्तियार किया है।

विभिन्न मंचों से मुख्यमंत्री राज्य के वित्तीय कोष में फंड की कमी का दावा लगातार करती हैं। बावजूद इसके दुर्गा पूजा समितियों को इतनी बड़ी राशि मदद के तौर पर देने की घोषणा राजनीतिक हित साधने की कोशिश मानी जा रही है। भाजपा नेता दिलीप घोष ने दावा किया था कि मुस्लिम तुष्टिकरण की वजह से नाराज हिंदू समुदाय को बरगलाने के लिए ममता ने यह फैसला लिया है। इसके पहले हर साल राज्य सरकार पूजा समितियों को 50-50 हजार रुपये की वित्तीय मदद देती थी। इसके पहले भी हाईकोर्ट में इससे संबंधित याचिका लगाई गई थी लेकिन राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में बताया गया था कि मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी सेफ ड्राइव, सेव लाइफ परियोजना को बढ़ावा देने और उसके प्रचार-प्रसार के लिए पूजा समितियों को राशि दी जाती है।

### बारात से लौट रही कार पुल से गिरी, दूल्हे के भाई सहित दो की मौत

**जौनपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के ग्रामसभा गौरैयाडीह मे आई बारात वापस लौटते समय कार सतहरिया के करीब पुल की रेलिंग तोड़ते हुए बुधवार को खाई मे जा गिरी। जिससे दूल्हे के भाई सहित दो लोगो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का प्राथमिक इलाज सीएचसी सतहरिया में करने के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना मंगलवार की रात करीब 12 बजे की है। पुलिस के अनुसार जिले में मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गौरैयाडीह मे मुन्ना राईन के यहां काली कुत्ती जौनपुर से बारात आई थी। बारात वापस लौटते समय एक कार मे दूल्हे के भाई शकलैन शिद्दीकी समेत पांच लोग जौनपुर जाने के लिए रवाना हुए। जैसे ही जौनपुर रायबरेली हाईवे पर सतहरिया के करीब कार अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए 10 फिट गहरी खाई में जाकर पलट गई। चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग वहां पहुंचे और कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर सतहरिया चौकी प्रभारी अजय पांडेय भी मौके पर पहुंच गये।

## सीबीआई पेशी के लिए गिरफ्तार अनुव्रत को आसनसोल ले गयी



**कोलकाता (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस नेता अनुब्रत मंडल को सीमा पार से कथित गौ तस्करी मामले में अदालत में पेश करने के लिए पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल ले गई है। तृणमूल कांग्रेस की बीरभूम जिला इकाई के अध्यक्ष मंडल को उनके गांव निचुपट्टी स्थित आवास से 11 अगस्त को सीबीआई ने सीमा पार से चल रहे पशु तस्करी घोटाले में कथित रूप से सहयोग नहीं करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। शहर के निजाम पैलेस में पेश होने के लिए सीबीआई के दस सम्मनों की अनदेखी करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था। पिछले 14 दिनों से मंडल सीबीआई की हिरासत में ही हैं। आसनसोल की विशेष अदालत द्वारा 62 वर्षीय राजनेता मंडल को जांच एजेंसी के तहत रिमांड पर लेने के बाद वह पहले ही दो सप्ताह (क्रमशः 10 और चार दिन) सीबीआई हिरासत में बिता चुके हैं। मंडल को बुधवार को कोर्ट में पेशी के लिए आसनसोल ले जाया गया। इस बीच आसनसोल की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आसनसोल दुगार्पुर कमिश्नरेट पुलिस ने आसनसोल कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश चक्रवर्ती को मिले कथित धमकी भरे पत्र की जांच शुरू कर दी है। आसनसोल के विशेष सीबीआई अदालत के न्यायाधीश राजेश चक्रवर्ती को कथित तौर पर एक व्यक्ति से धमकी भरा पत्र मिला, जिसने उन्हें अनुब्रत मंडल को जमानत देने की धमकी दी है अन्यथा उनके (न्यायाधीश) परिवार के सदस्यों को झूठे ड्रग मामले में फंसाया जाएगा। न्यायाधीश ने मामले की जानकारी पश्चिम बर्धमान जिला न्यायालय और कलकत्ता उच्च न्यायालय को दी। न्यायाधीश को ऐसा पत्र 20 अगस्त को मिला था। आसनसोल-दुगार्पुर पुलिस आयुक्तालय (एडीपीसी) ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पार्थ चटर्जी के अकाउंट से किसी भी तरह की वित्तीय मदद नहीं लेगी तृणमूल



**कोलकाता (एजेंसी)।** शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किए गए राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री और ममता बनर्जी के खासम खास रहे पार्थ चटर्जी से तृणमूल कांग्रेस हर तरह का संबंध खत्म करने की राह पर चल पड़ी है। सूत्रों के अनुसार विधायक के तौर पर उनके अकाउंट से जो चंदा हर महीने लिया जाता है अब उसे भी बंद किया जाएगा। इसके अलावा पार्टी फंड में भी उनसे कोई वित्तीय मदद नहीं ली जाएगी। दरअसल गिरफ्तारी से पहले पार्थ चटर्जी तृणमूल के राज्य महासचिव थे और पार्टी के खाते का लेनदेन उन्हीं के जिम्मे था। इसके अलावा वह संसदीय कार्य मंत्री भी थे इसलिए तृणमूल विधायक दल के अकाउंट की देखरेख भी वह खुद करते थे। उनके साथ मंत्री फिरहाद हकीम भी इसमें भागीदार थे। विधानसभा में मौजूद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में तृणमूल विधायक दल का खाता है जिसमें सभी विधायक मासिक चंदा देते हैं। गिरफ्तारी के बाद भी पार्थ चटर्जी के अकाउंट से वित्तीय मदद ली जाती रही है। अब निर्णय लिया गया है कि इसे भी बंद किया जाएगा। पार्थ के जेल जाने के बाद ममता बनर्जी ने संसदीय कार्य विभाग शोभन देव चटर्जी को दिया है। अब शोभन देव ही विधायक दल के खाते की देखरेख कर रहे हैं। जल्द ही शोभन देव, फिरहाद हकीम और ज्योतिप्रिय मल्लिक एक साथ पत्र लिखकर पार्थ के अकाउंट से आने वाली वित्तीय मदद को बंद करने की अर्जी बैंक को देने वाले हैं। ये तीनों मिलकर तृणमूल के खाते भी देखेंगे जो पहले फिरहाद और ज्योतिप्रिय के साथ मिलकर पार्थ चलाया करते थे।

## चंबल-यमुना नदियों में उफान, औरैया जिला मुख्यालय से दो गांवों का संपर्क टूटा



**औरैया (एजेंसी)।** कोटा से पानी छोड़े जाने से जनपद में चंबल नदी में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। चंबल नदी में पानी बढ़ने से यमुना नदी भी अब उफान पर आ रही है। देर रात अचानक नदी का जलस्तर बढ़ जाने से क्षेत्र के करीब दर्जन भर गांवों में पानी घुस गया। बाढ़ के पानी को लेकर लोगों में दहशत है। यमुना किनारे बसे गोहानी कला, अनिरुद्ध नगर के संपर्क मार्ग में बुधवार को पानी आ गया, जिससे आवाजाही बंद हो गई है। प्रशासन भी जलस्तर पर नजर रखते हुए एहतियाती कदम उठा रहा है। अजीतमल सामुदायिक केंद्र प्रभारी ने बताया कि बाढ़ वाले इलाकों में डॉक्टरों की टीम भेज दी गई और दवाइयां बटवाई जा रही हैं।

**कोटा से आए पानी ने बढ़ाया चम्बल का जलस्तर :** कोटा बैराज से पानी छोड़ने के बाद चंबल नदी में तेजी से जलस्तर बढ़ रहा है। चंबल का पानी यमुना में मिलने से उसमें भी उफान आ रहा है। यमुना का जलस्तर 112.53 मीटर पहुंच गया है। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के बडेरा, सिकरोड़ी, गौहानी कला, अनिरुद्ध नगर, गौहानी खुर्द, जुहीखा, ततारपुर, बीझलपुर आदि गांव के लोग सहमे हुए हैं। गांव के लोग बाढ़ को देखते हुए अभी से तैयारी में लग गए हैं। अजीतमल तहसील क्षेत्र में यमुना नदी के किनारे बसे गांव गौहानी कला एवं अनिरुद्ध नगर जाने वाले संपर्क मार्ग पर पानी आ गया गया जिससे पैदल आवाजाही बंद हो गयी है। यदि इसी तरह से जलस्तर बढ़ता रहा तो इस मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह से बंद हो जाएगी।

**यमुना से प्रभावित होने वाले गांव :** यमुना नदी से अधिक प्रभावित होने वाले 14 गांव हैं। इनमें बड़ैरा, गोहानी कलां, सिकरोड़ी, बंशियापुर, बरदौली, मिश्रपुर मानिकचंद, फरिहा, गोहानी खुर्द, कैथोली, गूंज, असेवा, जुहीखा, बीझलपुर, ततारपुर कलां शामिल हैं।

**17 गोताखोर चिन्हित किये गये :** बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन ने विभिन्न गांवों में 17 गोताखोर चिन्हित किए हैं। इनमें सिकरोडी में 5, बीझलपुर में 5, कुल 10 गोताखोर चिन्हित किए गए हैं।

**बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे अधिकारी :** गौहानी कला एवं अनिरुद्ध नगर का संपर्क अन्य क्षेत्रों के टूट जाने की खबर जैसे ही जिला प्रशासन को हुई तो वे लोग आनन-फानन में क्षेत्र की ओर निकल गए। जिलाधिकारी प्रकाश चंद श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी रेखा एस चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल, एसडीएम अजीतमल अखिलेश कुमार, सीओ अजीतमल प्रदीप कुमार के अलावा खंड विकास अधिकारी एवं लेखपाल भी पहुंच गए हैं। यमुना के बढ़े जलस्तर से 10 गांव के लोगों की फसलें प्रभावित हुई है जो पूरी तरह से जलमग्न हो गई है।

## न्यूज गैलरी

### विश्व चैम्पियनशिप : लक्ष्य सेन प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**टोक्यो (एजेंसी)।** भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन स्पेन के लुईस पेनावेर को सीधे गेम में हराकर विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये। राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन सेन ने 72 मिनट में 21-17, 21-10 से जीत दर्ज की। एक समय 3-4 से पिछड़ने के बाद नौवीं वरीयता प्राप्त सेन ने शानदार वापसी करते हुए छह अंक लेकर 13-7 की बढ़त बना ली। उन्होंने इस लय को जारी रखकर पहल गेम जीता। विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने दूसरे गेम में भी अपने प्रतिद्वंद्वी को वापसी नहीं करने दी। इससे पहले एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला पुरूष युगल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए लेकिन महिला वर्ग में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी हारकर बाहर हो गए। अर्जुन और कपिला की गैर वरीय जोड़ी ने डेनमार्क के आठवीं वरीयता प्राप्त किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन को 21-17, 21-16 से हराया। अब उनका सामना सिंगापुर के ही योंग टैरी और लोह कीन हीन से होगा। पोनप्पा और सिक्की को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन किंग चेन और जिया यि फान ने 42 मिनट में 21-15, 21-10 से मात दी। पूजा डांडु और संजना संतोष की जोड़ी भी तीसरी वरीयता प्राप्त कोरिया की ली सो ही और शिन सियुंग चान से हार गई।

### बेंगलुरू एफसी का दावा उनके खिलाड़ी के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी की गयी

**कोलकाता (एजेंसी)।** बेंगलुरू एफसी ने आरोप लगाया है कि डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में भारतीय वायु सेना के खिलाफ मैच के दौरान उनके एक खिलाड़ी के लिए नस्लीय टिप्पणी की गई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की इस शीर्ष टीम ने कहा कि उसने संबंधित अधिकारियों के सामने यह मामला रख दिया है। यह कथित घटना मंगलवार को यहां किशोर भारती क्रीड़ांगन में घटी। बेंगलुरू एफसी ने यहां जारी बयान में कहा कि बेंगलुरू एफसी जानता है कि मंगलवार को यहां डूरंड कप के मैच के दौरान उनके एक खिलाड़ी के खिलाफ विरोधी टीम के खिलाड़ी ने नस्लीय टिप्पणी की। आईएसएल की इस पूर्व चैंपियन टीम ने कहा कि हम इस संबंध में संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं। हमारा संदेश स्पष्ट है यहां भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं है और फुटबॉल सभी के लिए है। बेंगलुरू एफसी ने इस मैच में भारतीय वायु सेना को 4-0 से हराया और इस तरह से डूरंड कप में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। बेंगलुरू के लिए रॉय कृष्णा (नौवें मिनट), सुनील छेत्री (23वें मिनट), फैसल अली (71वें मिनट), और शिवा शक्ति (93वें मिनट) ने गोल किये।

### आईबीएसएफ विश्व जूनियर स्नूकर में भारत को दोहरी सफलता

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की अनुपमा रामचंद्रन और कीर्तना पंडियान ने रोमानिया के बुकारेस्ट में चल रही आईबीएसएफ विश्व जूनियर स्नूकर चैम्पियनशिप के अंडर 21 महिला वर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। रामचंद्रन को फाइनल में थाईलैंड की पंचाया चानोइ ने 4-1 से हराया । वहीं चानोइ से 3-0 से हारी पंडियान को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय खेल प्राधिकरण ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# युवराज ने मुझे कहा कि जमने के बाद अंत तक खेलने का प्रयास करो : गिल



**हरारे (एजेंसी)।** भारत के प्रतिभावान बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा है कि पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने उन्हें कहा था कि क्रीज पर जमने के बाद अंत तक बल्लेबाजी करने का प्रयास करो। युवराज की यह सलाह गिल के काफी काम आयी और उन्होंने यहां जिंबाब्वे के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय के दौरान करियर का पहला अंतर्राष्ट्रीय शतक जड़ा। गिल ने सोमवार को 97 गेंद में 15 चौकों और एक छक्के की मदद से 130 रन की पारी खेली जिससे भारत ने जिंबाब्वे को 13 रन से हराकर श्रृंखला में 3-0 से क्लीनस्वीप किया। उनकी इस पारी की युवराज सहित कई पूर्व खिलाड़ियों ने सराहना की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा डाले गये वीडियो में गिल ने कहा- जिंबाब्वे आने से पहले मैं उनसे (युवराज) मिला था और उन्होंने मुझे कहा कि तुम अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हो। वहां जाओ और अगर क्रीज पर जम जाओ तो पूरे ओवर खेलने का प्रयास करो। उन्होंने कहा- मैंने उन्हें कहा कि शतक नहीं आ रहा और उन्होंने कहा कि चिंता मत करो, यह बनेगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में नाबाद 98 रन बनाने के बाद बारिश के कारण शतक से महरूम रहे गिल युवराज और विराट कोहली के बाद विदेशी सरजमीं पर शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज हैं। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये गिल ने बातचीत के दौरान इशान किशन से कहा- यह बल्लेबाजी के लिए एक अच्छा विकेट था। मुझे आपका साथ मिला और भाग्य मेरे पक्ष में था। मेरे लिए यह महत्वपूर्ण था कि मैं इस अवसर का अधिक से अधिक फायदा उठाऊं और मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा किया। जिंबाब्वे के बल्लेबाज सिकंदर रजा ने भी 95 गेंद में 115 रन की पारी खेली और अपनी टीम को जीत की ओर ले गए लेकिन इसके बाद गिल ने लांग आन में उनका शानदार कैच लपका जिसके बाद भारत 13 रन से जीत दर्ज करने में सफल रहा। गिल ने कहा- मुकाबला काफी कड़ा था। हमें उम्मीद नहीं थी कि मुकाबला इतना करीबी रहेगा लेकिन यही क्रिकेट है। जब गेंद हवा में थी तो पहले मैं सोच रहा था कि गेंद आसानी से मेरे पास आएगी। लेकिन गेंद नीचे गिर रही थी और मैंने सिर्फ इसे पकड़ने के लिए गोता लगाया।

### डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे नीरज चोपड़ा, हुई पुष्टि

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक-2020 के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने स्विट्जरलैंड के लौसेन में 26 अगस्त से होने वाली डायमंड लीग में हिस्सा लेने की पुष्टि की। जर्मनी में अपनी चोट का इलाज करवा रहे नीरज ने ट्विटर पर अपनी तस्वीर साझा करते हुए कहा, 'मजबूत और शुक्रवार के लिए तैयार महसूस कर रहा हूं। समर्थन के लिए सभी का शुक्रिया। आपसे लौसेन में मिलते हैं!' गौरतलब है कि भारत के जैवलिन-थ्रो खिलाड़ी नीरज पिछले महीने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें एक महीने के आराम की सलाह दी गई थी। नतीजतन, वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में हिस्सा नहीं ले सके थे।

# चेतेश्वर पुजारा का रॉयल लंदन कप में तीसरा शतक, 90 गेंदों में ठोके 132 रन

**होव (एजेंसी)।** भारत के टेस्ट विशेषज्ञ बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने रॉयल लंदन एकदिवसीय कप में मंगलवार को यहां अपना तीसरा शतक जड़ा। ससेक्स का प्रतिनिधित्व कर रहे पुजारा की 90 गेंद में 132 रन की आतिशी पारी से टीम ने मिडिलसेक्स के खिलाफ 50 ओवर में 4 विकेट पर 400 रन बनाए। टीम की कप्तानी कर रहे पुजारा ने अपनी आक्रामक पारी में 20 चौके और दो छक्के लगाए। सलामी बल्लेबाज टॉम एलसोप ने 155 गेंद में 189 रन की पारी खेली। पुजारा और एलसोप ने तीसरे विकेट के लिए 240 रन की साझेदारी की। पुजारा ने इससे पहले वॉरविकशर के खिलाफ 107 और सरे के खिलाफ 174 रन बनाए थे। यह उनके लिस्ट-ए करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इससे पहले काउंटी चैम्पियनशिप में शानदार बल्लेबाजी के दम पर पुजारा ने इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट मैच में भारतीय टीम में वापसी की थी।



## आबूधाबी मास्टर्स शतरंज

### भारत के अर्जुन ने बनायी सयुंक्त बढ़त




**आबूधाबी (एजेंसी)।** भारत के 18 वर्षीय ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी नें ओलंपियाड में अपराजित रहते हुए व्यक्तिगत रजत पदज जीतकर अपनी क्षमता साबित की थी और 2700 रेटिंग को पार करनेवाले भारत के सातवें खिलाड़ी बन गए थे और उन्होंने अपनी इसी लय को बनाए रखते हुए आबूधाबी मास्टर्स शतरंज मे छह राउंड के बाद यूएसए के रेबसन रे के साथ सयुंक्त बढ़त हासिल कर ली है। अर्जुन ने अबतक खेले गये छह मुकाबलों मे 4 जीत और 2 ड्रॉ के साथ पांच अंक बनाए और 2856 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए लाइव रेटिंग मे 2714 अंको के साथ विश्व रैंकिंग में 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं, अब भारत में उनसे ज्यादा रेटिंगवाले खिलाड़ियों में विश्वनाथन आनंद ( 2756), डी गुकेश ( 2728) और पेंटाला हरीकृष्णा ( 2716) है जबकि विदित गुजराती ( 2710) के साथ पांचवे स्थान पर है। अर्जुन नें तीसरे राउंड में सर्बिया के इंडजीक अलेक्जेंडर और छठे राउंड में हमवतन रौनक साधवानी पर महत्वपूर्ण जीत हासिल की है।

## न्यायमूर्ति चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ करेगी बीसीसीआई मामलों की सुनवाई




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड से जुड़े मामलों की सुनवाई न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ करेगी। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि बीसीसीआई मसलों पर नौ अगस्त 2018 को पिछला फैसला तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा, न्यायमूर्ति एएम खानविलकर और चंद्रचूड की पीठ ने दिया था। न्यायमूर्ति मिश्रा और खानविलकर सेवानिवृत हो चुके हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अब न्यायाधीश मिश्रा और खानविलकर सेवानिवृत हो चुके हैं तो न्यायाधीश चंद्रचूड दो और न्यायाधीशों के साथ मामले की सुनवाई करेंगे। न्यायालय ने 21 जुलाई को वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह को बीसीसीआई मामलों में सहायता के लिये न्यायमित्र नियुक्त किया था और पदाधिकारियों के कार्यकाल संबंधी मसले पर अपने संविधान में संशोधन की बीसीसीआई की अपील पर मामले की सुनवाई आज तय की थी।

बीसीसीआई पदाधिकारियों के कार्यकाल के मसले पर अपने संविधान में संशोधन करना चाहता है। इसके तहत बीसीसीआई और प्रदेश संघों में पदाधिकारियों के दो कार्यकाल के बीच विश्राम का समय हटाना शामिल है। इन पदाधिकारियों में बोर्ड अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह शामिल है। संविधान में संशोधन से वे अपने अपने प्रदेश संघों में छह साल का कार्यकाल पूरा करने के बावजूद पद पर बने रह सकेंगे। इससे पहले न्यायाधीश आरएम लोढा की अगुवाई वाली समिति ने बीसीसीआई में सुधारों की अनुशंसा की थी जिसे न्यायालय ने मान लिया था। बीसीसीआई के मौजूदा संविधान के तहत प्रदेश संघ या बीसीसीआई में लगातार दो कार्यकाल के बीच तीन साल का विश्राम समय जरूरी है। गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ के पदाधिकारी थे और शाह गुजरात क्रिकेट संघ के साथ थे।

# विश्व चैम्पियनशिप : अर्जुन-कपिला प्री क्वार्टर फाइनल में, पोनप्पा-रेड्डी बाहर



**टोक्यो (एजेंसी)।** भारतीय पुरूष युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए लेकिन महिला वर्ग में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी हारकर बाहर हो गए। अर्जुन और कपिला की गैर वरीय जोड़ी ने डेनमार्क के आठवीं वरीयता प्राप्त किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन को 21.17, 21.16 से हराया। अब उनका सामना सिंगापुर के ही योंग टैरी और लोह कीन हीन से होगा। पोनप्पा और सिक्की को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन किंग चेन और जिया यि फान ने 42 मिनटमें 21.15, 21.10 से मात दी। पूजा डांडु और संजना संतोष की जोड़ी भी तीसरी वरीयता प्राप्त कोरिया की ली सो ही और शिन सियुंग चान से हार गई। शाम को एच एस प्रणय, लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत पुरूष एकल में जबकि सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पुरूष युगल और त्रिसा जॉली तथा गायत्री गोपीचंद महिला युगल में चुनौती पेश करेंगे।

### अमरीकी ओपन : दिमित्रोव के बाहर होने के बाद थियेम जीते

**विन्सटन सलेम (एजेंसी)।** अमरीकी ओपन 2020 जीतने के बाद अमरीकी धरती पर पहला टूनार्मेंट खेल रहे डोमिनिक थियेम ने विंस्टन सलेम ओपन के दूसरे दौर में ग्रिगोर दिमित्रोव के बाहर होने के बाद अगले दौर में जगह बना ली। दिमित्रोव 6-0, 2-4 से आगे चल रहे थे जब दिमित्रोव ने तबीयत खराब होने के कारण मैच छोड़ दिया। थियेम मार्च 2020 में कैरियर की सर्वोच्च तीसरे नंबर की रैंकिंग पर पहुंचे थे और 14 महीने पहले दाहिनी कलाई में चोट लगने से पहले शीर्ष पांच में शामिल थे। अमरीका के मैक्सिम क्रेसी ने आस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ को 6-3, 6-3 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। अमरीका के ही स्टीव जॉनसन ने मैक्सिको के पेड्रो मार्तिनेज को 7-6, 6-2 से हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेटी को दूसरे दौर में फ्रांस के रिचर्ड गास्केत ने 7-6, 4-6, 6-1 से हराया।

# फीफा को पत्र- निर्धारित शर्तें पूरी कीं, बैन पर करें पुनर्विचार




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने फीफा से उस पर लगा प्रतिबंध हटाने का अनुरोध किया। एआईएफएफ ने फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा की मांग के अनुरूप उच्चतम न्यायालय के प्रशासकों की समिति (सीओए) को हटाने के बाद यह कदम उठाया है। एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव सुनंदो धर ने फीफा महासचिव फातमा समौरा से एआईएफएफ को निलंबित करने के फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। धर ने कहा- बहुत खुशी के साथ हम आपको सूचित करते हैं कि भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने हमारे मामले की सुनवाई की और दिनांक 22 अगस्त 2022 के आदेश के माध्यम से सीओए को पूर्ण रूप से हटा दिया है और परिणामस्वरूप एआईएफएफ को अपने दैनिक कार्यों के संचालन का पूर्ण प्रभार मिल गया है। उपरोक्त को देखते हुए हम फीफा और विशेष रूप से ब्यूरो से एआईएफएफ को निलंबित करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करते हैं। पत्र में आगे कहा गया है- निलंबन हटाने के लिए आपके पत्र में निर्धारित शर्तें पूरी कर दी गयी हैं इसलिए हम अनुरोध करते हैं कि इस संबंध में जल्द से जल्द आदेश दिया जाये जिससे कि एआईएफएफ भारत में फुटबॉल का सुचारू रूप से संचालन जारी रख पाये। फीफा ने 15 अगस्त को एआईएफएफ को तीसरे पक्ष से अनुचित प्रभाव के लिए निलंबित कर दिया था और कहा था कि अंडर-17 महिला विश्व कप वर्तमान में भारत में पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार आयोजित नहीं किया जा सकता है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारत को 11 से 30 अक्टूबर तक फीफा टूर्नामेंट की मेजबानी करनी है। एआईएफएफ के 85 साल के इतिहास में यह पहली बार है जब फीफा ने उस पर प्रतिबंध लगाया है। उच्चतम न्यायालय ने निलंबन को हटाने और भारत में अंडर-17 महिला विश्व कप के आयोजन का रास्ता साफ करने के लिए सोमवार को अपने पूर्व के आदेश में संशोधन किया।

### 'विराट कोहली की ट्रेनिंग के प्रति तीव्रता देखकर मैं चौंक गया था'

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा बने मनदीप सिंह ने खुलासा किया है कि जब वह आरसीबी के साथ थे तो विराट कोहली की ट्रेनिंग के प्रति तीव्रता देखकर चौंक गये थे। उन्होंने 2015-2018 तक आरसीबी का प्रतिनिधित्व किया और अपने कार्यकाल के दौरान सामान्य थे। कभी भारतीय क्रिकेट के उभरते हुए सितारे माने जानेवाले मंदीप उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाये। मनदीप सिंह ने कहा, जब मैं आरसीबी में शामिल हुआ तो मैं विराट कोहली की प्रशिक्षण के प्रति तीव्रता को देखकर चौंक गया था। उनकी फिटनेस ने उन्हें टी-20 क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में अहम भूमिका निभाई है। इसने गेंदबाजों को बेहतर बनाने में मदद की है और कुल मिलाकर टेस्ट क्रिकेट में मदद की है।




## न्यूज गैलरी


### गुजरात में आयकर छापा, 300 करोड़ की अघोषित लेनदेन का खुलासा

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने गुजरात स्थित सेरेमिक टाइल्स विनिर्माता और इसका कारोबार करने वाले ग्रुप पर छापामारी कर 100 करोड़ रुपये के नकदी लोन सहित 300 करोड़ रुपये के अघोषित लेनदेन का पता लगाया है। विभाग ने आज यहां जारी बयान में कहा कि गत नौ अगस्त को की गयी इस कार्रवाई में कई साक्ष्य मिले हैं। यह छापेमारी एक साथ 36 परिसरों पर की गयी जो राजकोट, मोरबी, अहमदाबाद, रायपुर, गुवाहाटी, गुरुग्राम और कोलकाता में स्थित है। यह छापेमारी उनके यहां भी पड़ी थी जिसमें वित्त उपलब्ध कराने वाले हैं। इस दौरान कई डिजिटल और अन्य साक्ष्य भी जब्त किये गये है जिससे बड़े पैमाने पर कर चोरी का पता चला है।

### ऑडी की कारें होंगी 2.4 प्रतिशत तक महंगी

मुंबई। जर्मनी की लक्जरी कार निर्माता कंपनी ऑडी ने आज भारत में अपनी कारों के अलग-अलग मॉडलों की कीमतों में 2.4 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि लागत बढ़ने के कारण कारों की कीमतों में यह बढ़ोतरी की जा रही है। कीमतों में यह वृद्धि 20 सितंबर 2022 से लागू होगी। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन ने कहा हम एक स्थायी बिजनेस मॉडल चलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इनपुट और सप्लाई चेन की बढ़ती लागत के कारण, हमें अपनी कारों के अलग-अलग मॉडलों की कीमतों में 2.4 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की जरूरत महसूस हुई।

### 200 करोड़ रुपये के आईपीओ पर बदला टेक्सटाइल कंपनी का मूड, सेबी की मंजूरी से पहले लिया ये फैसला



नई दिल्ली (एजेंसी)। टेक्सटाइल कंपनी ने सेबी की मंजूरी से पहले ही आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को वापस ले लिया है। इस कंपनी का नाम स्टिन्ड टेक्सटाइल्स है। दरअसल, पुरुष परिधान के प्रमुख ब्रांड हाबारसिलोनाह्व का स्वामित्व रखने वाली स्टिन्ड टेक्सटाइल्स ने अपने 200 करोड़ रुपये के आईपीओ को वापस लिया है। आईपीओ के तहत पूरी तरह नए शेयरों की पेशकश की जानी थी। कंपनी ने प्रस्तावित आईपीओ के लिए 17 जून को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुरुआती दस्तावेज जमा कराए थे। बाजार नियामक ने बताया कि आईपीओ के लिए प्रस्तावित दस्तावेजों को 16 अगस्त को वापस ले लिया गया था। हालांकि, वापसी के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। बता दें कि कंपनी ने फिनशोर मैनेजमेंट सर्विसेज को इश्यू के लिए बुक-रनिंग लीड मैनेजर के रूप में नियुक्त किया था, जबकि बिगशेयर सर्विसेज को इश्यू के रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त किया गया था। 50 से ज्यादा शहरों में यह कंपनी मुख्य तौर से पुरुषों के ड्रेसेज में है। वहीं, सूटिंग और शर्टिंग कपड़ों में डील करती है। यह अब तक भारत के 50 से अधिक शहरों में फ्रेंचाइजी मॉडल में लगभग 85 स्टोर संचालित कर रही है। यह 'बार्सिलोना' ब्रांड के तहत अपने उत्पाद पेश करता है।

### अब प्रॉपर्टी खरीदना होगा और भी आसान पंजाब नेशनल बैंक लेकर आया है सुनहरा मौका

नई दिल्ली। क्या आप मौजूदा बाजार दरों से बहुत कम कीमत पर घर खरीदने की योजना बना रहे हैं? तो यह खबर निश्चित रूप से आपके लिए है। पंजाब नेशनल बैंक 25 अगस्त को गिरवी संपत्तियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक नीलामी (ई-नीलामी) करने के लिए तैयार है। पीएनबी ई-नीलामी की ओर से दी जाने वाली संपत्तियों में आवास, आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक सहित सभी प्रकार की संपत्तियां शामिल होंगी। पंजाब नेशनल बैंक ने इसको लेकर ट्वीट कर कहा, "सस्ती आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों की आपकी तलाश यहां समाप्त हो जाएगी! बोली लगाने के लिए ई-बिक्री पोर्टल पर लॉग ऑन करें। आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों की यह राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन मेगा ई-नीलामी सरफेसी अधिनियम के तहत पारदर्शी तरीके से आयोजित की जा रही है। इच्छुक प्रतिभागियों को ई-बिक्री पोर्टल की आधिकारिक वेबसाइट ibapi.in पर लॉग इन करना होगा।

### पहली छमाही में सात प्रमुख शहरों में पट्टे पर भंडारण, लॉजिस्टिक्स स्थलों की मांग नौ प्रतिशत घटी

नयी दिल्ली। देश के सात प्रमुख शहरों में पट्टे या लीज पर भंडारण, लॉजिस्टिक स्थलों की मांग चालू कैलेंडर साल की पहली छमाही (जनवरी-जून) में नौ प्रतिशत घट गई। ऊंची मुद्रास्फीति और वैश्विक अड़चनों के कारण मांग में कमी आई। अमेरिका की संपत्ति सलाहकार कंपनी वेस्टियन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे और कोलकाता जैसे सात प्रमुख शहरों में 1.31 करोड़ वर्ग फुट से अधिक का भंडारण और लॉजिस्टिक स्थल पट्टे पर है। रिपोर्ट में कहा गया, यह इससे पिछले वर्ष की पहली छमाही में पट्टे पर दिए गए भंडारण, लॉजिस्टिक स्थल की तुलना में नौ प्रतिशत कम है। कंपनी ने बताया कि बढ़ती मुद्रास्फीति और भू-राजनीतिक संकट से उत्पन्न वैश्विक चुनौतियों के कारण भंडारण, लॉजिस्टिक स्थलों की मांग में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, पट्टे पर भंडारण, लॉजिस्टिक स्थलों की कुल मांग में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर), पुणे और मुंबई की हिस्सेदारी 56 प्रतिशत रही। दिल्ली-एनसीआर में 28 लाख वर्ग फुट, पुणे में 24.5 लाख वर्गफुट, मुंबई में 21.7 लाख वर्ग फुट, बेंगलुरु में 18 लाख वर्गफुट, चेन्नई में 15 लाख वर्गफुट, हैदराबाद में 14 लाख वर्गफुट और कोलकाता में 10.4 लाख वर्ग फुट भंडारण, लॉजिस्टिक स्थल पट्टे पर है।

# आरबीआई की एमपीसी के सदस्य जयंत वर्मा ने कहा- बहुत जरूरी है इनफ्लेशन को जल्द 4% पर लाना



**एमपीसी की 3-5 अगस्त की मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग के मिनट्स 19 अगस्त को जारी किए गए थे। इसमें वर्मा ने इनफ्लेशन के मौजूदा स्तर को अस्वीकार्य बताया है।**

नई दिल्ली (एजेंसी)। इन्फ्लेशन पर आरबीआई का फोकस बना रहेगा। केंद्रीय बैंक की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) के सदस्य जयंत वर्मा ने यह संकेत दिया। उन्होंने कहा कि जितना जल्द हो सके इन्फ्लेशन को 4 फीसदी के मीडियम-टर्म टारगेट पर लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा करने के दौरान यह देखना होगा कि इकोनॉमी पर किसी तरह का खराब असर नहीं पड़े। वर्मा एमपीसी में शामिल तीन एक्सटर्नल मेंबर्स में से एक हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा स्पष्ट तौर पर मानना है कि जितना जल्द हो सके इनफ्लेशन को 4 फीसदी के करीब लाना जरूरी है। बड़ा सवाल यह है कि इस काम को कितना जल्द किया जा सकता है, क्योंकि इसका असर इकोनॉमी पर पड़ेगा।' उन्होंने कहा, 'हमें यह सोचना होगा कि हम इस काम को छह महीने, 12 महीने या 18 महीने में कर सकते हैं। हम ऐसे समय की ओर बढ़ रहे हैं, जब हमें इस बारे में बातचीत शुरू करनी होगी।' उन्होंने मनीकंट्रोल से बातचीत में इस बारे में बताया। एमपीसी की 3-5 अगस्त को मॉनिटरी पॉलिसी मीटिंग के मिनट्स 19 अगस्त को जारी किए गए थे। इसमें वर्मा ने इनफ्लेशन के मौजूदा स्तर को अस्वीकार्य बताया है। वर्मा आईआईएम-अहमदाबाद के प्रोफेसर हैं। रिजर्व बैंक का सबसे ज्यादा फोकस इनफ्लेशन को कंट्रोल करने पर है। जुलाई में रिटेल इन्फ्लेशन 6.71 फीसदी रहा। यह पिछले पांच महीने में सबसे कम रिटेल इनफ्लेशन है। हालांकि, रिटेल इनफ्लेशन पिछले 34 महीनों से 4 फीसदी से ऊपर बना हुआ है। रिटेल इनफ्लेशन के अगले साल के मध्य तक 4 फीसदी के करीब आने की उम्मीद नहीं है। आरबीआई ने इनफ्लेशन के अपने अनुमान में अगले साल अप्रैल-जून में इसके औसतन 5 फीसदी रहने की बात कही है। वर्मा का कहना है कि इनफ्लेशन के लिए 4 फीसदी का टारगेट होना चाहिए। किसी तरह की प्रॉब्लम की स्थिति में इसके 2 फीसदी ऊपर या नीचे जाने की गुंजाइश रखी जानी चाहिए लेकिन, क्राइसिस के असर से निपटने के लिए हमें जल्द उपाय करने होंगे।

## एनएसई ने निवेशकों को किया आगाह, रिटर्न की गारंटी वाली योजनाओं में निवेश से बचें




नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने निवेशकों को 'रियल ट्रेडर' और 'ग्रो स्टॉक' जैसी इकाइयों या वित्तीय कंपनियों के प्रति आगाह किया है। एनएसई ने पाया है कि टेलीग्राम चैनल और व्हॉट्सएप के माध्यम से परिचालन करने वाली ये इकाइयां सुनिश्चित रिटर्न की गारंटी का दावा करते हुए निवेशकों को लुभा रही हैं। एक्सचेंज ने बताया कि ये इकाइयां एनएसई के पास न तो सदस्य के रूप में पंजीकृत हैं और न ही किसी पंजीकृत सदस्य की ओर से अधिकृत व्यक्ति हैं। एक्सचेंज ने निवेशकों को आगाह किया है कि वे इकाइयों/व्यक्तियों द्वारा शेयर बाजार में रिटर्न की गारंटी के साथ पेश की जाने वाली योजनाओं में निवेश नहीं करें, क्योंकि कानूनन इस पर प्रतिबंध है। एक्सचेंज ने पिछले महीने इसी तरह का परामर्श जारी किया था। उस समय एक्सचेंज के संज्ञान में आया था कि शेयर्स बाजार प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक इकाई सुनिश्चित रिटर्न के साथ निवेश योजनाओं की पेशकश कर रही है।

## एक साल में 2700% का रिटर्न, मल्टीबैगर स्टॉक ने एक लाख का बनाया 28 लाख रुपये



नई दिल्ली (एजेंसी)। यह साल अभी तक निवेशकों के लिए काफी मुश्किलों भरा रहा है। साल 2022 में स्टॉक मार्केट में उतार और चढ़ाव की वजह से कई कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली है। लेकिन इस मुश्किल दौर में भी कई कंपनियों ने अपने निवेशकों को निराश नहीं किया है। जेनसॉल इंजीनियरिंग लिमिटेड उन्हीं शेयरों में से एक है जिसने बीते एक साल के दौरान निवेशकों को मालामाल बना दिया है। कंपनी के शेयरों में इस दौरान 2700 प्रतिशत से अधिक की उछाल देखने को मिली है। आइए जानते हैं इस साल जेनसॉल इंजीनियरिंग लिमिटेड के शेयर का प्रदर्शन कैसा रहा है। 24 अगस्त 2022 को कंपनी के शेयर की कीमत 53.63 रुपये थी। जोकि अब बढ़कर 1548 रुपये हो गई है। पिछले एक साल के दौरान कंपनी ने अपने निवेशकों को बीएसई में 2758.82 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं, इस साल के अबतक के प्रदर्शन की बात करें तो कंपनी के शेयर के भाव 1184.10 रुपये की उछाल देखने को मिली है। बीते 6 महीने का प्रदर्शन भी उत्साहित करने वाला रहा है। कंपनी के शेयरों में इन 6 महीनों के दौरान 554.83 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली। इस दौरान एक शेयर की कीमत 233.65 रुपये से बढ़कर 1548 रुपये हो गई। अंतिम 1 महीने की बात करें तो इस दौरान भी निवेशकों को अच्छा रिटर्न मिला है। कंपनी एक शेयर का भाव इस दौरान 67.34 प्रतिशत तक बढ़ गया है। जिस किसी निवेशक ने एक महीने पर इस स्टॉक पर दांव लगाया होगा उसका रिटर्न बढ़कर 1.69 लाख रुपये हो गया होगा। वहीं, 6 महीने पहले इस स्टॉक पर भरोसा जताने वाले निवेशकों का एक लाख रुपया बढ़कर 6.62 लाख रुपये हो गया है। ठीक इसी तरह साल के पहले दिन एक लाख का निवेश करने वाले निवेशकों का रिटर्न अब बढ़कर 12.99 लाख रुपये हो गया है। जबकि जिन निवेशकों ने एक साल पहले इस स्टॉक पर भरोसा जताया होगा और अबतक उस को होल्ड किया होगा, ऐसे निवेशकों का एक लाख रुपये पर रिटर्न 28.86 लाख रुपये मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार में 18 अक्टूबर 2019 को डेब्यू किया था। तब से अबतक कंपनी के शेयर का भाव 2300 प्रतिशत से अधिक बढ़ चुका है।

## ट्विटर के पूर्व सिक्योरिटी चीफ का आरोप: भारत सरकार ट्विटर में सरकारी एजेंट रखवा रही है

नई दिल्ली। ट्विटर के पूर्व सिक्योरिटी चीफ पीटर जटको ने भारत सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सरकार ने सोशल मीडिया कंपनी को एक ऐसे व्यक्ति को काम पर रखने के लिए मजबूर किया जो एक सरकारी एजेंट था। इसका मकसद यूजर्स के सेंसेटिव डेटा को एक्सेस करना था। अमेरिका की न्यूज वेबसाइट वॉशिंगटन पोस्ट ने सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन को भेजी गई 84 पेज के शिकायत वाली रिपोर्ट को पब्लिश किया है। जटको पॉपुलर हैकर के रूप में जाने जाते हैं। भारत सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने अपनी फाइलिंग में ट्विटर की एक अराजक कंपनी के रूप में तस्वीर पेश की और बताया कि यह अपने 23.8 करोड़ डेली डेली यूजर्स की ठीक से प्रोटेक्ट करने में असमर्थ है।

## राधाकिशन दमानी के एस्ट्रा माइक्रोवेव स्टॉक ने बदली निवेशकों की किस्मत, एक साल में पैसा डबल



नई दिल्ली (एजेंसी)। बुधवार को कंपनी के शेयर 2.50 प्रतिशत की उछाल के साथ 52 सप्ताह के उच्चतम 322.65 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। हालांकि इसके बाद कंपनी मुनाफावसूली का शिकार हो गई। और देखते ही देखते कंपनी के शेयर का भाव एनएसई में लुढ़क कर 316.50 रुपये के लेवल पर आ गया। सुबह 11:40 बजे कंपनी के शेयर 323.45 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। पिछले एक महीने के दौरान कंपनी के शेयर का भाव 245 रुपये से बढ़कर 322.65 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। यानी सिर्फ एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों 30 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। पिछले 6 महीने की बात करें तो एस्ट्रा माइक्रोवेव के शेयरों का भाव 175 रुपये के लेवल से बढ़कर 322 रुपये के लेवल पर आ गया है। यानी इस दौरान कंपनी के शेयरों में 80 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली। वहीं, इस साल राधाकिशन दमानी के इस स्टॉक की कीमत में 90 प्रतिशत से अधिक की उछाल आई है। साल 2022 की शुरुआत में कंपनी के शेयर का भाव 233 रुपये से बढ़कर 322.65 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। कंपनी के अप्रैल से जून 2022 तक के शेयर होल्डिंग पैटर्न के अनुसार राधाकिशन दमानी के पास कंपनी में 8,96,387 शेयर थे। उनके पास कंपनी की 1.03 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बता दें, मार्च में समाप्त हुई तिमाही के दौरान राधाकिशन दमानी के पास 1.03 प्रतिशत ही हिस्सेदारी थी। यानी राधाकिशन दमानी का भरोसा इस स्टॉक पर कायम है।

## पेज एक के शेष

### प्रेम प्रकाश के...

ने हथियार की बरामदगी के बाद मामले की जानकारी अपने आला अधिकारियों व रांची पुलिस को भी दी।

**देर शाम रांची पुलिस ने किया दावा, प्रेम प्रकाश को कोई बॉडीगार्ड नहीं मिला था :** प्रेम प्रकाश के यहां पुलिसकर्मियों के एके-47 मिलने के बाद रांची एसएसपी कौशल किशोर ने कहा है कि प्रेम प्रकाश को कोई सरकारी बॉडीगार्ड नहीं मिला था। रांची पुलिस ने इस मामले में प्रेस विज्ञप्ति के जरिये दावा किया है कि 24 अगस्त को रांची के परिचारी प्रवर को दो आरक्षियों ने लिखित सूचना दी कि 23 अगस्त को वे ड्यूटी से वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में पूर्व परिचित प्रेम प्रकाश के स्टाफ के पास अपना अपना एके-47 व निर्गत गोलियां अलमीरा में रखकर चाबी लेकर अपने अपने घर चले गये। सुबह दोनों हथियार लेने आये तो पाया कि आवास में छापेमारी जारी है। इसके कारण वह हथियार नहीं ले पाये। बताया गया है थाना प्रभारी अरगोड़ा ने मामले की जांच की। दोनों एके-47 व निर्गत गोलियों को प्राप्त करने के लिए ईडी से पत्राचार किया जायेगा। रांची पुलिस ने प्रेस बयान में बताया है कि घोर लापरवाही के लिए दोनों आरक्षियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। हालांकि, रांची पुलिस ने दोनों आरक्षियों के नाम का खुलासा नहीं किया है, साथ ही यह भी नहीं बताया है कि अगर दोनों आरक्षी प्रेम प्रकाश के साथ तैनात नहीं थे तो उनकी तैनाती कहां थी।

**सांसद ने किया चौंकाने वाला दावा :** सांसद निशिकांत दुबे ने हथियार बरामदगी के मामले में चौंकाने वाला दावा किया है। निशिकांत दुबे ने कहा है कि प्रेम प्रकाश के जिस फ्लैट में हथियार मिले हैं, वह पिछले 25 दिनों से बंद था। सांसद दुबे ने दावा किया है कि एनआईए इस मामले में जांच करेगी तो पूरे महकमे में भूचाल आयेगा।

### झारखंड में 50...

उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी गयी।

खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ अब 20 लाख को : झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आच्छादित होनेवाले लाभुकों की अधिकतम संख्या 15 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने की स्वीकृति दी गयी। जबकि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के लाभुकों को अप्रैल, 2022 से सितम्बर, 2022 तक के अवधि के लिए पांच किलोग्राम खाद्यान्न प्रति लाभुक प्रतिमाह मुफ्त वितरित करने हेतु खाद्यान्न के परिवहन, हथालन एवं वितरण कार्य हेतु राज्य सरकार पर संभावित व्यय राशि रु. 36.00 करोड़ मात्र की स्वीकृति दी गयी।

पुलिसकर्मियों का क्षतिपूर्ति अवकाश पुनः बहाल : झारखंड पुलिस के अराजपत्रित कर्मियों में से चतुर्थवर्गीय कर्मी, सिपाही, हवलदार, सहायक अवर निरीक्षक, अवर निरीक्षक एवं निरीक्षक देय एक माह के मूल वेतन के बराबर मानदेय भुगतान के संबंध में क्षतिपूर्ति अवकाश की देयता को पुनः बहाल करने की स्वीकृति दी गयी। स्पेशल ऑक्जलरी पुलिस के दोनों वाहिनियों का कार्यकाल विस्तार एवं अनुबंध पर कार्यरत पदाधिकारियों-कर्मियों के अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गयी। वहीं, विशिष्ट इंडिया रिजर्व (आदिम जनजाति) बटालियन में आरक्षी के पद पर नियुक्ति हेतु अधिसूचित नियम में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।

एनजीओ विद्यालयों के संचालन की स्वीकृति : राज्य योजनान्तर्गत विभिन्न स्कूलों, पुर्नवास केन्द्रों, छात्रवासों और गृहों का योजना से स्वयंसेवी संस्थानों के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए मूक-बधिर एवं स्पेशिक विद्यालयों के संचालन की स्वीकृति दी गयी। वहीं, झारखंड प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के स्वरूप में बदलाव करते हुए राज्य में अवस्थित राज्य सरकार द्वारा संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 10 तक अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने विषयक नियमावली के गठन की स्वीकृति दी गयी। वहीं, झारखंड पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के स्वरूप में बदलाव करते हुए झारखंड राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्रा को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने विषयक नियमावली के गठन की स्वीकृति दी गयी। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत राज्य के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग वर्ग के युवाओं को ऋण-सह-अनुदान उपलब्ध कराने ऋण की वसूली गारंटर के लिए मापदंड का निर्धारण एवं ईएमआई की गणना की स्वीकृति दी गयी।

**स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 1990 पदों का सृजन :** राज्य में नवसृजित 134 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों हेतु चिकित्सा पदाधिकारी एवं पारामेडिकलकर्मियों के कुल 1990 पदों का सृजन एवं 1990 पदों के प्रत्यर्पण की स्वीकृति दी गयी। वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री ग्रामीण जलापूर्ति योजना अंतर्गत जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट न्यास परिषद-प्रबंधकीय समिति द्वारा अनुशंसित राज्य के खनिज क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था के निमित्त पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़ अंतर्गत सोसोकला-हेमन्तपुर एवं आसन्न ग्रामों में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के प्रथम पुनरीक्षित राशि रुपये 3179.04000 लाख मात्र पर योजना की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति एवं पुनरीक्षण के फलस्वरूप वर्धित राशि रुपये 609.51500 लाख मात्र पर व्यय की स्वीकृति दी गयी।

### हथियार बरामदगी : दबाव...

जाते हैं या गली मुहल्ले घूमते हुए। बाबूलाल मरांडी ने मांग की है कि पुलिस इन बाडीगार्डस/हथियार के ढ़ाई सालों के पदस्थापन/आवंटन का पूरा विवरण बताये। सबकुछ शीशे की तरह दिख जायेगा। बाबूलाल ने सवाल उठाते हुए कहा है कि निर्लज्जता की भी एक सीमा होती है। सुना है दलालों के सरगना प्रेम प्रकाश को बचाने के लिए पुलिस फिल्मी कहानी की पटकथा लिख रही है। बॉडीगार्ड्स के नाम एके-47, तैनाती किसी दूसरे के साथ, काम किसी तीसरे के साथ और मालखाना प्रेम प्रकाश का घर।

**एनआईए जांच की मांग की :** बाबूलाल मरांडी के अलावा गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने हथियार बरामदगी की जांच एनआईए से कराने की मांग की है। बाबूलाल मरांडी ने गृह मंत्रालय व एनआईए को टैग करते हुए लिखा है कि सरकारी हथियारों का भी अवैध गलत इस्तेमाल करवाया जा रहा होगा? और हो न हो उग्रवादियों-आतंकवादियों तक की सरकारी हथियारों तक पंहुच होगी ऐसे में एनआईए इस मामले को गंभीरता से ले और गहराई से इसकी जांच करे। बिचौलिये प्रेम प्रकाश के घर ईडी के छापे में एके-47 का मिलना, ये दर्शाता है कि सत्ता का ये खेल ना सिर्फ रिश्वतखोरी से जुड़ा है, बल्कि राजनीति का अपराधीकरण और आतंकवाद से भी जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। निशिकांत दुबे ने भी एनआईए जांच की मांग करते हुए लिखा है कि हथियार बरामदगी की जांच एनआईए को अपने हाथ लेना चाहिए।

**सरयू राय ने भी लगाया गंभीर आरोप :** सरयू राय ने पूरे मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा है कि ऐसा लगता है कि झारखंड सरकार के पुलिस महकमे में गैंग ऑफ वासेपुर कायम हो गया है। प्रेम प्रकाश के घर से मिले दो एके-47 रायफलों की जांच एनआईए को सौंपी जाये, दोषियों पर कारवाई हो, भले ही वे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हों। सरयू राय ने कहा कि प्रेम प्रकाश की आलमारी में रखे दो एके-47 राइफल बताते हैं कि राजनीतिक भ्रष्टाचार आपराधिक आयाम ले चुका है।

### समस्याओं का समाधान...

है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के मांगों के अनुरूप नयी नियमावली के तहत अब आंगनबाड़ी सेविकाओं को 9500 रुपये एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं को 4750 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। नयी नियमावली के तहत अब आंगनवाड़ी सेविकाओं के प्रतिमाह मानदेय राशि में केंद्र सरकार की ओर से क्रमशः 2700 रुपये एवं राज्य सरकार की ओर से क्रमशः 6800 रुपये की साझेदारी रहेगी। उसी प्रकार आंगनबाड़ी सहायिकाओं को केंद्र सरकार की ओर से क्रमशः 1350 रुपये एवं राज्य सरकार की ओर से क्रमशः 3400 रुपये की साझेदारी का प्रावधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब राज्य के लघु आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत सेविका एवं सहायिकाओं को भी क्रमशः 9500 तथा 4750 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जायेगा। जिसमें लघु आंगनबाड़ी सेविकाओं को केंद्र सरकार की ओर से क्रमशः 2100 एवं राज्य सरकार क्रमशः 7400 रुपये भुगतान की हिस्सेदारी के साथ 9500 रुपये प्रतिमाह मानदेय भुगतान किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नयी नियमावली के तहत राज्य सरकार सभी आंगनबाड़ीकर्मियों का भविष्य निधि खाता खोलते हुए मानदेय का छह प्रतिशत राशि अलग से जमा करायेगी। उन्होंने कहा कि अब आंगनबाड़ी कर्मियों को भी अनुकंपा का लाभ दिये जाने का प्रावधान किया जा रहा है। मौके पर मंत्री जोबा मांझी, सत्यानंद भोक्ता, आलमगीर आलम, जगरनाथ महतो, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू एवं संघ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### गरीबों को मिलेगा...

भारत की आध्यात्मिक परंपरा की वाहक हैं। उनका जीवन संदेश हमें महाउपनिषदों में मिलता है। पीएम ने कहा कि अम्मा ने स्वच्छ भारत और नमामि गंगे अभियान में भी अहम योगदान दिया है। पीएम ने कहा कि यह भी पुरातन समय के जैसे एक तरह का पीपीपी मॉडल है। मैं पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप नहीं, इसे परस्पर प्रयास के तौर पर देखता हूं। पीएम ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए प्रभावी पीपीपी मॉडल तैयार किया जा रहा है। पीएम ने कहा कि हरियाणा ने हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है। हर घर को नल से जल में भी हरियाणा सबसे आगे है। फिटनेस और खेल हरियाणा की रगों, संस्कारों, मिट्टी में है। खेल के मैदान में हरियाणा तिरंगे की शान बढ़ा रहा है। इसी आधार पर दूसरे राज्यों में भी कम समय में परिणाम हासिल कर रहे हैं। इस मौके पर मां अमृतानंदमयी, स्वामी अमृतास्वरूपानंद पुरी, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुज्जर और उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला तथा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### केंद्र सरकार सर्वदलीय...

भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण और न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ ने चुनाव के दौरान पार्टियों द्वारा मुफ्त उपहार के वादों का विरोध करनेवाली एक याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणियां कीं। शुरुआत में याचिकाकर्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने सुझाव दिया कि पूर्व सीजेआई आरएम लोढ़ा जैसे शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को इस पहलू पर गठित की जाने वाली समिति का अध्यक्ष होना चाहिए।

इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश रमण ने कहा कि जो व्यक्ति सेवानिवृत्त हो जाता है या जो सेवानिवृत्त होने जा रहा है, उसका इस देश में कोई मूल्य नहीं है। यही समस्या है। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि उन्होंने एनजीओ 'सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' की ओर से हस्तक्षेप दर्ज कराया है। भूषण ने तर्क दिया कि तीन तरह के मुफ्त उपहारों को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। वे जो भेदभावपूर्ण हैं या जो मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं, जो सार्वजनिक नीति के खिलाफ हैं, और जो चुनाव से तुरंत पहले शुरू किये गये हैं, जैसे कि चुनाव से छह माह पहले सत्ताधारी दल द्वारा किये गये कार्यक्रम।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## न्यूज गैलरी

### इजरायल, अमेरिका ने पहले साइबर वित्तीय सहयोग समझौते पर किये हस्ताक्षर

**यरुशलेम (एजेंसी)।** इजरायल और अमेरिका ने साइबर-वित्तीय सहयोग के लिए पहले समझौते पर हस्ताक्षर किये। इजरायल के वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को इजरायली मंत्रालय और अमेरिकी ट्रेजरी विभाग द्वारा हस्ताक्षरित समझौता दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों और सहयोग को मजबूत करने में योगदान देगा। समझौते में वित्तीय साइबर सूचनाओं को साझा करना शामिल है, जैसे कि साइबर सुरक्षा, खतरे और वित्तीय प्रणालियों की लचीलापन को मजबूत करने के लिए कार्य पद्धति। बयान में कहा गया है कि दोनों देश संयुक्त सीमा पार साइबर-वित्तीय अभ्यास करने के लिए भी सहमत हैं। पहला अभ्यास इस साल के अंत में होने की उम्मीद है।

### अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में आठ की मौत

**फैजाबाद (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के उत्तरी बदख्शां प्रांत में मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मतीन ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह हादसा यावान जिले में आज दोपहर बाद उस वक्त हुआ, जब एक वाहन में सवार होकर यात्री पर्वतीय रास्ते से अपने यथास्थान पर जा रहे थे, उसी दौरान जरा सी चूक होने पर वाहन पलट गया, जिसमें सवार एक महिला और एक बच्चे सहित आठ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता महमूद शाह रसौली ने कहा कि पश्चिमी हेरात प्रांत के शिदंद जिले में सोमवार देर रात इसी तरह की एक और दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए।

### दिल्ली में लगाये जायेंगे एक हजार चंदन के पेड़

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश से लाए जाने के बाद लुटियंस दिल्ली में चंदन के 1,000 पौधे लगाने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू हो गई है। इसके तहत, प्रथम चरण में लगाए जानेवाले पौधों को किसी तरह का नुकसान या चोरी होने से बचाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। योजना के मुताबिक, चंदन के पौधों को लगाए जाने के बाद सिक्योरिटी गार्ड चौबीसों घंटे इनकी सुरक्षा करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में पहले से ही लोधी गार्डन, बुद्ध पार्क और तालकटोरा गार्डन जैसे पार्क एवं उद्यानों में चंदन के पेड़ हैं लेकिन यह पहला मौका है जब इतने बड़े पैमाने पर चंदन के पौधे लगाए जा रहे हैं। नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद के सदस्य कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि सुरक्षा कारणों के मद्देनजर एनडीएमसी के अधिकार क्षेत्र में आनेवाली आवासीय सोसायटी के पार्क, उद्यानों जैसे स्थानों पर लाल और सफेद चंदन के कुल एक हजार पौधे लगाए जाएंगे।

### सुरक्षा चूक के बाद पीएम का पहला पंजाब दौरा, मोदी बोले -

# 70 साल में 400 मेडिकल कॉलेज बने हमने आठ साल में 200 से ज्यादा बनाये

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** फिरोजपुर में पांच जनवरी को हुई सुरक्षा चूक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पहली बार पंजाब पहुंचे। उन्होंने मोहाली में होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया। उनके साथ पंजाब के गवर्नर बीएल पुरोहित और सीएम भगवंत मान भी मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने अस्पताल परिसर का जायजा लिया। वहां काम करनेवाले डॉक्टरों और स्टाफ से बात कर ग्रुप फोटो खिंचवाई। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का कार्यक्रम देश की बेहतर हो रही स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रतिबिंब है। इस सेंटर से पंजाब और हरियाणा के साथ हिमाचल प्रदेश के लोगों को भी लाभ मिलेगा।

पंजाब स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिवीरों और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत परंपरा की धरती है। पंजाब ने हर घर तिरंगा अभियान के दौरान भी इसे कायम रखा। पीएम ने कहा कि चंडीगढ़ पीजीआई में दूरदराज के इलाकों से लोग कैंसर समेत दूसरी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आते हैं। पीजीआई में भीड़ होने से मरीज और परिजनों को कई परेशानियां होती हैं। हिमाचल के विलासपुर में



एम्स बन गया है। यहां कैंसर के इलाज के लिए बड़ी सुविधा हो गयी है। लंबे समय से देश में हेल्थकेयर के ऐसे सिस्टम की जरूरत थी, जो गरीब से गरीब व्यक्ति की चिंता करे। अच्छे हेल्थकेयर सिस्टम का मतलब सिर्फ चारदीवारी बनाना नहीं है। हेल्थकेयर केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। हेल्थ सेक्टर में जितना काम 7-8 साल में हुआ, उतना पिछले 70 साल में भी नहीं हुआ। 2014 से पहले 400 से भी कम मेडिकल कॉलेज थे। बीते 8 सालों में 200 से ज्यादा मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं। पीएम ने कहा कि 6 मोर्चों पर केंद्र रिकॉर्ड निवेश कर रहा है। पीएम ने कहा कि गांवों में हेल्थ और वेलनेस सेंटर बनाए जा रहे हैं। करीब सवा लाख सेंटर काम करना शुरू कर चुके हैं। पंजाब में भी 3 हजार सेंटर सेवा दे रहे हैं। इनमें 22 करोड़ लोगों की कैंसर से जुड़ी स्क्रीनिंग हो चुकी है। जिनमें से अकेले 60 लाख स्क्रीनिंग पंजाब में हुई है। इससे पहले सीएम भगवंत मान ने 5 जनवरी को फिरोजपुर में हुई पीएम की सुरक्षा चूक पर दुख जताया। सीएम भगवंत मान संबोधन के लिए खड़े हुए तो समर्थकों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। हालांकि मान ने संबोधन जारी रखा। स्टेज पर पीएम के साथ सीएम मान के अलावा गवर्नर बीएल पुरोहित, सीएम भगवंत मान और सांसद मनीष तिवारी भी मौजूद हैं। केंद्र सरकार ने 660 करोड़ की लागत से यह अस्पताल बनवाया है। 300 बेड की क्षमता वाला यह हॉस्पिटल कैंसर के इलाज से जुड़ी मॉडर्न सुविधाओं से लैस होगा।

### सिसोदिया पर पात्रा का हमला, बोले -

## पहले घपला किया और अब इधर-उधर की कर रहे बातें

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) को पंजाब विधानसभा चुनाव में मोटे माल की जरूरत थी, इसलिए दिल्ली सरकार ने आबकारी नीति पर बनाई गई एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को नजरअंदाज किया। भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया कि विशेषज्ञ समिति ने आबकारी नीति में शराब की थोक बिक्री का काम निजी हाथों में ना देने के बजाय सरकार के ही हाथों में रखे जाने की सिफारिश की थी ताकि उसके राजस्व में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि पहले घपला किया, अब इधर-उधर की बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समिति ने यह भी सिफारिश की थी कि शराब की खुदरा ब्रिकी का काम बड़ी कंपनियों को ना देकर लॉटरी



प्रणाली के माध्यम से व्यक्ति विशेष को दिया जाये। पात्रा ने आरोप लगाया कि लेकिन आप सरकार ने इन सिफारिशों को नजरअंदाज किया और थोक बिक्री का काम बड़ी निजी कंपनियों के हाथों में सौंप दिया, वह भी बगैर किसी नीलामी या सार्वजनिक नोटिस के।उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि पंजाब के चुनाव के समय मोटे माल की आवश्यकता थी। जिसने मोटा माल दिया... रिपोर्ट को दरकिनार कर उसे शराब का ठेका सौंप दिया गया।

## महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर भिड़े शिंदे और उद्धव गुट के विधायक

### मॉनसून सत्र के दौरान हंगामा, विपक्ष ने लगाये '50 खोके एकदम ओके' के नारे

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा में मॉनसून सत्र का के पांचवें दिन बुधवार को सत्र की शुरुआत सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच हंगामे से हुई। उद्धव गुट और शिंदे गुट के विधायक आपस में भिड़ गये। दोनों गुटों ने एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की भी की। विधानसभा की सीढ़ियों पर विपक्ष ने सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ नारे लगाए। उद्धव गुट के विधायकों ने शिंदे गुट के लिए '50 खोके... एकदम ओके' का नारा लगाया। इस नारे की आड़ में शिंदे गुट पर 50 करोड़ लेकर बिक जाने का आरोप लगाया गया। महंगाई और किसानों के मुद्दे उठाने और सरकार से जवाब



मांगने के लिए एनसीपी विधायक गाजर लेकर पहुंचे। गाजर को लेकर भी दोनों गुटों के बीच छीनाझपटी शुरू हो गई। दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं ने आगे आकर विधायकों को शांत कराया। इसके बाद ही सदन की कार्रवाई शुरू हो पाई।

#### भाजपा विधायक ने की धर्मांतरण विरोधी कानून बनाने की मांग

**भाजपा** विधायक नितेश राणे ने आज सदन में कहा कि राज्य के अहमदनगर में धर्म परिवर्तन के नाम पर नाबालिग लड़की पर अत्याचार हुआ है। ऐसी घटनाएं राज्य में बढ़ रही हैं। राणे ने कहा कि हिंदू लड़कियों को फंसाने के लिए लड़कों को बाकायदा रेट कार्ड दिया है, जिसके तहत इन लड़कों को पैसे मिलते हैं। राणे का कहना है कि हिंदू लड़कियों को राज्य में टारगेट किया जा रहा है और इसीलिए अन्य राज्यों की तरह महाराष्ट्र में भी धर्मांतरण विरोधी कानून बनाया जाना चाहिए।

## बाढ़ : पाकिस्तान ने अघोषित आपातकाल से निपटने के लिए मांगी सहायता

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने बाढ़ प्रभावित लोगों के राहत एवं पुनर्वास और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की बहाली के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आर्थिक मदद की गुहार लगायी है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक वीडियो संदेश में कहा कि मौजूदा राहत अभियान में 80 अरब रुपये की जरूरत है और नुकसान से उबरने के साथ-साथ पीड़ितों के पुनर्वास के लिए भी सैकड़ों अरबों रुपये की जरूरत है।

पाकिस्तान में जुलाई से अब तक आई भारी बाढ़ में कम से कम 830 लोगों की जान जा चुकी है, ऐसे में सरकार ने मंगलवार को एक अंतर्राष्ट्रीय अपील शुरू करने का फैसला किया जिसमें बाढ़ प्रभावित लोगों के राहत एवं पुनर्वास और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की बहाली के लिए धन की मांग की गई। समाचारपत्र डॉन की बुधवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक यह निर्णय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा पाकिस्तान में बाढ़ आपातकाल पर तत्काल ब्रीफिंग के दौरान किया गया, जिसे बाढ़ से हुए नुकसान का पुनर्मूल्यांकन करने और विकास भागीदारों तथा दानदाताओं को संकट की भयावहता से अवगत कराने के लिए बुलाया गया था। असामान्य मॉनसूनी बारिश के कारण हुई तबाही को कम करने के लिए सहायता के लिए बाहर की ओर देखने के अलावा प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से बाढ़ पीड़ित लोगों की मदद करने की भी अपील की क्योंकि सरकार को बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास के लिए सैकड़ों अरबों रुपयों की आवश्यकता है।

### बलूचिस्तान और सिंध सबसे अधिक प्रभावित प्रांत



बैठक के दौरान योजना मंत्री ने बलूचिस्तान और सिंध की सरकारों से कहा- जो कि दो सबसे अधिक प्रभावित प्रांत हैं - आपदा से निपटने में मदद के लिए औपचारिक रूप से सेना की मांग की जाय। जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने बैठक में बोलते हुए विनाशकारी बाढ़ के मद्देनजर तत्काल मानवीय और बचाव प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने स्वीकार किया कि पाकिस्तान अपने दम पर स्थिति का सामना करने में सक्षम नहीं है। सुश्री रहमान ने कहा कि अभी हम मूसलाधार मॉनसून के सातवें दौर में हैं, जिसमें हजारों लोग बेघर हो गये हैं, 830 लोग मारे गये हैं और 1,348 घायल हो गये हैं। बलूचिस्तान से, मॉनसून प्रणाली सिंध में चली गयी है जहां 30 जिले पानी के नीचे हैं। इसकी भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सिंध में 395 फीसदी से ज्यादा और बलूचिस्तान में 379 फीसदी से ज्यादा बारिश हुई है, जो औसत से ज्यादा है। सीनेटर ने मौजूदा आपदा की तुलना 2010 के भीषण बाढ़ से की, जिसने पाकिस्तान में तबाही मचायी थी और कहा कि सिंध के कम से कम 30 जिले, लगभग पूरा बलूचिस्तान और दक्षिण पंजाब एक अभूतपूर्व मानवीय आपदा का सामना कर रहे हैं।

## वैश्विक सुरक्षा के लिए संवाद और सहयोग अनिवार्य : गुटेरेस

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि विश्व वर्तमान में सर्वाधिक खतरनाक दौर से गुजर रहा है और वैश्विक शांति का एक मात्र रास्ता आपसी संवाद तथा सहयोग है। श्री गुटेरेस परिषद में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा अनुरक्षणः संवाद और सहयोग के माध्यम से सामान्य सुरक्षा को बढ़ावा देना के मुद्दे पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। महासचिव ने कहा कि इस वक्त दुनिया के सामने सबसे अधिक खतरा है। सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संवाद और सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारी सामूहिक सुरक्षा की मांग है कि हम अपने सामने आनेवाले खतरों



और चुनौतियों की एक सामान्य समझ बनाने के लिए हर पल का उपयोग करें। श्री गुटेरेस ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम चुनौतियों के प्रति अपने संयुक्त उत्तरदायित्व को वास्तविकता की धारतल पर साकार करने के लिए प्रयत्नशील रहें। इस बैठक का मुख्य मुद्दा है कि शांति का मार्ग संवाद और सहयोग से बनता है। महासचिव ने कहा कि मैं अभी-अभी यूक्रेन, तुर्की और मोल्दोवा से लौटा हूं। मैंने ब्लैक सी ग्रेन इनिशिएटिव जो यूक्रेनी बंदरगाहों के माध्यम से अनाज और अन्य महत्वपूर्ण खाद्य आपूर्ति को फिर से प्राप्त करने की पहल है, उसका साक्षी बना। हमारे पास रूसी संघ से उत्पन्न होने वाले खाद्य और उर्वरकों के लिए वैश्विक बाजारों तक अबाधित पहुंच की सुविधा के लिए समानांतर में यह एक समझौता है।

## ज्ञानवापी मस्जिद मामले में 12 सितम्बर को तय होगा कि सुनवाई आगे होगी या नहीं

– आरएनएम

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद और श्रृंगार गौरी केस की मेरिट को लेकर चल रही सुनवाई बुधवार 24 अगस्त को पूरी हो गयी। अब 12 सितम्बर को इस पर फैसला आयेगा कि मामले की आगे सुनवाई जारी रहेगी या नहीं। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर वाराणसी के जिला जज की अदालत में केस की मेरिट पर सुनवाई में हिन्दू और मुस्लिम पक्ष की ओर से दलीलें पेश की गयीं। बीते वर्ष सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में श्रृंगार गौरी के दर्शन-पूजन व ज्ञानवापी को सौंपने सम्बंधी मांग को लेकर वादी राखी सिंह सहित पांच महिलाओं ने गुहार लगायी थी। प्रतिवादी अंजुमन इंतजामिया मस्जिद ने प्रार्थना पत्र देकर वाद की पोषणीयता पर सवाल उठाया। अदालत ने प्रतिवादी की अर्जी को दरकिनार करते हुए वादी की मांग पर सुनवाई की। इसके बाद ज्ञानवापी परिसर का सर्वे कराकर रिपोर्ट तलब कर ली। इसके बाद अंजुमन इंतजामिया मस्जिद ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मुस्लिम पक्ष की विशेष अनुमति याचिका पर उच्चतम न्यायालय के आदेश पर जिला जज की अदालत में सुनवाई चल रही है। 26 मई से शुरू सुनवाई में चार तिथि पर अंजुमन इंतजामिया मस्जिद की ओर से सिविल प्रक्रिया संहिता आदेश 07 नियम 11 (मेरिट) के तहत केस को खारिज करके लिए बहस की गयी। इसके बाद हिन्दू पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन व अन्य ने बहस की। मंगलवार को जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में प्रतिवादी अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की ओर से ज्ञानवापी परिसर को वक्फ की संपत्ति बताते हुए पक्ष में पत्रावली भी पेश की गयी। वादी पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के विशेष आग्रह पर सुनवाई बुधवार की सुबह 11.30 से शुरू हुई।

**मुस्लिम पक्ष – केस सुनवाई योग्य नहीं :** मुस्लिम पक्ष यानी अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की पूरी बहस का सार यही रहा कि देश की आजादी के दिन ज्ञानवापी मस्जिद का जो धार्मिक स्वरूप था, वह आज भी कायम है। उसका धार्मिक स्वरूप अब बदला नहीं जा सकता है। ऐसे में श्रृंगार गौरी केस मुकदमा सुनवाई योग्य नहीं है। ज्ञानवापी मस्जिद वक्फ की संपत्ति है। लिहाजा ज्ञानवापी मस्जिद से संबंधित मसले की सुनवाई का अधिकार सिविल कोर्ट को नहीं बल्कि वक्फ बोर्ड को है।

**मस्जिद के पक्ष में पेश किये साक्ष्य :** इससे पहले मंगलवार को प्रतिवादी अधिवक्ता शमीम अहमद ने ज्ञानवापी मस्जिद को वक्फ की संपत्ति साबित करने के लिए संबंधित पत्रावलियां पेश कीं। बताया कि बादशाह आलमगीर ने ज्ञानवापी मस्जिद को दान में दिया था। यह प्रदेश शासन के गजट में सम्पत्ति दर्ज है। इससे साबित होता है कि ज्ञानवापी मस्जिद पुरानी है। 1944 में वाराणसी के तत्कालीन कमिश्नर ने वक्फ संपत्तियों का जो नोटिफिकेशन जारी किया था, उसमें भी ज्ञानवापी मस्जिद है। उन्होंने वर्ष 1995 के वक्फ एक्ट का हवाला दिया कि प्रश्नगत वाद, जो ज्ञानवापी से संबंधित है, वक्फ सम्पत्ति होने के कारण सिविल न्यायालय को सुनने का अधिकार नहीं है। इसके समर्थन में दूसरे अधिवक्ता रईस अहमद ने 1995, 1960, 1936 के सेंट्रल वक्फ एक्ट का हवाला दिया। कहा कि वादी महिलाओं ने अब तक ऐसा साक्ष्य नहीं दाखिल किया है, जिसमें कहा गया हो कि ज्ञानवापी मस्जिद वक्फ की संपत्ति नहीं है। प्रतिवादी अधिवक्ताओं ने कहा कि वादी ने पूजा के अधिकार की जो मांग की है, वह तार्किक नहीं है। मस्जिद वक्फ की संपत्ति पर बनी है। ऐसे में यहां किसी देवता के होने की बात न कही जा सकती है और न ही यहां पूजा की अनुमति दी जा सकती है।

## राजा सिंह के वकील को मिली धमकी, तीन बार यूएई से आया फोन

**हैदराबाद (एजेंसी)।** पैगम्बर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी करनेवाले भाजपा विधायक टी राजा सिंह के वकील को यूएई से धमकी मिली है। सूत्रों के मुताबिक, उनके वकील के पास धमकी भरे तीन कॉल आये हैं। राजा सिंह की विवादित टिप्पणी के बाद पूरे हैदराबाद में जगह-जगह प्रदर्शन जारी हैं। उन्हें मंगलवार सुबह गिरफ्तार किया गया था, लेकिन रात तक उन्हें जमानत मिल गयी। इसके विरोध में रातभर चले प्रदर्शनों में एक सब-इंस्पेक्टर समेत चार लोग घायल हो गये। बड़ी संख्या में मुस्लिम युवाओं ने गोशामहल की तरफ मार्च करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। प्रदर्शन की खबरें



अंबरपेट, तल्लबकट्टा, मोगलपुरा, खिलवत, बहादुरपुरा और चंचलगुडा से आयी हैं। भाजपा ने टी राजा सिंह को पार्टी से निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ आईपीसी की कई धाराओं में केस दर्ज हुआ था। कोर्ट ने पहले उन्हें को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था, लेकिन बाद में कोर्ट ने रिमांड ऑर्डर वापस लेते हुए उन्हें बेल दे दी। टी राजा ने मंगलवार को एक वीडियो जारी कर पैगंबर मोहम्मद के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे मजाक बताया था। बयान के बाद बड़ी संख्या में लोग उनके विरोध में सड़कों पर उतरे थे। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

### भीड़ ने लगाये सिर तन से जुदा के नारे

**टी** राजा के बयान के खिलाफ सोमवार रात से ही हैदराबाद में जगह-जगह प्रदर्शन जारी हैं। नाराज भीड़ ने 'गुस्ताखे नबी की एक ही सजा, सिर तन से जुदा' के नारे लगाते हुए गोशामहल से एमएलए टी राजा की गिरफ्तारी की मांग की थी। प्रदर्शनकारियों ने टी राजा के बयान की तुलना पूर्व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान से की थी। प्रदर्शनकारियों ने दबीरपुरा पुलिस स्टेशन में टी राजा सिंह के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों में से भी कई लोगों को हिरासत में लिया था। हैदराबाद के पुलिस कमिश्नर ऑफिस, डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ऑफिस और पुराने पुलिस कमिश्नर ऑफिस के दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।